**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.3 | 23.4 |
| डालटनगंज | 33.7 | 26.3 |
| धनबाद | 31.9 | 26.4 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



रांची, शुक्रवार 04 जुलाई 2025 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 09, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 87 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12


# रांचीवासियों को रातू रोड फ्लाईओवर की सौगात

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने फीता काट कर किया उद्घाटन

शुभम संदेश। रांची/गढ़वा

झारखंड की राजधानी रांची को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार शाम एक बड़ी सौगात दी. उन्होंने 558 करोड़ रुपए की लागत से बने करीब 4.18 किलोमीटर लंबे रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन किया. इस मौके पर उन्होंने फीता काट कर और जनता को संबोधित कर इस महत्वपूर्ण परियोजना को रांचीवासियों को समर्पित किया.इससे पहले उन्होंने गढ़वा में दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया. इसके बाद उन्हें दोपहर 2:30 बजे गढ़वा से रांची पहुंचना था, लेकिन रांची एयरपोर्ट के एटीसी ने खराब मौसम को देखते हुए उड़ान की अनुमति नहीं दी. जानकारी के मुताबिक मंत्री का हेलीकॉप्टर छोटा और कम पावर वाला था, जो खराब मौसम में उड़ान के लिए उपयुक्त नहीं माना गया. एटीसी किसी भी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहता था. ऐसे में नितिन गडकरी सीधे गढ़वा से हेलीकॉप्टर से गया जी रवाना हो गए. वहां से वह सर्विस प्लेन के जरिए रांची पहुंचे. गडकरी सबसे पहले बिरसा चौक जाकर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इसके बाद वे सीधे रातू रोड पहुंचे और झारखंड के लिए बेहद महत्वपूर्ण इस एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन किया. गडकरी ने कहा कि झारखंड में सड़क परियोजनाओं के माध्यम से विकास को गति दी जा रही है. आने वाले वर्षों में राज्य के सड़क नेटवर्क को और मजबूत करने के लिए कई योजनाएं प्रस्तावित हैं.

**लगे नितिन गडकरी जिंदाबाद के नारे:** इस उद्घाटन के साथ ही रांची वासियों को जाम से मुक्ति तो मिलेगी ही, साथ ही सफर का वक्त भी अब कम होगा. राजभवन के समक्ष शुरू हुई रैम्प से राजमंत्री नितिन गडकरी का काफिला का चक्का ऐलिवेटेड कॉरिडोर पर चला और रांची वासियों ने उनके स्वागत के लिए नितिन गडकरी जिंदाबाद का नारे लगाए. झारखंड की संस्कृति ढोल नगाड़ा झांझ मांदर से भव्य रूप से स्वागत किया गया. मेहमान की तरह उन्हें फूलों की गुलदस्ता और माला पहनाकर सम्मानित किए गए. उनके स्वागत के लिए सांसद संजय सेठ, रांची विधायक सिपी सिंह, हटिया विधानसभा का विधायक नवीन जायसवाल, रांची उपायुक्त समेत पुलिस प्रशासन का फौज शामिल हुए.



### पुरोहितों ने किया विशेष मंत्रोचारण और शंखनाद

ऐलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन के अवसर पर ओटीसी ग्राउंड सभा स्थल पर रांची के सैकड़ों पुरोहित की टीम ऐलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन का गवाह बने. पुरोहितों के विशेष मंत्रोचारण और शंखनाद बजाए गए. ऐलिवेटेड कॉरिडोर का फीता कटते ही रांची के प्रिंट मीडिया,वेब पोर्टल, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक से लेकर ड्रोन कैमरा से भी ऐलिवेटेड कॉरिडोर का कवरेज किया गया.

### क्या है रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर की खासियत

करीब 558 करोड़ से बनकर तैयार हुआ रातु एलेविटेड कॉरिडोर 101 पिलर पर खड़ा है. इसमें तीन रैम्प बनाए गए हैं और फोर लाइन का ऐलिवेटेड कॉरिडोर है. जो ओटीसी ग्राउंड से शुरू होगी. पहला रैम्प और दूसरा रैम्प राजभवन के समक्ष शुरू होकर आईटीआई रोड में खत्म होगा. इसपर साउंडलेस बैरियर लगाए गए हैं. इसके ऐलिवेटेड कॉरिडोर पर वाहनों का साउंड बाहर न जाए. इसके ऐलिवेटेड कॉरिडोर के दोनों ओर शीशा लगाए गए हैं.

- **लंबाई** : 18 किलोमीटर
- **लागत** : 558 करोड़ रुपए
- **फायदा** : रांची के ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी और यातायात सुगम होगा.
- **कनेक्टिविटी** : यह कॉरिडोर शहर के विभिन्न हिस्सों को बेहतर ढंग से जोड़ने में मदद करेगा.

**गढ़वा :** गडकरी ने झारखंड के लिए 2 लाख करोड़ की योजनाओं का किया ऐलान

## गढ़वा को मिली 2,460 करोड़ की एनएच परियोजना

- देश का किसान अब केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि ऊर्जा दाता भी होगा

शुभम संदेश। गढ़वा

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को झारखंड के गढ़वा में दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास और एक का लोकार्पण किया. इन परियोजनाओं की कुल लागत 2,460 करोड़ रुपये है. इनमें टोरी-चंदवा और गढ़वा-अंबिकापुर सड़क को मंजूरी दी गई जबकि गढ़वा बाइपास का लोकार्पण शामिल है. इस दौरान उन्होंने झारखंड में सड़क कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन और उद्योगों के विकास के लिए कई योजनाओं का ऐलान किया. समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री गडकरी ने गढ़वा बाइपास का लोकार्पण करते हुए कहा कि आपको बहुत अच्छी फोरलेन सड़क मिली है. उन्होंने कहा कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति कैनेडी कहते थे कि अच्छे रास्ते होंगे, तो देश समृद्ध होगा. झारखंड खनिजों से भरपूर है. यहां के नौजवानों को काम मिलेगा, तभी विकास संभव है. उन्होंने अपने क्षेत्र की मिसाल देते हुए कहा कि हमारे इलाके में पानी की किल्लत थी, जिससे 10 हजार किसानों ने खुदकुशी की. हमने तालाब बनाकर हालात बदल दिए. मिट्टी को सड़क निर्माण में लगाया. उसी मॉडल को झारखंड में लागू करूंगा. यहां भी 1,000 तालाब बनवाए जाएंगे. उन्होंने झारखंड की तसर साड़ी और स्थानीय कला की भी तारीफ की. उन्होंने कहा कि हम साहिबगंज और गोड्डा भेजकर इन साड़ियों में झारखंडी डिज़ाइन तैयार करवाते हैं. इनकी देशभर में भारी मांग है. यहां कारीगरी और हुनर की कोई कमी नहीं है. जरूरत है तो बस प्रशिक्षण और प्रोत्साहन की.



### टोरी-चंदवा और गढ़वा-अंबिकापुर सड़क को भी मिली मंजूरी

कार्यक्रम के दौरान गडकरी ने टोरी–चंदवा मार्ग और गढ़वा से अंबिकापुर तक फोरलेन सड़क को मंजूरी देते हुए कहा कि यह निर्णय स्थानीय विधायक सत्येंद्र तिवारी और सांसद बीडी राम की मांग पर लिया गया है. उन्होंने कहा कि सांसद बीडी राम के प्रयासों का ही यह परिणाम है कि आज यह सड़क हकीकत में बन रही है. गडकरी ने बताया कि वाराणसी से कोलकाता तक इकोनॉमिक कॉरिडोर पर फोरलेन सड़क का काम भी प्रगति पर है. झारखंड में कुल दो लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं संचालित की जाएंगी. उन्होंने कहा कि देश का किसान अब केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि ऊर्जा दाता भी होगा. झारखंड में धान की पैदावार होती है और पुआल से बायो–सीएनजी बनाई जा सकती है. यह योजना यहां भी शुरू की जा सकती है. उन्होंने झारखंड के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर के इस कथन से सहमति जताई कि चुनाव तक राजनीति हो, उसके बाद विकास की राजनीति होनी चाहिए.

### शिबू सोरेन के स्वस्थ होने की कामना

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और कहा कि हेमंत सोरेन से उनकी बात हुई है, लेकिन वह उपस्थित नहीं हो सके, क्योंकि वे दिल्ली में शिबू सोरेन के साथ हैं. उन्होंने भरोसा दिलाया कि झारखंड में अधूरी कोई योजना नहीं रहेगी. उन्होंने मंच से जय जोहार, जय झारखंड और नमस्कार के साथ अपना भाषण समाप्त किया. इस मौके पर झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, सांसद वीडी राम, चतरा सांसद कालीचरण सिंह, गढवा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी, डालटनगंज के आलोक चौरसिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे.

### केंद्रीय परिवहन मंत्री ने की ये घोषणाएं

- टोरी–चंदवा मार्ग और गढ़वा–अंबिकापुर फोरलेन सड़क : गडकरी ने इन दोनों परियोजनाओं को मंजूरी दी, जो स्थानीय विधायक सत्येंद्र तिवारी और सांसद बीडी राम की मांग पर की गई.
- वाराणसी–कोलकाता इकोनॉमिक कॉरिडोर : इस परियोजना पर फोरलेन सड़क का काम प्रगति पर है, जो झारखंड के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी.
- 2 लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं : गडकरी ने बताया कि झारखंड में कुल 2 लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं संचालित की जाएंगी, जो राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगी.


सत्यमेव जयते
भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय



'नारी शक्ति के लिए नए अवसर'

सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान,
के क्षेत्रीय केंद्र, रांची के उद्घाटन के अवसर पर
समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ

"हमारी माताएं, बहनें, बेटियां, विकसित भारत के संकल्प में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रही हैं। बीते 11 वर्षों में हमारी नारी शक्ति की सफलताएं देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली हैं।"
- श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

रांची केंद्र के खुलने से लाभ:

- देश के पूर्वी क्षेत्र के राज्यों - झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को मिलेगा लाभ और मंत्रालय की प्रमुख योजनाओ की विशिष्ट प्रशिक्षण और अनुसंधान आवश्यकताओं को किया जाएगा पूरा।
- केंद्र द्वारा बाल मार्गदर्शन एवं परामर्श में एडवांस डिप्लोमा पाठ्यक्रम और अग्रिम पंक्ति के कर्मियों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।
- रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

उद्घाटन समारोह

मुख्य अतिथि
श्रीमती अन्नपूर्णा देवी
माननीय केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

गरिमामयी उपस्थिति

श्री संजय सेठ
माननीय राज्य मंत्री, रक्षा मंत्रालय

श्रीमती सावित्री ठाकुर
माननीय राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

श्री नवीन जयसवाल
माननीय विधायक, हटिया

श्री राजेश कच्छप
माननीय विधायक, खिजरी

दिनांक : 4 जुलाई 2025, शुक्रवार
स्थान : सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, झारखंड शहरी नियोजन एवं प्रबंधन संस्थान, एचईसी मुख्यालय के पास, धुर्वा, रांची, झारखंड

CBC 46101/13/0013/2526

# राज्यपाल ने हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से की मुलाकात, रांची के अस्पताल में चल रहा इलाज

शुभम संदेश। रांची

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार गुरुवार को रांची स्थित क्यूरेस्टा अस्पताल पहुंचे और वहां भर्ती पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी ली. राज्यपाल ने चिकित्सकों से विमल लकड़ा के उपचार की प्रगति को लेकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की और उनके शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की. इस दौरान राज्यपाल ने उनकी पत्नी से भी मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि हर संभव मदद होगी.राज्यपाल ने चिकित्सा टीम से कहा कि हॉकी के क्षेत्र में देश और राज्य को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ी के इलाज में किसी भी तरह की कोताही न हो. उन्होंने डॉक्टरों को निर्देश दिया कि इलाज में हर जरूरी कदम शीघ्र और गंभीरता से



उठाया जाए. राज्यपाल ने अस्पताल में विमल लकड़ा के परिजनों से भी बातचीत की और उन्हें ढांढस बंधाते हुए आश्वस्त किया कि राज्य उनके साथ खड़ा है. उन्होंने कहा कि विमल लकड़ा ने हॉकी के क्षेत्र में देश का नाम ऊंचा किया है. आज जब वे कठिन दौर से गुजर रहे हैं तो पूरा झारखंड उनके साथ खड़ा है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहा है.उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे खिलाड़ी राज्य की अमूल्य पूंजी होते हैं, जिनका स्वास्थ्य और सम्मान सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए. विमल लकड़ा के योगदान को याद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने देश के लिए कई प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिससे आज राज्य उन्हें एक आदर्श के रूप में देखता है.

गौरतलब है कि हाल ही में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विमल लकड़ा को सिमडेगा से रेफर कर रांची के क्यूरेस्टा अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जहां उनका इलाज जारी है. उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है. राज्यपाल के दौरे के बाद अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों ने भी कहा कि वे पूरी निष्ठा के साथ उनके इलाज में जुटे हैं और बेहतर से बेहतर इलाज उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं.

## स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल में हॉकी खिलाड़ी विमल का लिया हाल

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने गुरुवार को क्यूरिस्टा अस्पताल में भर्ती राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से अस्पताल पहुंचकर मुलाकात की और हालचाल जाना. अस्पताल में मेडिकल टीम को तत्काल बुलाया। इलाज संबंधित जानकारी ली. डॉक्टरों को निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो. विमल को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा तत्काल उपलब्ध कराई जाए. उन्होंने कहा कि वह पूरे उपचार को निजी रूप से खुद मॉनिटर कर रहे हैं. आवश्यकता पड़ी तो देश-



विदेश के सर्वश्रेष्ठ न्यूरो सर्जनों से विमल का इलाज करवाया जाएगा. मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भी स्पष्ट निर्देश हैं कि इस होनहार खिलाड़ी के इलाज में कोई कमी न रह जाए. राज्य सरकार का पूरा स्वास्थ्य विभाग उनके साथ खड़ा है. हर आवश्यकताओं का ख्याल रखा जा रहा है. मंत्री ने कहा कि विमल लकड़ा केवल एक खिलाड़ी नहीं बल्कि झारखंड और भारत का गौरव हैं. उनके इलाज में किसी भी तरह की कमी नहीं होने दी जाएगी. ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि विमल लकड़ा शीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ हों जाएं. और फिर से मैदान में अपना जलवा दिखाएं.

## झारखंड के 292 पुलिस अधिकारियों को मिली एसीपी एमएसीपी योजना की सौगात



**रांची।** झारखंड पुलिस के 307 अधिकारियों में से 292 को एसीपी (एसोर्ड करियर प्रोग्रेसन) और एमएसीपी (मॉडिफाइड एसोर्ड करियर प्रोग्रेसन) योजना का लाभ दिया गया है. यह फैसला पुलिस मुख्यालय में 13 जून को डीजीपी अनुराग गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड बैठक में लिया गया. जबकि शेष 15 अधिकारियों को विभिन्न कारणों से फिलहाल इस योजना से वंचित रखा गया है. डीजीपी कार्यालय ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि वेतन निर्धारण की प्रक्रिया केवल तभी पूरी की जाएगी जब संबंधित विभाग के आंतरिक वित्तीय सलाहकार (आईएफए) की सहमति प्राप्त हो और पुलिस मुख्यालय से आवश्यक आदेश जारी कर दिए जाएं. एसीपी और एमएसीपी का लाभ जिलों एवं इकाइयों में तैनात पुलिस अधिकारियों को क्षेत्रीय चयन परिषद द्वारा भेजे गए नामांकन के आधार पर दिया गया है. जिन मामलों में अभी तक लाभ लंबित है या किसी अधिकारी को अयोग्य श्रेणी में रखा गया है, वहां संबंधित डीआईजी और एसपी को निर्देश दिया गया है कि वे त्रुटियों को शीघ्र ठीक कर नामांकन संबंधित बोर्ड को उपलब्ध कराएं. पुलिस मुख्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि इस प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की गलती या अनियमितता सामने आती है, तो इसकी सूचना तत्काल दी जाए, ताकि समय रहते सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके. यह कदम राज्य पुलिस कर्मियों के करियर विकास और प्रशासनिक पारदर्शिता की दिशा में एक अहम पहल मानी जा रही है.

### मंईयां सम्मान योजना को किया जा रहा बदनाम

# कौन उड़ा रहा लाभुकों के पैसे!

शुभम संदेश। रांची

नवंबर 2024 में हुए झारखंड विधानसभा के चुनाव परिणाम पर सबसे ज्यादा असर मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का पड़ा. इस बात को सभी राजनीतिक दल मानते हैं. इसी की वजह से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में दोबारा कांग्रेस और राजद की सरकार बन पाई. जबकि गोगो-दीदी योजना के नाम पर 2,100 रु प्रति माह देने का भाजपा का वादा नहीं चल सका. लेकिन आपको जानकर आश्चर्य होगा कि राज्य सरकार की इतनी बड़ी योजना आज भी दलालों की वजह से सुचारु रुप से नहीं चल पा रही है. दलालों की मिलीभगत से लाभुकों के पैसे हड़पे जा रहे हैं. योजना को बदनाम किया जा रहा है. गुमला की तृप्ति देवी की दास्तां सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे.

**किसके खाते में गये तृप्ति देवी के 7,500 रु :** तृप्ति देवी मूल रुप से गुमला की रहने वाली हैं. वर्तमान में रांची के हरमू में पति के साथ रहती हैं. कुछ समय से बहुत परेशान हैं. क्योंकि उनके खाते में मंईया सम्मान योजना के तहत मार्च 2025 में जारी 7,500 रु. आए ही नहीं है. उन्होंने ईटीवी भारत को अपनी पूरी दास्तां सुनाई है. उन्होंने कहा कि दिसंबर 2024 में मंईयां सम्मान योजना के




लिए गुमला में आवेदन दिया था. उनका खाता इंडियन बैंक में है. बैंक का ब्रांच रांची के हरमू में है.26 दिसंबर 2024 को उनके खाते में मंईयां सम्मान योजना के 2,500 रु. आए थे. फिर उन्हें पता चला कि होली से पहले मार्च माह में जनवरी, फरवरी और मार्च माह के एकमुश्त 7,500 रु. ट्रांसफर किये गये. लेकिन उनके खाते में ये पैसा नहीं आया तब से तृप्ति देवी दफ्तरों और बैंकों के चक्कर काट रहीं हैं. उन्होंने बताया कि इस तरह का घालमेल कई महिलाओं का साथ हुआ है. लेकिन पता ही नहीं चल रहा है कि किसके पास जाकर अपनी पीड़ा सुनाई जाए.आश्चर्य की बात है कि इसी बीच 4 जून को उनके खाते में अप्रैल माह का किश्त आ गया. अब सवाल है कि तृप्ति देवी के 7,500 रु. कहां गये. उन्होंने जब कैफे में संपर्क किया था तो वहां से बताया गया कि यह राशि आईसीआईसीआई बैंक के एक खाते में ट्रांसफर हुई है. फिर भागे-भागे रांची के अशोकनगर में मौजूद आईसीआईसीआई ब्रांच पहुंची. वहां सारा डिटेल चेक कर बताया गया कि जिस मोबाइल नंबर का जिक्र है, उस नंबर से कोई अकाउंट है ही नहीं.

### कैफे से मिली पर्ची का डिटेल चौंकाने वाला

कैफे से मिली पर्ची में ट्रांजेक्शन इंफॉर्मेशन तारीख, तृप्ति देवी का आधार नंबर, ट्रांजेक्शन आईडी, बैंक का नाम आईसीआईसीआई लिखा हुआ है. लेकिन फोन नंबर XXXXXXX401 दर्ज है जो तृप्ति देवी का है नहीं है. उनका मोबाइल नंबर है XXXXXXX237. ईटीवी भारत की टीम ने जब ट्रांजेक्शन स्लिप पर दर्ज मोबाइस नंबर XXXXXXX401 पर कॉल किया तो मो. आफताब आलम से बात हुई. उन्होंने बताया कि वे CSC यानी कॉमन सर्विस सेंटर चलाते हैं. पूर्व में सीएससी के पास मंईयां सम्मान योजना का एप्लिकेशन अपलोड करने की सुविधा थी. बाद में घपले की बातें आने पर यह व्यवस्था बंद कर दी गई. उन्होंने बताया कि लाभुक के पास मोबाइल नंबर नहीं रहने पर एजेंट अपना मोबाइल नंबर डालकर ट्रांसेक्शन स्लिप निकाल देते हैं. उन्होंने कहा कि बिना खाता नंबर के डीबीटी कैसे होगा. उनको बताया गया कि आईसीआईसीआई बैंक में तृप्ति देवी के मोबाइल नंबर, पैन नंबर और आधार नंबर से कोई खाता है ही नहीं. अब सवाल है कि इसकी जांच कैसे हो. यह पूछने पर सीएससी चलाने वाले आफताब आलम ने कहा कि अगर तृप्ति ने गुमला से फॉर्म भरा है तो उन्हें वहीं जाकर पूछताछ करना चाहिए.

### बंद लिफाफे खोल रहे अपराध के राज

# गोपनीयता भी और कार्रवाई भी!

शुभम संदेश। रांची

पुलिस तक गुप्त सूचनाएं पहुचाने के लिए आज भी सजग नागरिक पत्र का प्रयोग कर रहे हैं. इन पत्रों के जरिये ड्रग्स तस्करी, जमीन विवाद, हथियार तस्करी और कुछ बड़े मामलों की जानकारी तक पुलिस को मिल रही है. जिसके आधार पर हाल के दिनों में रांची पुलिस ने कई कामयाबी भी हासिल की है.

**एसएसपी के गोपनीय कार्यालय में ज्यादा पत्र:** अपराधियों, ड्रग्स पैडलर्स और जमीन पर कब्जे जैसे कई मामलों की जानकारी रांची के सजग नागरिकों के द्वारा डीआईजी सह एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा को पहुंचाया जा रहा है. इसके लिए आम नागरिक बंद लिफाफे का प्रयोग कर रहे हैं. एसएसपी के गोपनीय और कचहरी स्थित कार्यालय में हर दिन लगभग 15 से 20 गुप्त पत्र आ रहे हैं. जिनमें शहर में चल रहे अवैध धंधे की सूचना सीधे एसएसपी को दी जा रही है. इन पत्रों की संख्या एसएसपी के गोपनीय कार्यालय में ज्यादा आती है.

**गोपनीयता का रखा जा रहा ख्याल:** डीआईजी सह एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा के पास जो भी पत्र बंद लिफाफे में पहुंचते हैं उसे लेकर पूरी गोपनीयता भी बरती जाती है. एसएसपी चदंन कुमार सिन्हा ने बताया कि जो भी पत्र उनके पास आ रहे हैं उसमें दी गई जानकारी को वे खुद देखते हैं. इ पत्रों की गोपनीयता बनी रहे इसके लिए पत्र को गोपनीय कार्यालय में दोबारा टाइप करवाया जाता है ताकि पत्र भेजने वाले की पहचान की भी हाल में उजागर न हो सके.

**हर पत्र की जांच के बाद कार्रवाई :** डीआईजी सह एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पत्र लगातार आ रहे हैं, सभी बंद लिफाफे में ही आ रहे है. हर पत्र की जांच वे अपने स्तर से करवाते हैं. एसएसपी के अनुसार यह एक अच्छी पहल है. इसकी वजह से समाज में हो रहे कई तरह के नए अपराध की भी जानकारी हासिल हो रही है.

**किसी भी फार्मेट में दें सूचना:** इन गुप्त पत्रों के जरिये पूर्व में भी पुलिस के पास सूचनाएं पहुंचती थी, उस समय अन्तर्देशी और पोस्टकार्ड का प्रयोग किया जाता था. लेकिन अब एसएसपी के नाम जो भी पत्र आ रहे हैं उसे बंद लिफाफे के अंदर भेजा जा रहा है जिसके अंदर हाथ से लिखे हुए पत्र रहते हैं. वैसे एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के अनुसार सूचना का माध्यम कोई भी अगर कोई उसे पुलिस तक पहुंचाता है तो उसकी पहचान गुप्त रखी जाएगी.



### कैसे-कैस मामले आ रहे सामने

डीआईजी सह एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि वर्तमान समय में भी पत्र के जरिए रांची के सजग नागरिक सीधे उनसे जुड़े हुए है. इन पत्रों में ड्रग्स तस्करी, जमीन पर कब्जे, अड्डेबाजी और अन्य तरह के गैर-कानूनी कार्यों की जानकारी उन्हे प्राप्त हो रही है. कई बार तो ऐसी जानकारियां भी गोपनीय पत्रों के द्वारा हासिल हुई है जिसकी वजह से पुलिस के कुछ अनसुलझे केस भी सुलझ गए हैं. ड्रग्स तस्करी के खिलाफ सबसे ज्यादा गोपनीय पत्र मिले हैं. इसके आधार पर कार्रवाई भी हुई है जिसमें कई तस्कर पकड़े भी गए हैं. एक पत्र में एक युवती के शोषण की बात भी सामने आई थी जिसे बाद में पुलिस के द्वारा रेस्क्यू भी किया गया.

# राजधानी रांची की जर्जर सड़कों को लेकर हाईकोर्ट सख्त, सरकार से मांगा जवाब

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची की मुख्य सड़कों को छोड़कर अन्य जर्जर सड़कों की मरम्मत को लेकर दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश एसएम रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि रांची की कई सड़कें मामूली बारिश में भी तालाब बन जाती हैं. सेवा सदन के सामने की सड़क और तपोवन मंदिर के पास की सड़क की हालत बरसात में अत्यंत दयनीय हो जाती है. इस कारण नागरिकों को रोजाना जान-माल की खतरे का सामना करना पड़ता है. अदालत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मरम्मत का दावा और जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की रिपोर्ट परस्पर विरोधाभासी हैं. डालसा की रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया है कि जिन सड़कों की बात की गई है, वे अत्यंत खराब स्थिति में हैं और



उनकी शीघ्र मरम्मत अत्यंत आवश्यक है. अदालत ने कहा कि सड़कें बरसात से पूर्व ही मरम्मत की जानी चाहिए ताकि नागरिकों को कठिनाई न हो. यह याचिका शुभम कटारुका द्वारा दायर की गई थी.

**अदालत की टिप्पणी:** अदालत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मरम्मत का दावा और जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की रिपोर्ट परस्पर विरोधाभासी हैं. डालसा की रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया है कि जिन सड़कों की बात की गई है, वे अत्यंत खराब स्थिति में हैं और उनकी शीघ्र मरम्मत अत्यंत आवश्यक है. अदालत ने कहा कि सड़कें बरसात से पूर्व ही मरम्मत की जानी चाहिए ताकि नागरिकों को कठिनाई न हो.

**राज्य सरकार और नगर निगम की स्थिति:** राज्य सरकार ने बताया कि रांची नगर निगम को फंड दे दिया गया है. नगर निगम ने भी स्वीकार किया कि सड़कों की मरम्मत जल्द शुरू की जाएगी. हालांकि अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह कार्य टालमटोल न करते हुए बरसात से पहले हो जाना चाहिए. पूर्व की सुनवाई में सरकार ने पहले यह दावा किया था कि सभी सड़कों की मरम्मत हो चुकी है और फोटो भी प्रस्तुत किए थे. प्रार्थी की ओर से कहा गया कि सरकार ने जिन सड़कों की तस्वीर दिखाई, वह याचिका में उल्लिखित सड़कों से अलग हैं. इसके बाद अदालत ने डालसा को मौके पर जाकर रिपोर्ट देने का आदेश दिया था, जिसके आधार पर याचिकाकर्ता के दावे सही पाए गए.

हाई कोर्ट ने स्पष्ट संकेत दिया है कि सड़कों की मरम्मत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. अदालत ने राज्य सरकार को डालसा की रिपोर्ट पर विस्तृत जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है और सड़क मरम्मत कार्य में तेजी लाने की हिदायत दी है.

## शहर में जाम नालियों और कचरे से बढ़ा संक्रमण का खतरा

**रांची ।** रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता अजय कुमार सिंह ने शहर में नालियों की गंभीर स्थिति को लेकर नगर निगम प्रशासन से त्वरित सफाई अभियान चलाने की मांग की है. उन्होंने कहा कि भारी वर्षा के चलते कई इलाकों में नालियां पूरी तरह जाम हो चुकी हैं और सड़क किनारे कचरे का अंबार जमा है, जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

**वार्ड नंबर 28 का सबसे बुरा हाल:** अजय कुमार सिंह ने विशेष रूप से वार्ड संख्या 28 के कैलाश नगर का उल्लेख करते हुए बताया कि यहां की मुख्य सड़क और आसपास के इलाकों की नालियां जाम हैं, जिससे बारिश का पानी सीधे घरों में घुसने लगा है. इसके अलावा सड़कों पर जमा कचरा और गंदगी से संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा तेजी से बढ़ गया है.

**ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव की भी मांग:** प्रवक्ता अजय कुमार सिंह ने निगम प्रशासन से यह भी आग्रह किया कि प्रभावित इलाकों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव तत्काल करवाया जाए, ताकि गंदगी और संक्रमण पर नियंत्रण पाया जा सके. उन्होंने कहा कि नगर निगम को इस दिशा में युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चलाना चाहिए, जिससे लोगों को राहत मिल सके.

**नगर निगम से त्वरित कार्रवाई की अपील:** कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि यह केवल सफाई का मुद्दा नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य और नागरिक सुविधा से जुड़ा गंभीर मामला है. यदि समय रहते नगर निगम द्वारा कार्रवाई नहीं की गई, तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है.

### झारखंड से गुजरने वाली ट्रेनों के संचालन में बदलाव

# यात्रियों को सावधान रहने की सलाह

शुभम संदेश। रांची

दक्षिण-पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के तहत जरूरी विकास कार्यों के कारण, अगस्त और सितंबर में कुछ ट्रेनों के संचालन में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं. कई ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से रद्द किया गया है, वहीं कुछ ट्रेनों का समय बदला गया है या उनका संचालन आंशिक रूप से होगा. रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे अपनी यात्रा से पहले ट्रेन संचालन की स्थिति की जांच जरूर करें.

**आंशिक परिवर्तन और समापन:** कुछ ट्रेनों में आंशिक परिवर्तन किया गया है, जिसके कारण उनका संचालन कुछ सीमित तारीखों तक होगा:

- गोरखपुर–संभलपुर एक्सप्रेस (15028) : 23, 25, 27, 29 और 31 अगस्त को यह ट्रेन हटिया पर समाप्त होगी और हटिया से संभलपुर के बीच ट्रेन नहीं चलेगी.
- संभलपुर–गोरखपुर एक्सप्रेस (15027) : 24, 26, 28, 30 अगस्त और 1 सितंबर को यह ट्रेन हटिया से शुरू होगी, इस दौरान संबलपुर से हटिया तक ट्रेन का संचालन नहीं होगा.

### कौन सी ट्रेनें होंगी पूरी तरह से रद्द

**रेलवे ने जिन ट्रेनों को पूरी तरह से रद्द किया है, उनकी सूची इस प्रकार है**

- हटिया–झारसुगुड़ा–हटिया मेमू एक्सप्रेस (18175/18176) : 18 अगस्त से 10 सितंबर तक रद्द
- चर्लपल्ली–दरभंगा एक्सप्रेस (17007) : 26 अगस्त और 9 सितंबर को रद्द
- दरभंगा–चर्लपल्ली एक्सप्रेस (17008) : 29 अगस्त और 12 सितंबर को रद्द
- विशाखापट्टनम–बनारस एक्सप्रेस (18523) : 27, 31 अगस्त, 7 और 10 सितंबर को रद्द
- बनारस–विशाखापट्टनम एक्सप्रेस (18524) : 28 अगस्त, 1, 8 और 11 सितंबर को रद्द
- हैदराबाद–रक्सौल एक्सप्रेस (17005) : 28 अगस्त को रद्द
- रक्सौल–हैदराबाद एक्सप्रेस (17006) : 31 अगस्त को रद्द
- चर्लपल्ली–रक्सौल स्पेशल (07051) : 30 अगस्त को रद्द
- रक्सौल–चर्लपल्ली स्पेशल (07052) : 2 सितंबर को रद्द
- चर्लपल्ली–रक्सौल स्पेशल (07005) : 1 सितंबर को रद्द
- रक्सौल–चर्लपल्ली स्पेशल (07006) : 4 सितंबर को रद्द
- जम्मू तवी–संभलपुर एक्सप्रेस (18310) : 7 सितंबर को रद्द
- संभलपुर–जम्मू तवी एक्सप्रेस (18309) : 9 सितंबर को रद्द
- मालदा टाउन–सूरत एक्सप्रेस (13425) : 6 सितंबर को रद्द
- सूरत–मालदा टाउन एक्सप्रेस (13426) : 8 सितंबर को रद्द
- गोरखपुर–संभलपुर एक्सप्रेस (15028) : 8 सितंबर को रद्द
- संभलपुर–गोरखपुर एक्सप्रेस (15027) : 9 सितंबर को रद्द

**प्रस्थान समय में बदलाव:** कुछ ट्रेनों के प्रस्थान समय में भी बदलाव किया गया है. इन ट्रेनों की समय सारणी में होने वाले बदलाव इस प्रकार हैं:

- जम्मू तवी–संभलपुर एक्सप्रेस (18310) : 22, 24, 26 और 28 अगस्त को 3 घंटे की देरी से चलेगी.
- सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरु–हटिया एक्सप्रेस (12836) : 26, 28 अगस्त और 9 सितंबर को यह ट्रेन 6 घंटे देरी से चलेगी.
- हटिया–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस (12812) : 30 अगस्त को यह ट्रेन 3 घंटे देरी से चलेगी.
- संभलपुर–जम्मू तवी एक्सप्रेस (18309) : 2 सितंबर को यह ट्रेन 6 घंटे देरी से प्रस्थान करेगी.
- सूरत–मालदा टाउन एक्सप्रेस (13426) : 1 सितंबर को यह ट्रेन 6 घंटे की देरी से चलेगी.
- हटिया–पुरी तपस्विनी एक्सप्रेस (18451) : 5 सितंबर को यह ट्रेन 1 घंटे की देरी से प्रस्थान करेगी.

### परिवर्तन को समर्थ बनाना | महिला एवं बाल विकास में तकनीकी परिवर्तन का एक दशक

# महिला एवं बाल विकास में एक दशक का परिवर्तन सशक्तिकरण की शुरुआत



अन्नपूर्णा देवी

सशक्तिकरण की असली शुरुआत अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक समुचित पहुँच से होती है. बीते एक दशक में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इस दिशा में डिजिटल परिवर्तन को अपनाकर एक निर्णायक बदलाव लाया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत @2047 के विजन से प्रेरित होकर मंत्रालय ने अपने सभी कार्यक्रमों में तकनीक को व्यवस्थित रूप से एकीकृत किया है. इसका उद्देश्य लाभार्थियों को तेज़, पारदर्शी और कुशल सेवाएं प्रदान करना है.

सशक्त महिलाएं, सशक्त भारतट का मंत्र तभी सार्थक होता है जब महिलाओं और बच्चों तक अधिकारों की पहुँच वास्तविक हो. बीते वर्षों में जो कभी आकांक्षात्मक था, वह अब कार्यान्वित हो चुका है—सरकार द्वारा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, रियल-टाइम डेटा प्रणाली और उत्तरदायी शासन पर जोर दिए जाने के कारण.

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने पोषण, शिक्षा, कानूनी सुरक्षा और आवश्यक सेवाओं तक पहुँच को प्राथमिकता दी है. इसके केंद्र में है सक्षम आंगनवाड़ी पहल, जिसके तहत दो लाख से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों को स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल टूल्स से लैस किया जा रहा है. पोषण ट्रैकर के जरिए अब 14 लाख से अधिक आंगनवाड़ियों की सेवाएं एकीकृत हो चुकी हैं, जिससे डेटा एंट्री, निगरानी और नीतिगत हस्तक्षेप रियल-टाइम में हो पा रहे हैं.

2014 से पहले जहां मैनुअल रिकॉर्डिंग और डेटा में भारी असंगति की स्थिति थी, वहीं अब 10.14 करोड़ लाभार्थियों को पोषण ट्रैकर से जोड़ा जा चुका है, जिसमें गर्भवती महिलाएं, छोटे बच्चे और किशोरियां शामिल हैं. आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन और प्रशिक्षण से सशक्त बनाकर सेवा की गुणवत्ता में सुधार लाया गया है. यह परिवर्तन स्वस्थ और सुपोषित भारत की ओर एक ठोस कदम है.

प्रधानमंत्री पुरस्कार प्राप्त 'पोषण भी पढ़ाई भी' अभियान प्रारंभिक शिक्षा के लिए डिजिटल प्रशिक्षण मॉड्यूल उपलब्ध कराता है. इसके अलावा, एसएनपी में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु फेशियल रिकॉग्निशन तकनीक अपनाई गई है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि लाभ सही लोगों तक पहुंचे.

महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए भी तकनीक का भरपूर उपयोग किया गया है. शी-बॉक्स पोर्टल महिलाओं को पॉश अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज करने का ऑनलाइन मंच देता है. मिशन शक्ति डैशबोर्ड और ऐप संकट में महिलाओं को निकटतम वन स्टॉप सेंटर से जोड़ने का कार्य करता है, जो अब लगभग सभी जिलों में कार्यरत हैं.

मातृत्व लाभ को डिजिटल रूप से ट्रैक करने के लिए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की शुरुआत की गई. इस योजना के तहत पहले बच्चे पर 5000 रुपये और अगर दूसरा बच्चा बेटी हो, तो 6000 रुपये की सहायता प्रदान की जाती है. अब तक 4 करोड़ महिलाओं को 19,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से दी जा चुकी है.

महत्वपूर्ण बात यह है कि इस डिजिटल परिवर्तन के परिणाम अब आंकड़ों में भी दिखने लगे हैं. जन्म के समय लिंगानुपात 2014-15 के 918 से बढ़कर 2023-24 में 930 हो गया है. वहीं, मातृ मृत्यु दर भी घटकर 130 से 97 हो गई है—यह मंत्रालय की प्रतिबद्धता और प्रयासों की सफलता का संकेत है.

बाल संरक्षण के क्षेत्र में भी तकनीक का प्रभाव स्पष्ट है. सीएआरए पोर्टल ने गोद लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाया है. मिशन वात्सल्य डैशबोर्ड विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय को बेहतर बनाता है. एनसीपीसीआर के डिजिटल प्लेटफॉर्म बच्चों के अधिकारों पर सक्रिय निगरानी रखते हैं.

आज भारत शासन और नीति-निर्माण को तकनीक और उद्देश्य से जोड़ते हुए आगे बढ़ रहा है. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बीते दशक में न सिर्फ डिजिटल परिवर्तन को अपनाया है, बल्कि उसे जमीनी स्तर तक सफलतापूर्वक लागू भी किया है.

जैसे-जैसे हम अमृत काल की ओर बढ़ रहे हैं, मंत्रालय का प्रयास रहेगा कि प्रत्येक महिला और बच्चा केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के सक्रिय सहभागी बनें. प्रौद्योगिकी, पारदर्शिता और लक्षित कार्रवाई के माध्यम से हम एक ऐसा भारत बना रहे हैं, जहाँ सशक्तिकरण एक वास्तविकता है, महज नारा नहीं.

**(लेखिका केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं)**

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, शुक्रवार 04 जुलाई 2025 I आषाढ़ शुक्ल पक्ष 09, संवत 2082 I रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 87 I मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12



स्पोर्ट्स

राडुकानु ने पूर्व चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को हराया

स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने ब्रिटेन के ऑली को हराया

विश्व मुक्केबाजी कप में मीनाक्षी व पूजा ने पदक सुनिश्चित किए

टल सकता है टीम इंडिया का बांग्लादेश दौरा, अनुमति का इंतजार

### पिछले तीन वर्षों में झारखंड में इस बार अधिक हो रही बारिश, कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बने

# झारखंड में मानसून पूरी तरह सक्रिय, छह जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी

**शुभम संदेश। रांची**

पिछले तीन वर्षों में इस बार झारखंड में अधिक बारिश हो रही है. इस वर्ष जुलाई के पहले हफ्ते में ही सामान्य से 85 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है. वहीं, पिछले साल सामान्य से महज एक प्रतिशत कम बारिश हुई थी. एक जून से 30 सितंबर तक, राज्य में 1011.6 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। वहीं, वर्ष 2023 में 26 प्रतिशत और वर्ष 2022 में 20 प्रतिशत कम बारिश हुई थी. वर्ष 2024 में राज्य के धनबाद जिले में



अगस्त के महीने में सबसे ज्यादा 621.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई थी. जबकि सामान्य बारिश 308.3 मिमी है. मौसम विभाग ने छह जुलाई तक राज्य के विभिन्न जिलों में बारिश होने की संभावना व्यक्त की है. कहीं-कहीं भारी बारिश होने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है. पिछले 24 घण्टों में राज्य में सबसे अधिक बारिश 59.8 मिमी सिमडेगा जिले के कुरडेग में दर्ज की गई. वहीं इस दौरान रांची में 12.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई. गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री, जमशेदपुर में 30.5, डालटेनगंज में 30, बोकारो में 32.1 और चाईबासा तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया.

इस बीच, झारखंड में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो चुका है और आने वाले दिनों में इसका प्रभाव और भी तेज़ हो सकता है. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राज्य के छह जिलों में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है. प्रभावित जिलों में लोहरदगा, लातेहार, चतरा, रामगढ़, हजारीबाग और कोडरमा शामिल हैं.

**भारी बारिश के साथ वज्रपात का भी अलर्ट**

रांची स्थित मौसम केंद्र के प्रमुख के अनुसार, 3 जुलाई को झारखंड के अधिकांश जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी. वहीं उत्तर-मध्य झारखंड और उससे सटे इलाकों में गर्जन के साथ भारी वर्षा और वज्रपात की संभावना जताई गई है. मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि इस समय मानसून टर्फ लाइन चाईबासा के ऊपर सक्रिय है, जिससे राज्यभर में वर्षा की गतिविधियां तेज हो गई हैं.

**झारखंड में अब तक सामान्य से 85% अधिक बारिश**

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, झारखंड में इस बार अब तक औसत से काफी अधिक वर्षा दर्ज की गई है

- अब तक कुल बारिश: 382.3 मिमी
- सामान्य औसत: 206.5 मिमी
- वृद्धि: 85% अधिक

**सबसे अधिक वर्षा वाले जिले:**

- पूर्वी सिंहभूम: 649.7 मिमी
- रांची: 648.6 मिमी
- सिमडेगा, लातेहार और रामगढ़: 500 मिमी से अधिक वर्षा
- झारखंड में मानसून ने पूरी रफ्तार पकड़ ली है और आने वाले दिनों में बारिश की तीव्रता और बढ़ सकती है. मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है.

## ब्रीफ न्यूज

### लातेहार में नदी में नहाने गयी 4 साल की बच्ची की डूबने से मौत

**लातेहार।** जिले से एक बेहद दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है. डुरुवा पंपकूल इलाके में गुरुवार को औरंगा नदी में नहाने के दौरान 4 साल की मासूम बच्ची की डूबने से मौत हो गयी. बच्ची अपनी बहन और एक दोस्त के साथ नदी नहाने गयी थी, इसी दौरान वह तेज बहाव में बह गयी. घटना गुरुवार सुबह की है. बच्ची अपनी बहन और दोस्त के साथ नदी किनारे नहाने गयी थी. नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चली गयी और तेज धारा में बहने लगी. बच्चों के चिल्लाने की आवाज सुन कर परिजन मौके पर पहुंचे और बच्ची को नदी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी.

### बोकारो में फंदे से लटका मिला महिला का शव

**बोकारो।** फुसरो इलाके में एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है. मामला पेटरवार थाना क्षेत्र के चलकरी उत्तरी पंचायत का है, जहां सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के पास रहने वाले विजय शर्मा की पत्नी ललिता देवी अपने कमरे में मृत पाई गईं. परिजनों का कहना है कि ललिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, लेकिन मृतका के मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है. ललिता के भाई तेज लाल ठाकुर ने ससुराल पक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी बहन की हत्या कर शव को पंखे से लटका दिया गया, ताकि मामला आत्महत्या जैसा दिखे. घटना की जानकारी मिलते ही पेटरवार, कसमार और जरीडीह थानों की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है.

### पारिवारिक विवाद में युवक की हुई मौत

**लोहरदगा।** जिले के अति नक्सल प्रभावित पेशरार थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के दौरान एक युवक की मौत हो गई. मृतक युवक बाइक मिस्त्री का काम करता था. बताया जाता है कि शराब के नशे में धुत युवक की किसी बात को लेकर अपनी मां और बहन से कहासुनी हो गई. विवाद इतना बढ़ गया कि धक्का-मुक्की के दौरान युवक घर के अंदर ही गिर पड़ा, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट लग गई. मौके पर ही युवक की मौत हो गई.

### झारखंड हाईकोर्ट ने शिक्षकों की नियुक्ति के लिए तय की समय सीमा

# सितंबर के अंत तक प्रक्रिया होगी पूरी

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को 26,000 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए समय सीमा का पालन करने का निर्देश दिया है. 1 जुलाई 2025 को अपने तीसरे पूरक हलफनामे में प्रस्तुत प्रगति रिपोर्ट में जेएसएससी ने माना है कि प्रक्रिया कमोबेश पटरी पर है. पूरी प्रक्रिया सितंबर के चौथे सप्ताह तक अलग अलग फेज में पूरी होनी है, जो जेएसएससी द्वारा अप्रैल 2025 में दायर किए गए पहले हलफनामे में घोषित समयसीमा से दो सप्ताह आगे है.हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एस रामचंद्र राव और न्यायाधीश राजेश शंकर की खंडपीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता जॉं द्रेज एवं अन्य की ओर से दायर डब्ल्यू. पी. पीआईएल नंबर.3480/2024 पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है. यह जानकारी याचिकाकर्ता परन अमितावा ने दी है.परन अमितावा ने बताया कि जेएसएससी के मुताबिक ये नियुक्तियां चार श्रेणियों में होंगी. गणित और विज्ञान (5,008 पद); सामाजिक विज्ञान (5,002 पद); भाषा (4,991 पद); और इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षक (11,000). चौथी धारा प्राथमिक विद्यालयों से संबंधित है, अन्य उच्च प्राथमिक विद्यालयों से संबंधित हैं. संशोधित समय-सीमा के अनुसार इन श्रेणियों में सफल उम्मीदवारों की सूची इस प्रकार प्रकाशित की जाएगी:

**गणित और विज्ञान** - जुलाई का दूसरा सप्ताह

**सामाजिक विज्ञान** - जुलाई का चौथा सप्ताह

**भाषा** - अगस्त का तीसरा सप्ताह

**इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षक** - सितंबर का चौथा सप्ताह

गणित और विज्ञान के मसले यह बात सामने आई है कि 5,008 पदों के मुकाबले केवल 2,734 उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के लिए चुना गया है. जेएसएससी के मुताबिक शेष उम्मीदवार पात्र नहीं हैं. इसपर मुख्य न्यायाधीश एम.एस. रामचंद्र राव ने सुझाव दिया कि कमी को एक नई अधिसूचना के आधार पर भरा जाए और इस बीच जेएसएससी को इन 2,734 नियुक्तियों के साथ आगे बढ़ने का निर्देश दिया. सामाजिक विज्ञान के लिए, 5,002 पदों के मुकाबले 5,304 उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के लिए चुना गया है. पहले उल्लेखित पूरक प्रति-शपथपत्र के अनुसार प्रस्तुत दस्तावेजों में दोषों के लिए इन 5,304 शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों में से 800 को शोकॉज़ नोटिस जारी किए गए हैं. भाषा और इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षक स्ट्रीम के लिए लगभग 6,000 और 13,000 उम्मीदवारों को क्रमशः दस्तावेज़ सत्यापन के लिए शॉर्टलिस्ट किए जाने की उम्मीद है. न्यायालय ने जेएसएससी को 15 सितंबर तक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया. मामले की अगली सुनवाई भी 15 सितंबर को होगी.

**हाईकोर्ट ने 11वीं से 13वीं जेपीएससी मुख्य परीक्षा परिणाम को चुनौती देने वाली याचिका की खारिज**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने 11वीं से 13वीं संयुक्त जेपीएससी मेंस परीक्षा के परिणाम को रद्द करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है. यह याचिका प्रार्थी अयूब तिर्की और राजेश कुमार की ओर से दायर की गई थी. सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने अदालत में दलील दी की जेपीएससी ने डिजिटल इवैल्यूएशन कराया, जो परीक्षा नियमों के खिलाफ है. क्षेत्रीय भाषा की कॉपियों की जांच कम अनुभव वाले परीक्षकों से कराई गई, जबकि नियम के अनुसार कम से कम 10 वर्षों का अनुभव रखने वाले परीक्षकों से जांच कराना आवश्यक था. मूल्यांकन प्रक्रिया में कई गंभीर त्रुटियाँ और अनियमितताएं थीं, इसलिए परीक्षा परिणाम को रद्द किया जाए.

जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पीपरवाल ने दलील दी कि याचिकाकर्ता परीक्षा में असफल हुए हैं, इसी कारण अब वे प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं. अगर उन्हें परीक्षा पद्धति से आपत्ति थी, तो उन्हें पूर्व में ही आपत्ति दर्ज करानी चाहिए थी, न कि परिणाम आने के बाद. सभी उम्मीदवारों के लिए एक समान नियम लागू किए गए थे और किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं हुआ है.

**कोर्ट का निर्णय:** अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता की आपत्तियां समयबद्ध नहीं थीं. मूल्यांकन प्रक्रिया में ऐसा कुछ नहीं पाया गया जो परीक्षा परिणाम को रद्द करने योग्य हो. अतः याचिका निराधार है और उसे खारिज किया जाता है.

### साहिबगंज में रेल हादसा: बरहरवा में पत्थर लदी मालगाड़ी की 18 बोगियां पटरी से उतरीं, लाखों का नुकसान

**शुभम संदेश। साहिबगंज**

झारखंड के साहिबगंज जिले में गुरुवार सुबह एक गंभीर रेल हादसा हुआ. बरहरवा रेलवे लोडिंग पॉइंट पर पत्थर से लदी मालगाड़ी अचानक पटरी से उतर गई. हादसे के वक्त ट्रेन में कोई व्यक्ति सवार नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन रेलवे को इस दुर्घटना में भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है. जानकारी के अनुसार, यह घटना सुबह मालदा रेल मंडल के अंतर्गत घटी जब पत्थर लदी मालगाड़ी की लगभग 18 बोगियां पटरी से उतर गईं. इन बोगियों के पटरी से पूरी तरह नीचे गिर जाने से रेल यातायात बाधित हो गया है. हालांकि राहत की बात यह रही कि कोई घायल नहीं हुआ.

हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (अरपीएफ), बरहरवा स्टेशन प्रबंधक और मालदा डीआरएम कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति की जायजा लिया. रेलवे की ओर से हादसे की जांच शुरू कर दी गई है, ताकि हादसे के कारणों का पता लगाया जा सके. घटना में मालगाड़ी की बोगियों और ट्रैक को हुए नुकसान के चलते रेलवे को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है. इसके साथ ही माल की लोडिंग और परिवहन व्यवस्था भी प्रभावित हुई है. वर्तमान में ट्रैक की मरम्मत और रेल सेवा बहाली का कार्य तेजी से किया जा रहा है.



**घटना देख डर गए लोग**



गांव के लोग घटना देखकर डर गए. राहत की बात यह है कि बोगियां बस्ती की ओर गिरने के बावजूद किसी को चोट नहीं आई. बताया जा रहा है कि इस दुर्घटना में रेलवे को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है. कई बोगियां पूरी तरह से टूट गई हैं और माल भी बिखर गया है.

**जान-माल का नुकसान नहीं :** बताया जा रहा है कि मालदा रेल मंडल के कोई बड़े अधिकारी मौके पर पहुंच गए और राहत कार्य जारी है. वहीं अधिकारियों को देर से पहुंचने से लोगों में रोष है. लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी दुर्घटना के बावजूद रेलवे प्रशासन की देरी चिंता का विषय है. लोगों ने कहा कि भगवान का शुक्र है कि कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ. लेकिन रेलवे को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए.

## पलामू में पति ने पत्नी को टांगी से काट डाला, आरोपी गिरफ्तार

**शुभम संदेश। मेदिनीनगर**

जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर पंचायत के महुआरी गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को टांगी से काट डाला. इस घटना में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है. वहीं, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया.

दरअसल, बुधवार की शाम नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के महुआरी गांव में बसंत भुईयां और उसकी पत्नी के बीच विवाद हुआ था. इसी विवाद में बसंत ने अपनी पत्नी को टांगी से काट डाला. घटना के बाद परिजन एवं ग्रामीणों ने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी. घटना की सूचना पाकर नौडीहा बाजार थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके में छापेमारी कर हत्यारोपी पति बसंत भुईयां को गिरफ्तार कर लिया. घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन एवं रिश्तेदार भी मौके पर पहुंचे.

नौडीहा बाजार के थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है. पूरे मामले में पूछताछ की जा रही है. उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान प्रारंभिक जानकारी निकलकर सामने आई है कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था. इसी विवाद में हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है.

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अन्य बिंदुओं पर भी अनुसंधान किया जा रहा है. यह घटना बुधवार देर शाम की है. स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पति और पत्नी के बीच पिछले तीन दिनों से विवाद चल रहा था. बुधवार को बसंत शराब के नशे में घर पहुंचा था, जिसके बाद दोनों के बीच विवाद बढ़ गया था.

## अलग-अलग सड़क हादसों में एक की मौत, तीन घायल

**शुभम संदेश। कोडरमा**

जिले में बुधवार रात से गुरुवार की सुबह तक तीन अलग सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई. जबकि तीन लोग घायल हो गए. कोडरमा थाना क्षेत्र के कोडरमा घाटी में गुरुवार की सुबह कोडरमा से बिहार की ओर जा रही ऐश लोड एक हाईवा पलट गई. इससे हाईवा चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. मृतक की पहचान नालंदा (बिहार) निवासी 35 वर्षीय मुकेश यादव (पिता बच्चू यादव) के रूप में हुई है. थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया कि उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि कोडरमा घाटी में एक हाईवा पलट गई और ड्राइवर की मौत हो चुकी है. इसके बाद पुलिस को घटनास्थल पर भेज कर मृतक चालक के शव को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया. सूचना मिल रही है कि उक्त हाईवा का ब्रेक फेल हो जाने के कारण वह सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई.

वहीं, तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत महाराणा प्रताप चौक और गुमो सतपुलिया के समीप दो अलग-अलग सड़क हादसे में कार-सवार बाल-बाल बच गए. बुधवार रात महाराणा प्रताप चौक पर एक भयानक सड़क हादसा हुआ. वहीं गुरुवार की अहले सुबह तिलैया थाना क्षेत्र के गुमो के समीप भी सड़क हादसा हुआ. दोनों घटना सड़क पर विचरने वाले पशु की वजह से हुई है. महाराणा प्रताप चौक पर हुई घटना की जानकारी देते हुए कार सवार किशोर अग्रवाल ने बताया कि वे झुमरीतिलैया के जवाहर मार्केट की ओर से दूध लेकर अपनी बेटी के साथ अपने कार से झलपो स्थित अपने घर लौट रहे थे. इसी बीच महाराणा प्रताप चौक के समीप एनएच 20 पर कुछ गौ वंश अचानक से कार के सामने आ गए. जिससे बचने के लिए जब उन्होंने ब्रेक लगानी चाही तो कार गौ वंशों से जा टकराई और 3-4 बार पलटी मार कर सड़क किनारे बने डिवाइडर से टकरा गई.

### पलामू में स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में तीन की मौत, 3 घायल

**मेदिनीनगर।** पलामू के सदर थाना क्षेत्र के सिंगर खुर्द में बुधवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसा हुआ. नेशनल हाइवे 39 पर एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गयी. टक्कर के बाद स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई. हादसे में 3 युवकों की मौत हो गयी, जबकि 3 अन्य घायल हो गए. बुधवार शाम एक स्कॉर्पियो पड़वा इलाके से मेदिनीनगर की ओर जा रही थी. इस दौरान सिंगरा खुर्द में दरहा बाबा के पास सामने से आ रही एक बाइक से उसकी टक्कर हो गयी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो सड़क किनारे पेड़ से भिड़ गयी. हादसे में बाइक सवार विजय यादव की मौके पर ही मौक हो गयी. वहीं स्कॉर्पियो में सवार सोनू कुमार की भी घटनास्थल पर जान चली गयी. स्वास्तिक नामक एक अन्य युवक को गंभीर हालत में रिम्स रांची रेफर किया गया था, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गयी.

### सारंडा के जंगल में घायल हाथी की तलाश तेज

## आईईडी ब्लास्ट से घायल होने की आशंका

**शुभम संदेश। चाईबासा**

जिले के झारखंड-ओड़िशा सीमावर्ती सारंडा के घने जंगलों में एक छह साल के जंगली हाथी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना ने वन विभाग को अलर्ट कर दिया है. बताया जा रहा है कि हाथी का पिछला बायां पैर बुरी तरह जख्मी है और उसका पैर काफी सूज गया है. घटना 24 से 26 जून के बीच की बताई जा रही है. घायल हाथी को पहली और आखिरी बार 27 जून को सारंडा के दीघा जंगल में ड्रोन की मदद से देखा गया था. इसके बाद से ही वन विभाग की टीमें उसे खोजने और रेस्क्यू करने में जुटी हुई हैं, लेकिन अब तक उसका पता नहीं चल पाया है.

वहीं स्थानीय लोगों ने संदेह व्यक्त किया है कि नक्सलियों की ओर से जंगल में लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से हांथी घायल हुआ है. लेकिन वन विभाग के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है. स्थानीय लोगों के अनुसार यह गुडरू हाथी है, जिसे जंगल के पानी में खड़े होकर अपने घाव पर पानी का फव्वारा मारते हुए देखा गया था. हाथी के घायल होने की जानकारी मिलते ही समता, सासंगदा, गुआ, कोयना और आनंदपुर वन रेंज की टीमें, साथ ही ओड़िशा के बिश्रा वन रेंज की टीम और ओड़िशा की वेटनरी टीम भी उसे खोजने में लगी हुई हैं. सभी टीमें लगातार अलग-अलग इलाकों में उसकी तलाश कर रही हैं ताकि उसे सुरक्षित रेस्क्यू कर उपचार कराया जा सके. इस संबंध में गुरुवार को समता वन क्षेत्र के वनक्षेत्र पदाधिकारी शंकर भगत ने बताया कि हाथी के घायल होने की सूचना मिली है. हालांकि, हाथी आईईडी से घायल हुआ है या नहीं, इसकी कोई जानकारी नहीं है. फिलहाल वन विभाग की टीम हाथी को खोजने में लगी हुई है. ताकि, उसका जल्द से जल्द इलाज किया जा सके. वन विभाग को उम्मीद है कि घायल हाथी जल्द ही उनकी टीमों के संपर्क में आएगा और उसका समुचित इलाज शुरू किया जा सकेगा.

**महंगाई** — 4 सौ रुपए किलो धनिया और 2 सौ रुपये बिक रही है बींस

# बारिश आते ही आसमान पर पहुंचे हरी सब्जियों के दाम

**शुभम संदेश। रांची**

राजधानी समेत झारखंड में झमाझम बारिश की वजह से सब्जियों की कीमत आसमान छू रही है. सब्जियों की बढ़ती कीमतों की वजह से निचला मध्यम वर्ग और मध्यम वर्ग की थाली से हरी सब्जियां गायब हो गई हैं. आज से ठीक एक पखवाड़े पहले जिन सब्जियों की कीमत 15 से 20 रुपये किलो थी आज वह बाजार में 60 से 80 रुपये किलो तक बिक रही है. रांची के हरमू सब्जी बाजार में तोरई जिसे नेनुआ भी कहा जाता है वह 100 रुपये प्रति किलो बिक रहा है. धनिया पत्ता 400 रुपये किलो बिक रहा है. एक पखवाड़े पहले तक टमाटर 15 से 20 रुपये किलो बिक रहा था आज वह 80 रुपये किलो बिक रहा है. सब्जियों की बढ़ी हुई कीमतों पर एक नजर डालते हैं.

| सब्जियों के नाम | नई कीमत (प्रति किलो) |
|---|---|
| बींस | 200 |
| नेनुआ | 100 |
| सहजन | 200 |
| धनिया | 400 |
| ओल | 100 |
| गोभी | 100 |
| खेक्सा | 120 |
| टमाटर | 80 |
| बोदी | 80 |
| खीरा | 60 |

**बारिश की वजह से खेत की सब्जियां बर्बाद! आवक पर** व्यापक असर : सब्जियों की बढ़ी कीमत को लेकर ईटीवी भारत ने जब हरमू,अरगोड़ा, चापुटोली सब्जी बाजार में सब्जी बेच रहे विक्रेताओं से बात की तो उन्होंने बताया कि 'सब्जियां इसलिए महंगी हुई हैं क्योंकि सब्जियों की आवक कम हुई है. जो सब्जियां थोक बाजार में 10 से 15 रुपये किलो मिल जाती थी वह आज थोक बाजार में 50 से 80 रुपये किलो में मिल रही है. ऐसे में दाम बढ़ना स्वाभाविक है. सब्जी विक्रेताओं ने कहा कि सब्जियां महंगी होने से बिक्री घटी है, जिसका नुकसान विक्रेताओं को भी हो रही है.

**किलो की जगह पाव में खरीद रहे हैं सब्जी: खरीदार**

हरमू में सब्जी ख़रीदने आई शांति कच्छप और परीक्षित ने बताया कि सब्जियों की कीमत बेतहाशा बढ़ी है. समझ में नहीं आ रहा है कि क्या खरीदें क्या नहीं? सब्जी खरीदने वालों ने कहा कि महंगाई की वजह से जो सब्जी किलो में लेते थे उसे अब 'पाव' में ले रहे हैं. ग्राहक परीक्षित ने कहा कि वह झोला लेकर आये थे लेकिन अब सब्जी खरीदने की हिम्मत नहीं हो रही है.

**व्यापक असर :** सब्जियों की बढ़ी कीमत को लेकर ईटीवी भारत ने जब हरमू,अरगोड़ा, चापुटोली सब्जी बाजार में सब्जी बेच रहे

**सामान्य से 84% अधिक बारिश, खेतों में भरा पानी**

झारखंड में लगातार बारिश की वजह से कई जिलों में जनजीवन अस्त व्यस्त है. कई जगहों पर सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई है. रांची में सामान्य से 213% अधिक वर्षा हुई है. लातेहार में सामान्य से 193%, पूर्वी सिंहभूम में सामान्य से 168%, रामगढ़ में सामान्य से 158%, सरायकेला खरसावां में सामान्य से 152%, चतरा में सामान्य से 132%, पलामू में सामान्य से 124% अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई है. इसी तरह और भी कई ऐसे जिले हैं जहां सामान्य से अधिक बारिश हुई है. लगातार हो रही वर्षा की वजह से खेतों में लगी सब्जियों को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे बाजार में आवक कम है.

### गिरिडीह पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 4 साइबर ठग गिरफ्तार

# दिल्ली जल बोर्ड के नाम पर करते थे ठगी

**शुभम संदेश। गिरिडीह**



जिले में साइबर अपराध पर लगाम कसने की दिशा में गिरिडीह पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है. अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के बुधुडीह बाजार और गिरिडीह बस स्टैंड के पास झिंझरी मोहल्ला में छापेमारी कर पुलिस ने 4 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. इस कार्रवाई से इलाके में साइबर ठगी के खिलाफ एक सख्त संदेश गया है. मंगलवार को प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली कि कुछ लोग मोबाइल फोन के जरिए आम नागरिकों से ठगी कर रहे हैं. सूचना मिलते ही एसपी के निर्देश पर साइबर डीएसपी आबिद खां के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 अलग-अलग स्थानों से 4 साइबर अपराधियों को धर दबोचा. गुरुवार को आयोजित चारों ने स्वीकार किया कि वे फर्जी एपीके फाइल्स भेजकर लोगों को विभिन्न बहानों जैसे केवाईसी अपडेट, आधार अपडेट, कूरियर सर्विस और दिल्ली जल बोर्ड के नाम पर ठगते थे. इस मामले में साइबर थाना में कांड संख्या 26/2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और आगे की कार्रवाई जारी है. डीएसपी ने बताया कि छोटे मंडल के खिलाफ पहले से ही देवघर साइबर थाना में मामला दर्ज है, और उसके विरुद्ध तेलंगाना-हैदराबाद में साइबर ठगी के 65 से अधिक केस लंबित हैं. वहीं दीपक मंडल के खिलाफ अहिल्यापुर थाना में तथा श्रवण राय पर गिरिडीह साइबर थाना में पहले से मामले दर्ज हैं. डीएसपी आबिद ने कहा कि गिरिडीह पुलिस साइबर अपराध के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही है.

# पिता की सेवा के साथ साथ दिल्ली से ही सरकारी काम निबटा रहे हेमंत सोरेन

**शुभम संदेश। रांची**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली में ही जमे हैं. वहां वह गंगाराम अस्पताल में भर्ती पिता शिबू सोरेन की सेवा और चिकित्सा विकल्पों पर चिकित्सकों से लगातार बातचीत कर रहे हैं. चिकित्सकों की सलाह ले रहे हैं. मालूम हो कि रुटीन चेकअप के लिए दिल्ली गए शिबू सोरेन की तबीयत अचानक बिगड़ गयी थी. इसकी जानकारी मिलने के बाद हेमंत सोरेन 24 जून को आनन-फानन में दिल्ली गए थे. उस दिन से वह दिल्ली में ही रुके हुए हैं. सरकारी कामकाज को वहीं से निबटा रहे हैं.

आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि अति आवश्यक संचिकाओं को सीएम की स्वीकृति के लिए दिल्ली भेजा जा रहा है. वहीं से वह अपने मुख्यमंत्री पद के दायित्वों को निभा रहे हैं. साथ ही पूरे प्रदेश पर दिल्ली से नजर रख रहे हैं. सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री के अभी कुछ और दिन दिल्ली में ठहरने की संभावना है. गुरुजी के स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार तक वह दिल्ली में रह कर पिता की सेवा में लगे रहेंगे. मालूम हो कि मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन भी दिल्ली में ही हैं. पति-पत्नी मिल कर दिशोम गुरु के हर जरूरत को पूरी करने में लगे हैं.

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्थिति में सुधार के संकेत

# झामुमो प्रवक्ता ने कहा- दवा और दुआ दोनों का असर

**शुभम संदेश। रांची/नयी दिल्ली**

दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में 19 जून से भर्ती झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद और हेमंत सरकार के कॉर्डिनेशन कमेटी के चेयरमैन दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य में सुधार के संकेत मिले हैं. झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता और केंद्रीय समिति सदस्य मनोज पांडेय ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि दवाओं के साथ- साथ राज्य भर में उनकी कुशलता के लिए हो रही प्रार्थना और दुआओं का असर हो रहा है. मनोज पांडेय ने कहा कि समस्त राज्यवासियों को उम्मीद है



फाईल फोटो

कि शीघ्र ही दिशोम गुरु शिबू सोरेन स्वस्थ होकर रांची आएंगे.

**लगातार जारी है पूजा अर्चना का दौर :** गुरुजी के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए पूजा अर्चना का दौर अभी भी जारी है. मंदिर, मस्जिद, दरगाह, गुरुद्वारा और सरना स्थल पर पूजा अर्चना का दौर जारी है. बता दें कि शिबू सोरेन 19 जून से दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उनका इलाज अस्पताल के नेफ्रोलॉजी विभाग के हेड डॉ. ए.के. भल्ला के नेतृत्व में चल रहा है. विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम 81 वर्षीय शिबू सोरेन की देखभाल कर रही है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, पूर्व मंत्री बसंत सोरेन सहित कई लोग अभी भी दिल्ली में ही बने हुए हैं.

## जायसवाल, कलवार, ब्याहुत, भगत जातियों को ओबीसी में शामिल करने की मांग

**रांची।** अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुनील जायसवाल ने झारखंड स्टेट गेस्ट हाउस में आयोजित राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की जनसुनवाई में जायसवाल, कलवार, ब्याहुत और भगत जातियों को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने की मांग प्रमुखता से उठाई. सुनील जायसवाल ने आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर के समक्ष कहा कि इन जातियों को हाल ही में राष्ट्रीय अति पिछड़ा वर्ग की सूची से बाहर कर दिया गया है, जिससे केंद्र स्तर पर नियोजन, दाखिला और अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है. यह न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि समाज के साथ भेदभाव भी है. उन्होंने बताया कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की सूची में इन जातियों के नाम दर्ज हैं, इसलिए केंद्र सरकार की सूची में भी इन्हें शामिल किया जाना चाहिए.

# हूल दिवस पर भोगनाडीह में हुई घटना भाजपा की सोची समझी साजिशः झामुमो



**शुभम संदेश। रांची/साहिबगंज**

झामुमो नेता ने साहिबगंज के हिल व्यू होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि हूल दिवस के मौके पर शहीद सिदो - कान्हू जन्मस्थली बरहेट के भोगनाडीह हुई घटना भाजपा की सोची समझी एक साजिश थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता राजाराम मरांडी एवं बोरियो विधानसभा सीट से झामुमो विधायक धनंजय सोरेन ने एक स्वर में कहा कि हूल दिवस के मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हत्या करवाने का प्लान था, इसका खुलासा गोड्डा में गोड्डा पुलिस के द्वारा पकड़े गए दो उपद्रवी तत्वों से हुआ है. कुछ समय पूर्व हूल फाउंडेशन एवं माझी परगना की बैठक हुई थी। बैठक के बाद भाजपा के चंपई सोरेन ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा था कि हूल दिवस पर एक और हूल की शुरुआत होगी, इससे क्या समझ जाएगा? कहा गया कि हूल दिवस को प्रभावित करने के लिए भाजपा काफी दिनों से प्लान कर रही थी. 20 दिन पूर्व राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास इसी प्लान के तहत पहुंचे थे. उन्होंने कहा कि इस घृणित कार्य को करवाने के लिए भाजपा ने बरहेट बोरिया और दुमका के कई क्षेत्रों में प्रधानों और आदिवासियों को पैसा और कपड़े भी देने का कार्य किया. झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने कहा कि मंडल मुर्मू शहीद सिदो कान्हू के वंशज जरूर है, लेकिन वह एक भाजपा नेता भी हैं. कहा कि हूल दिवस के मौके पर भोगनाडीह में आयोजित सरकारी कार्यक्रम के दौरान मंच पर मंगल गुरु को छोड़ कर शहीद सिदो कान्हू के सभी वंशज मौजूद थे जिन्हें सरकार की ओर से सम्मानित भी किया गया. आरोप लगाते हुए कहा गया कि भाजपा कभी धर्म और जात के नाम पर तो कभी मंदिर- मस्जिद के नाम पर ओछी राजनीति करती रही है. कहा जाए तो बीजेपी अंग्रेजों का पार्ट 2 है.

## सामाजिक कार्यकर्ताओं व जनजातीय संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

# कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के जाति प्रमाण पत्र रद्द करने की डीसी से मांग

**शुभम संदेश। रांची**

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के विरुद्ध जाति प्रमाण पत्र निरस्त करने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं व जनजातीय संगठनों ने रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में कहा गया है कि मंत्री ने ईसाई धर्म अपनाने के बावजूद 2 मई 2022 को जारी जाति प्रमाण पत्र (क्रमांक जेएचसीएसटी /2022/187696) अनुचित लाभ उठाने के उद्देश्य से प्राप्त किया है.

**पहले भी भेजी जा चुकी हैं शिकायतें:** जनवरी 2025 में भी इसी मुद्दे पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, जनजाति आयोग और अन्य संबंधित विभागों को पत्र लिख कर धर्मांतरित ईसाइयों और मुस्लिमों के जाति प्रमाण पत्र रद्द करने की मांग की जा चुकी है.

**विधायकों पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी:** जनजाति सुरक्षा मंच के मीडिया प्रभारी सोमा उरांव ने कहा कि वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में आरक्षित सीटों से निर्वाचित धर्मांतरित ईसाई विधायकों के खिलाफ भी संगठन शीघ्र न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगा.

**ज्ञापन सौंपने वालों में शामिल रहे:** मेघा उरांव, संदीप उरांव, सोमा उरांव, जगन्नाथ भगत, विशु उरांव, राजू उरांव, सनी उरांव टोप्पो समेत अन्य सामाजिक कार्यकर्ता.



### सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बनाया आधार

ज्ञापनकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया वाद संख्या 13086/2024 (सी. सेल्वा रानी बनाम विशेष सचिव सह जिला कलेक्टर) का हवाला देते हुए कहा कि ईसाई धर्म में जाति व्यवस्था को मान्यता नहीं है और सभी ईसाई समकक्ष माने जाते हैं. ऐसे में धर्म परिवर्तन को जाति से निष्कासन की तरह देखा जाना चाहिए. ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि इस स्थिति में आरक्षण का लाभ लेना संवैधानिक धोखाधड़ी है.

### राष्ट्रपति आदेश व केंद्रीय मंत्री का बयान भी पेश

सामाजिक कार्यकर्ता मेघा उरांव ने कहा कि संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश, 1950 की धारा 341 और लोकसभा में केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के उत्तर से स्पष्ट है कि अनुसूचित जाति/जनजाति आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं लोगों को दिया जा सकता है, जो हिंदू या संबंधित धर्मों से संबंध रखते हैं. धर्मांतरण के बाद यह लाभ नहीं मिलना चाहिए.

## एक नजर

### जेसीआई रांची को सर्वश्रेष्ठ शाखा व अध्यक्ष प्रतीक जैन को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का पुरस्कार



**रांची।** जेसीआई रांची, जेसीआई इंडिया के मंडल 3 की सबसे बड़ी शाखा है. पहली बार जेसीआई रांची ने मंडल के कार्यक्रम मिडकॉन की मेजबानी जोहार मिडकॉन 2025 के नाम स्वरूप की. इस कार्यक्रम में मंडल 3 के सभी जेसीआई शाखाओं ने भाग लेते हुए 165 लोग शामिल हुए जिसमें बीते 6 माह के उपलब्धियों पर शाखाओं को पुरस्कृत किया गया. इस बार जेसीआई रांची को कुल 22 पुरस्कारों से सम्मानित किया गया व जेसीआई रांची के अध्यक्ष जेसी प्रतीक जैन को बेस्ट अध्यक्ष मंडल 3 रीज़न ए से सम्मानित किया गया व जेसीआई रांची को बेस्ट शाखा के खिताब से नवाजा गया. कार्यक्रम के उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि रहे राजीव रंजन प्रसाद, अध्यक्ष झारखंड गौशाला न्यास बोर्ड व कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि रहे झारखंड के पूर्व इंडियन क्रिकेट टीम के बल्लेबाज श्री सौरभ तिवारी. इस कार्यक्रम के संचालक जेसी सिद्धार्थ जयसवाल व प्रशांत पाटोदिया ने कॉन्फ्रेंस एडवाइजर पूर्व मंडल अध्यक्ष जेसी अभिषेक केडिया व जेसी संजय जैन और जेसी राजीव रंजन के नेतृत्व में सफलता पूर्वक संचालन किया. जेसी ऋषभ जैन, ऋषभ अग्रवाल, तपिश केडिया, ऋषभ जालान, किशन अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, रौनक सिंह व सचिव सन्नी केडिया ने कार्यक्रम के संचालन में साथ निभाया.

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में झारखंड को मिला नया आयाम : अजय राय



रांची। सामाजिक कार्यकर्ता अजय राय ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की ओर से रांची के रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर और गढ़वा स्थित रेहला फोरलेन सड़क परियोजनाओं की सौगात दिए जाने का स्वागत किया है. गुरुवार को प्रेस रिलीज जारी कर उन्होंने कहा कि यह सिर्फ सड़क निर्माण नहीं, बल्कि झारखंड के भविष्य की दिशा में रखा गया मजबूत आधार है. उन्होंने कहा कि यह झारखंड के बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में जिस गति से इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हो रहा है. उसका प्रभाव झारखंड में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है. एम्स जैसे संस्थानों की स्थापना, सड़कों का जाल, रेलवे और संचार सुविधाओं का विस्तार, ये सभी योजनाएं झारखंड के विकास को एक नई ऊंचाई तक ले जा रही हैं. राय ने कहा कि झारखंड की जनता लंबे समय से बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधाओं की अपेक्षा कर रही थी, जिसे मोदी सरकार ने प्राथमिकता देते हुए साकार किया है. नितिन गडकरी की ओर से दिए गए उक्त दोनों परियोजनाएं राज्य की आर्थिक गतिविधियों को भी गति देंगी. रोजगार के नए अवसर सृजित करेंगे.

### झारखंड कैडर के आईपीएस के लिए रेलवे में डायरेक्टर विजिलेंस बनने का अवसर

**रांची।** झारखंड कैडर के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर सामने आया है. उन्हें रेलवे में डायरेक्टर विजिलेंस (पुलिस) के पद पर काम करने का मौका मिल रहा है. इस संबंध में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड के मुख्य सचिव को एक पत्र के माध्यम से सूचित किया है. गृह मंत्रालय ने पत्र में बताया है कि यह पद प्रतिनियुक्ति के आधार पर है और इसका वेतन मैट्रिक्स में लेवल-13ए निर्धारित किया गया है.पहले इस पद के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 25 जुलाई कर दिया गया है. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार से अनुरोध किया है कि वे इस रिक्ति के बारे में सभी संबंधित आईपीएस अधिकारियों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करें.योग्य और इच्छुक आईपीएस अधिकारी अपने नामांकन गृह मंत्रालय को भेज सकते हैं.यह झारखंड के उन आईपीएस अधिकारियों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर है जो केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रेलवे में अपनी सेवाएं देना चाहते हैं

### भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का परिचालन 27 से

**रांची।** भारतीय रेलवे की सहायक कंपनी इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) 27 जुलाई से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन शुरू करने जा रहा है. यह ट्रेन भागलपुर से खुलेगी, जो जसीडीह, मधुपुर, सुजलपुर, बराकार, धनबाद, बोकारो स्टील सिटी, मुरी, रांची, राउरकेला, झारसुगुड़ा, चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग स्टेशन होते हुए दक्षिण भारत जाएगी. भारत गौरव पर्यटक ट्रेन के माध्यम से रेलवे अपने पर्यटकों को तिरुपति बालाजी, रामेश्वरम (ज्योतिर्लिंग), मदुरै, कन्याकुमारी, मल्लिकार्जुन (ज्योतिर्लिंग) सहित अन्य धार्मिक स्थलों का दर्शन करायेगा. इस दौरान यात्रा की अवधि 11 रात और 12 दिन की होगी. इसके लिए प्रति व्यक्ति 22,760 (स्लीपर इकोनॉमी श्रेणी) और 39,990 (थर्ड एसी श्रेणी) शुल्क निर्धारित है.

### शोहदा-ए-करबला की याद में रक्तदान शिविर संपन्न



**रांची।** रज्जा यूनिट फाउंडेशन की ओर से लहू बोलेगा संस्था के सहयोग से शोहदा-ए-करबला की याद में गुरुवार को डोरंडा में एक दिवसीय रक्तदान शिविर संपन्न हुआ. रक्तदान शिविर में 20 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. एकत्रित रक्त को सदर अस्पताल ब्लड बैंक रांची को सौंपा गया. इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र देकर प्रोत्साहित किया. देवेन्द्र महतो ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से अबतक रक्तदाताओं के प्रति उदासीन रवैया रहा है. आए दिन रक्त की कमी के कारण राज्य में सैकड़ो लोगों की आकस्मिक मृत्यु हो रही है.ब्लड डोनेशन और स्टोरेज पर राज्य सरकार को गंभीर होनी चाहिए. ब्लड डोनेशन कैंप आर्गेनाइजेशन को आर्थिक सहयोग और ब्लड डोनर को 25 रुपये से बढ़ाकर 250 रुपये तक रिफ्रेशमेंट राशि होनी चाहिए. राज्य के सभी 24 जिलों में वोल्वो लाल एसी बस उपलब्ध कराया जाय. वर्तमान समय में झारखंड में एक मात्र वोल्वो लाल एसी बस है, वह भी खराब है. शिविर में मुख्य रूप से फाउंडेशन कमेटी असफर खान, नदीम खान, शाहनवाज अब्बास, मोहम्मद फहीम, साकिब रज्जा, बबर खान सहित अन्य लोग मौजूद थे.

### एनआईओएसः परीक्षा केंद्र निर्धारण की अंतिम तिथि 10 जुलाई

**रांची।** राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. राजीव प्रसाद ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि एनआईओएस प्रत्येक वर्ष दो बार मार्च/अप्रैल एवं अक्टूबर/नवम्बर में सिद्धांतिक परीक्षा का आयोजन करता है. इसी संदर्भ में अक्टूबर/नवम्बर 2025 में होने वाले परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र बनाने हेतु कोई भी मान्यता प्राप्त (सीबीएसई/आईसीएसई) सरकरी व गैर-सरकरी स्कूल/कॉलज ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिसरी अंतिम तारीख 10.07.2025 है. परीक्षा केन्द्र के लिए मापदंड एनआईओएस की वेबसाइट पर उपलब्ध है. परीक्षा केन्द्रो का निर्धारण एनआईओएस द्वारा निर्धारित मानदंडो के अनुसार किया जाएगा, इस स्तर पर किसी भी स्कूल/संस्था को कोई अधिकार या प्राथमिकता नहीं दी जाएगी.

### गुरुनानक सेवा जत्था का रक्तदान शिविर छह को

रांची। गुरु नानक सेवक जत्था की ओर से सेवा भावना के तहत आगमी छह जुलाई को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुनानक भवन हॉल में निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप और रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।यह जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने दी. उन्होंने गुरुवार को प्रेस रिलीज जारी के बताया कि हेल्थ कैंप सुबह 10:30 से दोपहर एक बजे तक चलेगा, जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर निःशुल्क परामर्श देंगे. वहीं रक्तदान शिविर सुबह 10:30 से शाम 4 बजे तक चलेगा.

# न शुल्क, न लंबी न्यायिक प्रक्रिया, विवाद का समाधन सरल तरीके से : राजेश सिन्हा

**शुभम संदेश। रांची**



जागरूकता कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए गुरुवार को रूगढ़ीगढ़ा मधुकम क्षेत्र में डालसा टीम ने नालसा द्वारा संचालित योजना साथी व डॉन पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर एलएडीसी डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी पीके उपाध्याय, ममता कुमारी, सुरज कुमार वर्मा, एनजीओ के रीतू खलखो एवं सन्नी कुमार राम तथा अन्य उपस्थित थे. नशा उन्मूलन डॉन पर फोकस करते हुए राजेश कुमार सिन्हा ने एनडीपीएस एक्ट पर चर्चा की. उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण करना ही डालसा का एकमात्र उद्देश्य है. इसके तहत डालसा समय-समय पर गली, मुहल्लों व कस्बो में कैंप लगाकर निरंतर लोगों को जागरूक कर रहें हैं. युवा एवं बच्चे नशे से दुर रहे. नशीले पदार्थों के सेवन के आदि लोग मानसिक रोगों के शिकार हो जाते है और अंततः जघन्य अपराध की ओर अग्रसर हो जाते है. साथी अभियान पर फोकस करते हुए कहा कि निराश्रित व बेसहारा बच्चों को आश्रय दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची भरसक प्रयास करेगा. अगर आपलोगों के समुदाय में कोई निराश्रित या बेसहारा बच्चा है, तो उन्हें चिन्हित कर हमें सूचित करें, डालसा उन्हें सहायता करेगा. इसके लिए टॉल फ्री नम्बर - 15100 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है.

यह भी ज्ञात हो कि माननीय झालसा के निर्देश पर 90 दिवसीय राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान पर फोकस करते हुए कहा कि वादकारी अपने वादों का निस्तारण मध्यस्थता के माध्यम से करा सकते हैं. यह अभियान 1 जुलाई से शुरू होकर 90 दिनों तक चलेगा. वादकारियों को जल्द-से-जल्द सुलभ न्याय मिले, इसके लिए न्यायालयों द्वारा नोटिस का तामिला भी कराया जा रहा है, जिससे कि अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सके. पीएलवी पीके उपाध्याय ने वृद्धा पेंशन व विधवा पेंशन पर बाते कहीं, वहीं पीएलवी ममता कुमारी और सुरज कुमार वर्मा ने मईंया सम्मान योजना तथा राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे अन्य लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिये. डालसा सचिव रवि कुमार ने कहा की साथी अभियान के तहत अब तक 1200 से अधिक बच्चे उनके मार्गदर्शन में डालसा के कार्यरत पीएलवी के द्वारा चिन्हित किये गये हैं.

# 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला चैंपियनशिप का रांची में आगाज

## मंत्री सुदिव्य कुमार ने खिलाड़ियों ने किया उद्घाटन

**शुभम संदेश। रांची**

मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप 2025 का गुरुवार को भव्य उद्घाटन को हुआ.

झारखंड सरकार के पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और गेंद पास कर टूर्नामेंट की औपचारिक शुरुआत की. इस अवसर पर हॉकी इंडिया के महासचिव और हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने मंत्री सुदिव्य कुमार का अंगवस्त्र, मोमेंटो और बुके देकर स्वागत किया. प्रतियोगिता का आयोजन हॉकी इंडिया, झारखंड सरकार और हॉकी झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में 3 जुलाई से 14 जुलाई तक किया जा रहा है.



### 28 राज्यों की टीमें, तीन डिविजनों में भिड़ंत

प्रतियोगिता में देशभर से कुल 28 राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं, जिन्हें तीन डिविजनों—ए, बी और सी में बांटा गया है. ए डिविजन में 12, बी डिविजन में 9 और सी डिविजन में 7 टीमें शामिल हैं.

### पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा सहित कई दिग्गज रहे मौजूद

इस मौके पर भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुभद्रा प्रधान, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, सीईओ रजनीश कुमार, कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा, माइकल लाल, धर्मेंद्र कुमार, जयंत केरकेट्टा, रणधीर कुमार, गुरमीत सिंह राव सहित कई पदाधिकारी और खेलप्रेमी मौजूद रहे.

**इंडिया टुडे सर्वे 2025** | संत जेवियर्स कॉलेज, रांची ने रचा इतिहास

# पूर्वी भारत में दूसरा सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान घोषित

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड की राजधानी रांची स्थित संत जेवियर्स कॉलेज ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित करते हुए इंडिया टुडे के वार्षिक सर्वे 2025 में शिक्षा जगत में शानदार प्रदर्शन किया है. कॉलेज को पूर्वी भारत में वाणिज्य और कला संकाय में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि पूरे भारत के प्रतिष्ठित कॉलेजों के बीच भी इसने महत्वपूर्ण रैंकिंग हासिल की है.

### झारखंड के लिए गर्व का विषय

संत जेवियर्स कॉलेज रांची ने लगातार दूसरी बार यह रैंकिंग हासिल कर साबित कर दिया है कि वह झारखंड और पूर्वी भारत के सबसे भरोसेमंद शिक्षण संस्थानों में से एक है. यह कॉलेज न केवल शैक्षणिक दृष्टि से बल्कि नैतिक, सामाजिक और नेतृत्व विकास में भी छात्रों को सशक्त बना रहा है. यह उपलब्धि झारखंड के लिए गौरव की बात है और राज्य के उभरते शिक्षा परिदृश्य को एक नई दिशा देती है.



### सर्वे में संत जेवियर्स की प्रमुख रैंकिंग

- कला संकाय : पूरे भारत के 194 कॉलेजों में से 33वां स्थान
- विज्ञान संकाय : 192 कॉलेजों में 68वां स्थान
- वाणिज्य संकाय : 251 कॉलेजों में 41वां स्थान
- बीबीए : 218 कॉलेजों में 36वां स्थान
- यह रैंकिंग कॉलेज की शैक्षणिक गुणवत्ता, बुनियादी ढांचे, फैकल्टी, प्लेसमेंट और स्टूडेंट सैटिस्फैक्शन जैसे मानकों के आधार पर तय की गई है.

### प्राचार्य फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर एस.जे. का बयान

कॉलेज की इस सफलता पर प्राचार्य फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर एस.जे. ने कहा, यह रैंकिंग न केवल हमारे संस्थान की प्रतिष्ठा को दर्शाती है, बल्कि झारखंड के शिक्षा क्षेत्र के लिए भी यह एक बड़ी उपलब्धि है. हमारा प्रयास हमेशा रहा है कि हम राज्य के युवाओं को उच्चस्तरीय शिक्षा और समग्र विकास का वातावरण प्रदान करें. उन्होंने इस सफलता का श्रेय कॉलेज प्रबंधन, शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्रों, अभिभावकों और मीडिया को दिया और सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया.

### 2300 छात्रों ने कराया दस्तावेज सत्यापन

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में सत्र 2025-26 के लिए पीजी कोर्स में एडमिशन को लेकर पहली चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी हो गई है. कुल 13 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की 460 सीटों के लिए 30 जून से 3 जुलाई तक चार दिन तक ऑफलाइन काउंसलिंग और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन चला. नामांकन प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रो. जी.पी. सिंह ने बताया कि इस बार पीजी की 460 सीटों के लिए करीब 3384 छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन किया था, जिनमें से 2300 छात्र-छात्राएं काउंसलिंग के लिए यूनिवर्सिटी पहुंचे.पीजी एडमिशन के संयोजक डॉ. हृषिकेश महतो ने बताया कि जिन 13 कोर्सों के लिए काउंसलिंग हुई, उनमें एमएससी (जियोइन्फॉर्मेटिक्स, सांख्यिकी, भूविज्ञान, केमिस्ट्री), एमए (अंग्रेज़ी, लोक प्रशासन, राजनीतिक विज्ञान, तिब्बती भाषा), एमपीए (थिएटर आर्ट और हिन्दुस्तानी वोकल म्यूजिक), एमबीए, बीएड और एमकॉम शामिल हैं. डॉ. महतो ने कहा कि जिन छात्रों ने काउंसलिंग में भाग लिया है.

## ब्रीफ न्यूज

### बरवाडीह में बीज वितरण में घोटाले का आरोप

**बरवाडीह।** प्रखंड के कृषि सिंगल विंडो सेंटर में किसानों को वितरित किए जा रहे सरकारी अनाज बीज में घपलेबाजी का मामला सामने आया है. प्रभारी खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ यादव के अनुसार केंद्र पर 10 क्विंटल मकई, 20 क्विंटल रहर, 10 क्विंटल मड़ुवा और 25 क्विंटल मूंगफली भेजी गई थी. हालांकि, बरवाडीह प्रमुख सुशीला देवी के औचक निरीक्षण में रहर में 2.5 क्विंटल और मूंगफली में 8 क्विंटल की कमी पाई गई. उन्होंने इसे गंभीर लापरवाही और भ्रष्टाचार बताते हुए सवाल उठाया कि रिकॉर्ड में पूरा अनाज मौजूद होने के बावजूद ये बीज कहां गायब हो गए. वहीं सामाजिक कार्यकर्ता दीपक तिवारी ने भी वितरण प्रणाली पर सवाल उठाया कि जब चार प्रकार का बीज आया है, तो किसानों को सिर्फ चार किलो एक ही प्रकार का बीज क्यों दिया जा रहा है.

### सफलता के लिए नियमित अभ्यास आवश्यकः ज्योति

**लातेहार।** गुरूवार को जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय में कक्षा 11वीं की नव नामांकित छात्राओं की उपस्थिति को ले कर अभिभावकों व शिक्षकों की एक गोष्ठि का आयोजन किया गया. गोष्ठि को संबोधित करते हुए प्राचार्य ज्योति ज्योत्सना ने कहा कि सफलता के लिए नियमिति अभ्यास जरूरी है और यह तभी संभव हो पायेगा जब सभी छात्राये नियमित विद्यालय आयेगीं. उन्होने बताया कि सीबीएसई स्कूलों में विद्यालय में छात्राओं की उपस्थिति भी बहुत ही मायने रखती है. उन्होने बताया कि विद्यालय में 75 प्रतिशत उपस्थित नहीं रहने पर वार्षिक परीक्षाओं मे बैठने नहीं दिया जाता है. उन्होने कहा कि विद्यालय में छात्राओं पर पूरा ध्यान दिया जाता है. लेकिन अभिभावकों का भी दायित्व है कि वे अपने बच्चों का घर पर ध्यान दें. बच्चे क्या कर रहे हैं पढ़ाई में कितना समय दे रहे हैं, यह सब देखना जरूरी है.

### सर्पदंश से महिला अचेत

**चंदवा (लातेहार)।** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीरा पंचायत के रोल गांव में गुरुवार की दोपहर एक महिला धनेश्वरी देवी को खेत में काम करने के दौरान सांप ने डस लिया. यह घटना उस वक्त हुई जब वह अपने खेत में मेहनत कर रही थी, तभी एक विषैले सांप ने बाएं हाथ की छोटी उंगली में काट लिया.सांप के डसते ही महिला ने तुरंत यह बात अपने परिजनों को बताई. परिजनों ने बिना समय गंवाए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया, जहां डॉक्टर प्रकाश बड़ाईक की देखरेख में उनका तुरंत उपचार शुरू किया गया.डॉ. बड़ाईक ने बताया कि मरीज समय पर अस्पताल लाई गई, जिससे उसका इलाज प्रभावी ढंग से किया जा सका है.

### जलजमाव से नारकीय हुई स्थिति, समाधान की मांग

**मझिआंव।** नगर पंचायत के कई वार्डों में मानसून की बारिश के साथ जलजमाव की समस्या होने लगी है. नगर पंचायत के वार्ड 4 में जल जमाव से नारकीय स्थिति उत्पन्न हो गई है. नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 में राधा कृष्ण मंदिर के ठीक सामने पश्चिम की ओर मझिआंव खुर्द जाने वाला रास्ता पूरी तरह से अवरूद्ध हो गया है. उक्त स्थल पर लगभग 2-3 फीट पानी भरा हुआ है. उससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. यह समस्या यहां पिछले कई वर्षों से है. शिकायत पर कारवाई के नाम पर केवल आश्वासन ही मिला.

## चंदवा के टोरी रेलवे क्रासिंग में फ्लाई ओवरब्रिज नहीं रहने के कारण होती है परेशानी

# केंद्रीय परिवहन मंत्री के ध्यान आकर्षण के लिए निकाली पदयात्रा

शुभम संदेश । लातेहार



केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी तीन जुलाई को झारखंड के दौरे में हैं. श्री गडकरी रांची और गढ़वा में उदघाटन कार्यक्रम में भाग लेगें. श्री गडकरी के झारखंड दौरे के दौरान चंदवा के टोरी रेलवे क्रासिंग में फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण कराने की मांग जोर शोर से उठायी गयी.

इस ओर उनका ध्यान आकर्षण कराने के लिए दो दिवसीय पदयात्रा बुधवार व गुरूवार को निकाली गयी. गुरूवार को चंदवा कामता पंचायत के पहनापानी में एक सभा का आयोजन किया गया. इस पदयात्रा का नेतृत्व किसान नेता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान कर रहे थे.श्री खान ने बताया कि किसानों के इस पदयात्रा का उद्देश्य तीन जुलाई को झारखंड आगमन पर केंद्रीय परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का टोरी फ्लाई ओवरब्रिज की ओर ध्यान खींचना था.

किसान केंद्रीय व मुख्यमंत्री का फोटो ले कर गांव गांव घुम रहे हैं. खान ने कहा कि केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ही 03 अप्रैल 2021 को इस फ्लाई ओवर ब्रिज का शिलान्यास किया था. चार वर्ष से अधिक समय हो गया है लेकिन इस दिशा में अब तक कुछ नहीं हुआ. अब तक करीब छह- सात बार टेंडर निकाला गया , लेकिन किसी भी संवेदक ने भाग नहीं लिया. बताया जाता है कि 43 करोड़ में यह परियोजना तैयार नहीं होगा, यह राशि कम है. इधर चर्चा है कि आरओबी की रि-स्टीमिट बनाया गया है और निर्माण की लागत राशि बढ़ा कर करीब 119 करोड़ रूपये की गयी है, लेकिन इस प्राक्कलन को स्वीकृति नहीं मिल पा रही है. फाईल अटका पड़ा हुआ है.

फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण शुरू नहीं होने से किसानों और ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है. इस एनएच पथ से पटना, छत्तीसगढ़, रांची, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, गढ़वा, हजारीबाग, चतरा समेत कई जिलों से छोटी बड़ी बस व अन्य गाडियां प्रत्येक दिन गुजरती हैं. शहर से ले कर ग्रामीण इलाकों की आबादी बुरी तरह प्रभावित हैं, फाटक जाम के कारण हजारों शहर वासी क्रॉसिंग की ओर से जाना बंद कर दिया है. कई बार एंबलेस तक फंस चुकी है और कई रोगियों की जान चली गयी है. पदयात्रा में सनिका मुंडा, रियाज खान, जिरहुलिया देवी, गोबिंद गंझु, दुखन परहैया, बीनोद परहैया, दसवा परहैया, माईकल हंश, मुनेशर परहैया, सनिचर परहैया, बेने मुंडा, बिफइया परहैया, दिवाली परहैया, विजय परहैया, ललुआ परहैया, सुरेन्द्र परहैया, फुलदेव परहैया, अंकित परहैया, पंकज कुमार समेत दर्जनों किसान मौजूद थे.

### केंद्रीय मंत्री ने योजना की मंजूरी दी

केंद्रीय मंत्री नीतिन गडकरी ने झारखंड दौरे के क्रम में टोरी आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) निर्माण को मंजूरी देने की घोषणा मंच से की है. उन्होंने कहा कि चतरा सांसद कालीचरण की मांग पर वे इसकी घोषणा कर रहे हैं. हालांकि उन्होने कहा कि वहां भूमि अधिग्रहण का मामला फंसा हुआ है. अगर वे भूमि अधिग्रहण का मामला सुलझा दें तो आरओबी का कार्य शीघ्र ही शुरू हो सकता है.

## मुहर्रम पर्व को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

# आपसी प्रेम व भाईचारगी से मनाएं मुहर्रम का पर्व : डीसी

शुभम संदेश । मेदिनीनगर



जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में गुरुवार को जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित की गयी.बैठक में उपायुक्त श्रीमती समीरा एस ने कहा कि किसी भी पर्व-त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिले का इतिहास का सुखद है.इसके लिये आप सभी बधाई के पात्र हैं.उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से पूर्व की भांति इस वर्ष भी मोहर्रम का यह त्यौहार आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की.उन्होंने समिति के सदस्यों के आग्रह पर सिविल सर्जन को मंच से ऑन कॉल एम्बुलेंस रेडी रखने को लेकर निर्देशित किया.वहीं सहायक नगर आयुक्त को पर्व के दौरान शहर में विशेष साफ-सफाई रखने को लेकर डेडीकेटेड टीम तैयार रखने की बात कही.इसके अलावे टाउन थाने में फायर ब्रिगेड के एक वाहन को रेडी टू यूज़ की स्थिति में रखने पर बल दिया.उन्होंने कहा कि पलामू जिले में त्योहारों को भाईचारगी के साथ मनाने की परंपरा चली आ रही है,इसे कायम रखने में सभी लोगों का सहयोग अपेक्षित है.उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से सभी से सामाजिक समरसता,भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की. बैठक में आमलोगों की सुरक्षा, जुलूस मार्गो की सुरक्षा,ड्रोन व सीसीटीवी से निगरानी,अफवाहों की रोकथाम, सुगम यातायात व्यवस्था, भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक, बिजली व्य व स्थ ा, स्व ास्थ्य , स फ ाई , पेयजलापूर्ति, सोशल मीडिया के सदुउपयोग आदि आवश्यक सुविधाओं को लेकर चर्चा की.वहीं भड़काउ या अश्लील गानों के प्रसारण की रोकथाम पर बल दिया.

### भारी वाहनों का शहर में प्रवेश होगा निषेध : एसपी

बैठक में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने सभी थाना प्रभारियों से कहा कि शाम के वक्त जुलूस निकलेंगे,इसे खत्म होने के पश्चात ही बड़े वाहनों को जुलूस वाले मार्गों पर प्रवेश की अनुमति दें.उन्होंने कहा कि वैसे थाना प्रभारी जिनके क्षेत्र की सीमा दूसरे राज्यों से लगती है,वे दूसरे राज्यों के नजदीकी थाने से बेहतर समन्वय रखें.उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न स्थानों पर एनएचएआई द्वारा निर्माण कार्यों का संचालन किया जा रहा है.ऐसे में जुलूस के दौरान एनएचएआई के प्रतिनिधि से वार्ता कर उनके वाहनों को भी व्यवस्थित तरीके से संचालित करवाना सुनिश्चित करें.जुलूस के साथ चलने वाले पुलिस पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि जुलूस जब किसी नदी या तालाब के समीप से गुजरे तो पूरी एतिहात के साथ सुरक्षित रूप से गंतव्य तक पहुंचे.एसपी ने सिविल सर्जन को थाना की पेट्रोलिंग वाहनों में फर्स्ट एड किट उपलब्ध कराने का अनुरोध किया.उन्होंने सभी से फेक न्यूज़ शेयर करने से बचने की बात कही.सभी थाना प्रभारी को सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी बरतने की भी बात कही.बैठक में उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त,अपर समाहर्ता, सहायक समाहर्ता,तीनों अनुमंडल पदाधिकारी,सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,सभी अंचलाधिकारी,थाना प्रभारी,विभिन्न मोहर्रम इंतजामिया कमिटी के सदस्यों,विभिन्न अखाड़ा कमिटी के प्रतिनिधियों समेत अन्य उपस्थित रहे.

### सुनील साहू के समर्थन में नेताओं ने दिया त्यागपत्र

**लातेहार।** लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राजू रंजन प्रसाद ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किसी के बहकावे में आकर आनन-फानन में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू को पार्टी से निष्कासित कर राजनीतिक अपरिपक्वता का परिचय दिया है. श्री प्रसाद ने यह भी बताया कि श्री साहू के निष्कासन से हम सभी काफी मर्माहत हैं. इसलिए हमलोगो ने सामुहिक रूप से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है. उन्होने बताया कि अभी तक उनके अलावा चतरा जिला से कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय स्नेही , प्रदेश महासचिव अशोक कुमार डोम एवं प्रदेश सचिव शम्भु प्रजापति, हजारीबाग जिला से झारखंड प्रदेश के प्रधान महासचिव कुंज बिहारी साव एवं प्रदेश सचिव राम विलास साव , बोकारो जिला से प्रदेश उपाध्यक्ष जोधन नायक, पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर जिला से प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, पलामू जिला से प्रदेश महासचिव अशोक प्रसाद साहू, धनबाद जिला से प्रदेश सचिव अशोक साव, गढ़वा जिला से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप गुप्ता, चतरा जिलाध्यक्ष मुरारी साव, लातेहार जिलाध्यक्ष बलराम प्रसाद साहू, गिरिडीह जिलाध्यक्ष शिव शंकर साहू, हजारीबाग जिलाध्यक्ष रणधीर कुमार साहू, चाईबासा जिलाध्यक्ष शशिकांत ठाकुर, बोकारो जिलाध्यक्ष संतोष साव समेत प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नन्दलाल साव एवं तारीक साव ने अपना इस्तीफा दे दिया है.

# सुबह सात से आठ व दोपहर एक से तीन बजे तक शहर में वाहनों की नो इंट्री

शुभम संदेश । लातेहार



उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर जिला मुख्यालय में सुबह सात से आठ और दोपहर एक से तीन वाहनों के इंट्री पर रोक लगा दी गयी है. इस आशय की जानकारी देते हुए नगर प्रशासक राजीव रंजन ने बताया कि सड़क सुरक्षा समिति में यह निर्णय लिया गया था. उन्होंने बताया कि यह समय बच्चों के स्कूल जाने का होता है. इस दौरान बच्चे और ऑटो आदि से स्कूल जाते हैं.

ऐसे में शहर में भारी वाहनों के प्रवेश करने पर न सिर्फ सड़क जाम वरन दुर्घटनाओं की भी आशंका बनी रहती है. खास कर थाना चौक व धर्मपुर मोड़ पर स्कूलिंग टाइम मे काफी भीड़ रहती है, कभी कभार जाम की स्थिति हो जाती है. इस कारण उपायुक्त के निर्देश पर सुबह स्कूल जाने के समय सात से आठ बजे तक और दोपहर में छुट्टी के समय अपराह्न एक से दो बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक है. हालांकि नगर प्रशासक ने बताया कि एंबुलेंस, यात्री बस, पेट्रोलियम वाहन व अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहनों पर रोक नहीं है. मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार भी मौजूद थे. उन्होंने भी कहा कि जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनायें चिंता का सबब है. इसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयास करना आवश्यक है.

**क्षमता से अधिक बच्चों को ऑटो में नहीं बैठाएं :** डीटीओ श्री कुमार व नगर प्रशासक राजीव रंजन ने स्कूली बच्चों को ढोने वाले ऑटो व अन्य वाहनो के चालकों से क्षमता से अधिक बच्चों को अपने वाहनों में नहीं बैठाने की हिदायत दी है. उन्होने कहा कि वाहन जांच के दौरान पकड़े जाने पर कानून सम्मत कार्रवाई की जायेगी. उन्होने कहा कि अपने वाहनों के सभी दस्तावेज दुरूस्त रखने की भी बात कही. उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से ऐसे ऑटो में नहीं बिठाने की अपील कि जिसमें क्षमता से अधिक बच्चे ढोये जाते हैं.

# डीडीसी ने ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की

शुभम संदेश । लातेहार

उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीण विकास विभाग के तहत मनरेगा से संचालित विभिन्न विकास और आवास योजनाओं की समीक्षा की गयी. बैठक में उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को बेहतर कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के अनुरूप राज्य सरकार के द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया. मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करते हुए ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं को गति के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया गया. उन्होंने कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता एवं सुनियोजित तरीके से कराएं, ताकि सभी योग्य लोगों को इसका लाभ मिल सके. इसके अतिरिक्त उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंडों में चल रहे योजनाओं के कार्य प्रगति की क्रमवार जानकारी ली और लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा. उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, अंबेडकर आवास योजना और अबुआ आवास योजना की प्रगति की समीक्षा के क्रम में लंबित योजना में तेजी लाने तथा विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर प्रखंड स्तर पर माइक्रो प्लान बनाकर कार्य करने कि बात कही. पीएम आवास योजना (ग्रामीण) कि समीक्षा के क्रम में उन्होंने नें लक्ष्य निर्धारित कर अपूर्ण आवास निर्माण कार्य को पूर्ण कराने की बात कही. बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी के अलावा जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी जुड़े थे.

## आक्रोश

## उत्तर कोयल नहर में पानी नहीं, किसानों की बढ़ी चिंता

# अधूरे जीर्णोद्धार पर फूटा गुस्सा, आंदोलन की चेतावनी

पवन सिंह । हुसैनाबाद

अद्रा नक्षत्र अपने अंतिम चरण में है, लेकिन उत्तर कोयल परियोजना की मुख्य नहर अब तक पानी से सूखी है। नहर में पानी न आने से किसानों की चिंता गहराती जा रही है। खेतों में न बिचड़ा डाला जा सका है और न ही सिंचाई की कोई व्यवस्था नजर आ रही है। धान की रोपनी का सीजन भी अब खतरे में दिख रहा है.

**निर्माण एजेंसी की लापरवाही से टूटी उम्मीदें:** स्थानीय समाजसेवी मिथलेश कुमार सिंह और वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनंजय तिवारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण एजेंसी केसीपीएल पर आरोप लगाया कि उनकी लापरवाही और धीमी



कार्यप्रणाली से पूरा प्रोजेक्ट अटक गया है। घटिया निर्माण और अधूरे पुलों के कारण किसानों को आज भी कई किलोमीटर लंबा रास्ता तय कर पुराने जर्जर पुलों से गुजरना पड़ता है.

**झूठे प्रचार से भ्रमित किसान:** नेताओं ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर झूठा प्रचार किया गया कि नहर में पानी छोड़ा जा चुका है, जबकि वास्तविकता यह है कि मुख्य नहर में अब तक एक बूंद पानी नहीं आया है। हैदरनगर-पंसा मार्ग पर बना पुल अभी भी संपर्क मार्ग से नहीं जुड़ा है, और परता रोड पर बना पुल दुर्घटना का कारण बन रहा है.

**मंडल डैम भी अधूराः** धनंजय तिवारी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि "मोदी की गारंटी" अब सवालों के घेरे में है। मंडल डैम का शिलान्यास होने के बावजूद अब तक वहां एक ईंट भी नहीं रखी गई है। उत्तर कोयल परियोजना केवल दिखावे और लूट का साधन बन गई है। किसानों को जो थोड़ा-बहुत पानी पहले मिलता था, अब वह भी बंद हो गया है.नेताओं ने सवाल उठाया कि जब किसानों को सिंचाई के लिए पानी ही नहीं मिलेगा, तो उनकी आय दोगुनी कैसे होगी? उन्होंने झारखंड के 11,780 हेक्टेयर और बिहार के एक लाख हेक्टेयर कृषि भूमि को तत्काल सिंचाई सुविधा देने की मांग की है.

**सिंचाई विभाग का पक्षः**इस मामले पर सिंचाई विभाग के एसडीओ प्रेम सागर राय ने बताया कि नवीनगर के पास उत्तर कोयल मुख्य नहर में गेट निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके कारण पानी नहीं छोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर नहर में पानी छोड़ा जा सकता है.

**किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी :**मिथलेश सिंह और धनंजय तिवारी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उत्तर कोयल परियोजना झारखंड और बिहार के लाखों किसानों की जीवनरेखा है, जिसे पुनर्जीवित करना सरकार की जिम्मेदारी है.

### चिनिया के गांवों में हाथियों का आतंक जारी

**चिनिया।** थानांतर्गत विभिन्न गांवों में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है. थाना क्षेत्र के तहले गांव में आतंक का पर्याय बना एकमात्र जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया.गांव निवासी नंदू कोरवा का घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया.साथ ही घर में रखे सारा अनाज खा गया.वहीं गांव के विष्णुदेव यादव के घर में रखे चावल, गेहूं, आटा, अनाज को दरवाजा तोड़कर खा गया.मालूम हो कि पिछले चार-पांच वर्षों से क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक जारी है.उससे क्षेत्र के जंगल किनारे रहने वाले लोग काफी जंगली हाथी से आहत हैं.डरे सहमे रह रहे हैं कि कब घटना हो जाए।मालूम हो कि पिछले दिन दो लोगों के जंगली हाथी द्वारा मारे जाने के बाद वनों के क्षेत्र पदाधिकारी द्वारा आश्वस्त किया गया है कि अकेला हाथी को क्षेत्र से एक माह के अंदर भगा दिया जाएगा.

## एक नजर



### आधुनिक रिकार्डिंग सेंटर खुलना बड़ी बात : अरूणा शंकर

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर के कलाकार, गायक व गीतकारों के लिए एक सुखद अवसर सामने आया है. मेदिनीनगर के साहित्य समाज चौक के समीप ब्राह्मण स्कूल के बगल में "धुन म्यूजिक रिकॉर्डिंग स्टूडियो" भव्य उद्घाटन हुआ. उद्घाटन पूर्व महापौर अरुणा शंकर और समाजसेवी राजू तिर्की ने फीता काटकर किया. पूर्व महापौर श्रीमती शंकर ने कहा कि आज का युग डिजिटल युग है और कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए ऐसे प्लेटफॉर्म की आवश्यकता है. "धुन म्यूजिक रिकॉर्डिंग स्टूडियो" स्थानीय कलाकारों को न सिर्फ पहचान दिलाएगा बल्कि उनकी आय के नए अवसर भी खोलेगा. स्टूडियो के डायरेक्टर राहुल भगत ने बताया कि इस स्टूडियो की स्थापना खासकर स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई है. यहां गीत लेखन और ऑडियो रिकॉर्डिंग की सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे मेदिनीनगर और आसपास के उभरते गायकों को बड़ा मंच मिल सकेगा. मौके पर स्टूडियो के प्रोपराइटर प्रदीप कुमार (बाबुल) समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित थे. निदेशक मंडल में राहुल भगत के अलावा सौरव गुप्ता, विजय ओझा, इन्द्रजीत सिंह डिम्पल, राजेश वर्मा, कृष्णा अग्रवाल, रिंकू दूबे, आशिष भगत, रितेश भगत, रायेश जायसवाल, मुकेश गुप्ता, अभिमन्यु सिंह क्रांति, उमाशंकर मिश्रा, मोनू गुप्ता, सुमन सिंह और धीरज चौरसिया जैसे कई समाजसेवी और संगीतप्रेमी मौजूद थे.

### तीरंदाजी प्रतियोगिता को मिला आनंद शंकर का समर्थन

**मेदिनीनगर।** राजा मेदनीराय तीरंदाज एकेडमी के तत्वावधान में शाहपुर स्थित चलानी किला मे आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में मेदिनीनगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभानेवाले आनन्द शंकर ने संरक्षक की भूमिका की सहभागिता निभाने पर अपनी सहमति दे दी है. प्रतियोगिता में तिरंदाजी कराटे मार्शल आर्ट के साथ सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा ताकि मेदिनीनगर मे सांस्कृतिक सन्नाटा को तोडा जाय. तिरंदाज एकेडमी के बाल किशुन उरांव, दाऊद केरकेट्टा, राजु प्रजापति, धर्मेंद्र कुमार चन्द्रवंशी, बसंत हेमरम, प्रदीप सिन्हा, पुनिया टोपनो आदि की भुमिका सराहनीय है. निलाम्बर पिताम्बर राजा मेदनीराय के बिरासत को बचाना और पारम्परिक कला कौशल को पुनः स्थापित करना है. राजा मेदनीराय तीरंदाज एकेडमी के सतीश कुमार ने कहा कि जिला के तमाम बडे पदाधिकारी, प्रतिष्ठित व्यवसायी, समाजिक व राजनीतिक व्यक्ति मिडीया कर्मी व सभी शैक्षणिक संस्थानों चिकित्सक व रंगकर्मी की महत्वपूर्ण भूमिका होगीं और कई लोगों ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होने की सहमति दे दी है.

### सेवानिवृत्त चौकीदार एवं हवलदार को दी गई विदाई

**पांकी(पलामू)।** पांकी थाना में सेवा देने वाले पांकी थाना क्षेत्र के नवडीहा गांव निवासी चौकीदार सरयू मांझी और पांकी थाना में पदस्थापित हवलदार अरुण कुमार राम को सेवानिवृत्ति के बाद विदाई दी गई. इसे लेकर पांकी थाना परिसर थाना प्रभारी राजेश रंजन की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में वक्ताओं ने चौकीदार सरयू मांझी एवं हवलदार अरूण कुमार राम के सेवा कार्यों की सराहना की. थाना प्रभारी राजेश रंजन ने कहा कि सरकारी सेवा में सेवानिवृत्ति एक प्रक्रिया है. जिस दिन सरकारी सेवा मे योगदान दिया जाता है उसी दिन तय हो जाता है कि किस तारिख को सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होना है. सरयू मांझी ने जिस तरह अपनें कार्य को पुरी ईमानदारी तथा कर्तव्य निष्ठा के साथ निभाया वह काबिले तारीफ है. पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की पुरी सुरक्षा व्यवस्था चौकीदार पर टिकी होती है और इनका कार्य काफी कठिन होता है. सूचनाओं का आदान-प्रदान तथा क्षेत्र में हो रहें संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी चौकीदारी के माध्यम से ही मिलतीं है. मौके पर एसआई गोपाल राय, चौकीदार संघ के अध्यक्ष मुमताज़ अंसारी, गिरिवर तुरी, उदय पासवान, सुरेंद्र पासवान, बिरजू मांझी, सुरेश मांझी, मुकेश कुमार समेत कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे.

### पांडू थाना में मोहर्रम को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**पांडू(पलामू)।** मोहर्रम पर्व को लेकर पांडू थाना परिसर में संध्या 6:00 बजे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी विगेस कुमार राय ने की, जबकि मुख्य अतिथि पांडू प्रखंड विकास पदाधिकारी रणबीर कुमार थे. मौके पर पांडू आंचल इंस्पेक्टर राम आशीष पासवान, समाजसेवी प्रदुमन कुमार सिंह, थाना मुंशी मुकेश कुमार मुरमू, एएसआई जयप्रकाश तिवारी, एएसआई नरेश प्रसाद यादव, एएसआई अशर्फी कुमार, एएसआई प्रेम रंजन सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न समुदायों के लोग मौजूद थे.बैठक में मोहर्रम कमेटी के 5 लाइसेंसधारी और 8 बिना लाइसेंस प्रतिनिधि उपस्थित हुए. सभी कमेटी अध्यक्षों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया. बीडीओ रणबीर कुमार ने दोनों समुदायों से शांति पूर्वक पर्व मनाने की अपील की.आंचल इंस्पेक्टर राम आशीष पासवान ने असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और तत्काल सूचना देने का आग्रह किया.

### प्रोजेक्ट स्कूल व केड़गाड़ी स्कूल ने खिताब पर जमाया कब्जा

**बरवाडीह ( लातेहार ) ।** प्रखंड मुख्यालय के रेलवे क्लब में शिक्षा विभाग के द्वारा प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. उद्घाटन जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी एवं विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह (पिंटू) के द्वारा सयुंक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया. प्रतियोगिता मे अंडर- 15 बालक एवं अंडर- 17 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका की कुल 13 टीम शामिल हुई. प्रतियोगिता के बालक वर्ग अंडर 15 का मुकाबला केड़ और छेंचा के बीच हुआ जिसके केड़ की टीम 1 गोल से विजेता बनी. बालिका वर्ग अंडर 15 का मुकाबला केड़ और प्रोजेक्ट स्कूल बरवाडीह के बीच खेला गया जिसमे प्रोजेक्ट स्कूल बरवाडीह एक गोल से विजेता बनी. अंडर 17 बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला केड़गाड़ी और सरईडीह के बीच हुआ जिसमे केड़गाड़ी ने सरईडीह को 3 - 2 से हरा कर खिताब पर कब्जा जमाया. प्रतियोगिता मे बिजेता और उप विजेता टीम को जिला परिषद के साथ वरीय अनुभाग अभियंता राजू रहमान, कनीय अभियंता एन्जमामूल हक ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया. मौके पर दिनेश मेहरा, विजय यादव, पपु सिन्हा संकुल साधन सेवी अशोक यादव, जितेंद्र कुमार सिन्हा, सुमन कुमार, चुड़ामनी सिंह, रोहित कुमार, अजीत सहाय, सुमंत करण, शिक्षक सावमेल बारला, मुकेश चंद्रवंशी समेत अन्य लोग मौजूद थे.

### होटल संचालकों पर बढ़ाएं निगरानीः डीआईजी

**मेदिनीनगर।** पलामू क्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक नौशाद आलम ने क्षेत्र के तीनों जिलों के सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र के होटलों व लॉजों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश जारी किया है. साथ ही यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि वहां ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पूरी जानकारी प्रतिदिन सुबह 10 बजे तक संबंधित थाना में उपलब्ध कराई जाए. डीआईजी ने चेतावनी दी है कि यदि जानकारी छुपाई जाती है या कोई व्यक्ति बिना वैध पहचान के ठहरता है, तो उसकी पूरी जवाबदेही होटल संचालक की होगी और उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. आदेश में यह भी कहा गया है कि सभी होटल संचालकों से समन्वय बैठक कर उन्हें निर्देशित किया जाए कि हर यात्री का नाम, पता, वैध पहचान पत्र की प्रति, आगमन व प्रस्थान की तिथि, और यदि वाहन साथ है तो उसका विवरण भी थाने में अनिवार्य रूप से दिया जाए. किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वाहन की सूचना मिलते ही तत्काल सत्यापन कर विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश है. डीआईजी ने यह भी कहा है कि किसी आपराधिक परिस्थिति में संबंधित दण्डाधिकारी को तुरंत सूचित करना अनिवार्य होगा. उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहारों और अन्य अवसरों पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम बेहद जरूरी है. किसी भी स्तर की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी और आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित होटल प्रबंधक के विरुद्ध कार्रवाई तय है.

## ब्रीफ न्यूज

### सड़क हादसे में सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मी की मौत

**रामगढ़।** रामगढ-बोकारो मुख्य मार्ग के मारंगमरचा स्थित मिडिल स्कूल के समीप बुधवार देर रात लगभग 10 बजे के करीब हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है. मृतक की पहचान रजरप्पा प्रोजेक्ट के एमडीएस कॉलोनी क्वार्टर नं 8/64 में रहने वाले सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मी 61 वर्षीय बंधु डोम के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार बंधु डॉम अपने रिश्तेदार के यहां मुहझूठी कार्यक्रम में मारंग मरचा गया हुआ था. कार्यक्रम खत्म होने के बाद रजरप्पा प्रोजेक्ट आने के लिए सवारी गाड़ी में बैठने के लिए रोड क्रॉस कर रहा था. इस बीच तेज रफ्तार से पार हो रही एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मरते हुए फरार हो गया. जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए.

### हिरण को ग्रामीणों ने वन विभाग को सौंपा

**केरेडारी (हजारीबाग)।** कोल माइंस के लगातार खनन और वनों के कटान ने जंगली जीवों का जीवन संकट में डाल दिया है. हर दिन जंगलों का दायरा सिमट रहा है, जिससे वन्य जीव अब भोजन और सुरक्षित आश्रय की तलाश में गांवों का रुख कर रहे हैं.इसी क्रम में गुरुवार को केरेडारी प्रखंड के पांडु गांव में ग्रामीणों को एक सुनहरे रंग का अति सुंदर हिरण दिखा, जो गांव में भटक गया था. ग्रामीणों ने संयम और सतर्कता के साथ हिरण को सुरक्षित पकड़ लिया और इसकी सूचना सीकरी ओपी थाना को दी. पुलिस की मदद से हिरण को बड़कागांव वन प्रमंडल कार्यालय को सुपुर्द कर दिया गया.

### मुहर्रम महासमिति अध्यक्ष बने मौलाना महफ़ूज़ रहमान

**पत्थलगड्डा।** मुहर्रम को लेकर प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न समितियों द्वारा सिंघानी मुस्लिम टोला में देर संध्या को एक दिवसीय बैठक कर महासमिति का गठन किया। इस दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए मौलाना महफूज़ रहमान, उपाध्यक्ष मोहम्मद इसराइल, सचिव मोहम्मद शमशाद, उप सचिव समीर अंसारी, कोषाध्यक्ष मोहम्मद बसीर एवं मोहम्मद रज्जाक को सर्वसम्मति से चुना गया. इसके अलावा सभी चौकी से पांच-पांच सदस्य बनाया गया है.जिनके देखरेख में बड़की चौकी एवं छोटकी चौकी के लोग मुहर्रम का जुलूस निकालेंगे. अध्यक्ष महफूज़ रहमान ने लोगों को कहा कि मुहर्रम का जुलूस समय पर निकालें एवं समय पर प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सुभाष चौक पहुंचे. इस दौरान यह भी कहा कि किसी भी कीमत पर उदंडता का परिचय नहीं देने की अपील की.

## उपायुक्त ने ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की

# योजनाओं की प्रगति पर चर्चा, समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश

**शुभम संदेश ।कोडरमा**



समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में मनरेगा, बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा कूप संवर्धन योजना, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, प्रधानमंत्री जन-मन योजना एवं पंचायती राज विभाग की प्रगति की समीक्षा की गई.

उपायुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पीट डिगिंग कार्य को शीघ्र पूरा कर आगामी 15 दिनों में पौधारोपण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. साथ ही, वेंडरों को समय पर पौधों की आपूर्ति करने को कहा गया. बिरसा कूप संवर्धन योजना के अंतर्गत लंबित कूप निर्माण कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए.

उपायुक्त ने सभी लंबित आवासों के निर्माण को जल्द पूरा करने तथा जियोटैग किए गए आवासों का सत्यापन सुनिश्चित कराने पर बल दिया. पंचायती राज विभाग के अंतर्गत हर प्रखंड में कम से कम एक पंचायत को डिजिटल एवं मॉडल पंचायत के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया गया.

पंचायत सचिवों को जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र निर्माण के लिए प्रशिक्षण देने, ज्ञान केंद्रों के संचालन और प्रचार-प्रसार को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए.

दीदी बागिया योजना को सभी पंचायत भवनों, आंगनबाड़ी केंद्रों और सरकारी कार्यालयों में लागू करने पर भी जोर दिया गया.बैठक में उप विकास आयुक्त रवि जैन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजुर, सभी बीडीओ और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

### विकास योजनाओं की प्रगति को लेकर की समीक्षा

**कोडरमाः** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें योजना/विकास शाखा एवं सभी इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों के साथ अनाबद्ध निधि, डीएमएफटी, सांसद और विधायक निधि से संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई.बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 से क्रियान्वित अपूर्ण योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई. उपायुक्त ने सभी कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि लंबित योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र पूर्ण किया जाए.बैठक में उप विकास आयुक्त रवि जैन, अपर समाहर्ता पूनम कुजूर, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुजूर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

## हजारीबाग में उत्तम यादव गिरोह के नौ अपराधी हुए गिरफ्तार

# आरोपियों का पुलिस ने कराया पैदल मार्च

**शुभम संदेश ।हजारीबाग**



पुलिस ने कुख्यात अपराधी उत्तम यादव गिरोह के नौ सक्रिय अपराधियों को गिरफ्तार किया है. हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 जून 2025 को उत्तम यादव के इशारे पर अपराधियों ने हजारीबाग सदर थाना स्थित श्री ज्वेलर्स पर हत्या और रंगदारी की नीयत से गोलीबारी की थी. इन 9 आरोपियों में से दो आरोपी नीतीश कुमार और बादल कुमार को रांची से गिरफ्तार किया गया है. घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त पिस्तौल, मोटरसाइकिल और अन्य सामान भी बरामद कर लिया गया है.

हजारीबाग पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में संत कोलंबस कॉलेज के पास एकत्रित हो रहे हैं. इस सूचना के आलोक में एक टीम गठित कर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. जिसमें दो मोटरसाइकिल पर सवार थे और अन्य चार पहिया वाहन पर सवार थे. पुलिस को सक्रिय देख सभी आरोपी भागने की कोशिश कर रहे थे. पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया. मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों के नाम शक्ति गिरी उर्फ साइको टाइगर और मनीष यादव हैं. चार पहिया वाहन से मुकेश कुमार, राहुल कुमार वर्मा, शुभम अग्रवाल, गोलू कुमार, रवि रौशन को गिरफ्तार किया गया. तलाशी के दौरान शक्ति गिरी के पास से एक लोडेड पिस्टल और मैगजीन के साथ जिंदा कारतूस बरामद किया गया. मनीष यादव के पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया.

तलाशी के दौरान पुलिस ने वाहन से पिस्टल की एक मैगजीन और दो जिंदा कारतूस बरामद किया. आम लोगों के मन से अपराधियों का खौफ खत्म करने और कानून का डर कायम करने के उद्देश्य से हजारीबाग पुलिस ने अनूठी पहल करते हुए गिरफ्तार सभी नौ आरोपियों को पैदल मार्च करवाया.गौरतलब हो कि श्री ज्वेलर्स पर 7 राउंड फायरिंग के बाद हजारीबाग के व्यवसायी आंदोलनरत थे. उन्होंने पुलिस को 48 घंटे का अल्टीमेटम भी दिया था. गिरफ्तारी नहीं होने पर व्यवसायियों ने मसाल-झूठी निकाली. हजारीबाग के प्रतिष्ठान भी एक दिन के लिए बंद रहे. स्थिति यह रही कि सांसद मनीष जायसवाल ने भी हजारीबाग एसपी से दो बार मुलाकात कर व्यवसायियों की सुरक्षा की मांग की. इस घटना को लेकर पूरे राज्य में चर्चा गरम रही कि अपराधी दिनदहाड़े एक दुकान में सात राउंड रंगदारी मांगने वाले दो शख्स गिरफ्तार हजारीबाग में दो व्यवसायियों से रंगदारी मांगने की घटना सामने आई थी. जिसको लेकर जिला प्रशासन अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान भी चला रहा था. हजारीबाग पुलिस ने धमकी देने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया है. जिसका नाम राशिद जावेद है. जो मूल रूप से धनबाद का रहने वाला है. दरअसल वह किसी गिरोह से ताल्लुक नहीं रखता बल्कि एक बड़ा अपराधी के साथ-साथ साइबर ठग है. हजारीबाग पुलिस ने विभिन्न व्यवसायियों को धमकी देने वाले शख्स राशिद जावेद को गिरफ्तार कर लिया है. उसने दो ज्वेलरी दुकान व्यवसाय और एक जूता व्यवसाय को धमकाकर 10 लाख रुपये की मांग की थी. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही थी. तकनीकी टीम के साथ छापेमारी टीम का गठन किया गया. छापेमारी टीम ने तकनीकी साक्ष्य के जरिए कार्रवाई करते हुए धमकी देने वाले आरोपी राशिद जावेद को धनबाद से गिरफ्तार कर लिया. आरोपी के पास से धमकी देने में प्रयुक्त मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है.

### यात्रा कर लौटे तीर्थ यात्री हुआ भव्य स्वागत



**हजारीबाग।** सांसद तीर्थ दर्शन योजना के तहत तीर्थयात्रियों का पहला जत्था अपनी दिव्य यात्रा पूरी कर सकुशल नृसिंह स्थान पहुंचा। तीर्थयात्रियों ने प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान, मां विंध्यवासिनी धाम में दर्शन-पूजन और अयोध्या में प्रभु श्रीराम की नगरी का दर्शन किया। यात्रियों ने इस यात्रा को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और अविस्मरणीय अनुभव बताया।घर लौटने पर श्रद्धालुओं का ढोल-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। गांववासियों ने पूरे उत्साह और आत्मीयता के साथ बुजुर्गों और यात्रियों का अभिनंदन किया। तीर्थयात्रियों ने सांसद मनीष जायसवाल का आभार जताते हुए कहा कि इस यात्रा ने उनके जीवन को नई दिशा और ऊर्जा दी है।इस अवसर पर आयोजित स्वागत समारोह में कटकमदाग के उप प्रमुख विमल प्रसाद गुप्ता, खपरियावा पंचायत के मुखिया राजेश गुप्ता, वार्ड सदस्य तिलेश्वर साव, भाजपा कार्यकर्ता वीरेंद्र साव, सिद्धेश्वर साव, संजय पासवान, सोनू सिंह, सीताराम साव, रंजीत साव, विशाल वर्मा, सुबोध वर्मा, अनिल साव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। पूरे इलाके में इस तीर्थ यात्रा को लेकर उत्साह का वातावरण रहा.

## छड़वा मोहर्रम मेला की तैयारी पूरी

# कल से तीन दिनों तक रहेगा भव्य आयोजन

**शुभम संदेश । हजारीबाग**



मोहर्रम के अवसर पर हजारीबाग के छड़वा मोहर्रम टांड में ऐतिहासिक छड़वा मोहर्रम मेला का शुभारंभ कल मोहर्रम की आठवीं तारीख को जुमे की नमाज के बाद किया जाएगा. यह भव्य मेला तीन दिनों तक आयोजित होगा, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता की उम्मीद है.छड़वा मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मुख्तार अंसारी, सचिव नौशाद खान और कमेटी के अन्य सदस्य मेला को सफल और गरिमामय बनाने के लिए लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं. मेला आयोजन को लेकर आस-पास के गांवों में भ्रमण कर लोगों को सरकारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी जा रही है और समय सीमा के अंदर मेले में शामिल होने का निमंत्रण दिया जा रहा है.कांग्रेस नेता एवं मोहर्रम कमेटी के मीडिया प्रभारी साजिद अली खान ने जानकारी दी कि इस बार मेले में पिचरी, खुटरा, गदोखर, बलियंद, रोमी, पबरा और हेदलाग गांवों से आने वाले गगनचुंबी निशान और नई तकनीक से सजी करीब दो दर्जन ताजिए विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे.स्थानीय प्रशासन और कमेटी के संयुक्त प्रयास से मेला शांतिपूर्ण, सुरक्षित और भव्य रूप से संपन्न कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है.

# आकांक्षी प्रखंडों की योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**शुभम संदेश ।कोडरमा**

समाहरणालय सभागार में उपायुक्त श्री ऋतुराज की अध्यक्षता में कोडरमा जिला के आकांक्षी प्रखंडों – जयनगर एवं मरकच्चो – में संचालित योजनाओं की प्रगति को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में संबंधित प्रखंडों के बीडीओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित सभी सूचकांकों पर बेहतर तरीके से कार्य करें. उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन योजनाओं में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है, उनमें कार्यों को तेज किया जाए और समयबद्ध ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित हो. उन्होंने सभी विभागों को माइक्रो प्लान तैयार कर सभी इंडिकेटर्स को शत-प्रतिशत संतृप्त करने का निर्देश दिया.प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे नियमित रूप से मासिक बैठक कर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करें और लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए विभागीय समन्वय को मजबूत करें.

बैठक के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, जल-जीवन मिशन, ग्रामीण विकास एवं कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में चल रही योजनाओं की गहन समीक्षा की गई. उपायुक्त ने कहा कि ये योजनाएं आम जनता की बुनियादी जरूरतों से जुड़ी हैं, अतः इनकी गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा.बैठक में उप विकास आयुक्त श्री रवि जैन, मरकच्चो बीडीओ हुलास महतो, जयनगर बीडीओ गौतम कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

# स्वर्ण व्यवसायियों से रंगदारी मांगने वाला अपराधी गिरफ्तार



**शुभम संदेश । हजारीबाग**

दीपूगढ़ा चौक स्थित सोनी अलंकार ज्वेलर्स के संचालक से इंटरनेट कॉल के माध्यम से दस लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले साइबर अपराधी राशिद जावेद उर्फ संजू को हजारीबाग पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने एक प्रेसवार्ता में किया.पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि हजारीबाग में हाल में एक ज्वेलरी शॉप पर हुई फायरिंग और उत्तम यादव का वायरल वीडियो देखने के बाद उसने गूगल से बड़े व्यवसायियों के नंबर निकालकर धमकी देना शुरू किया. उसने बिहार शू और युवराज ज्वेलर्स के मालिकों से भी इसी तरह पैसे की मांग की थी. पुलिस जांच में यह सामने आया कि आरोपी का कोई आपराधिक संगठन से संबंध नहीं है.वह स्वयं को बड़े अपराधियों के नाम पर धमकी देकर पैसे मांगता था. पुलिस ने उसके पास से रंगदारी मांगने में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है.आरोपी पूर्व में भी कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है. फिलहाल उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है और उसके अन्य नेटवर्क की जांच की जा रही है.

**बैठक**

## मुहर्रम को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

# बिना पुष्टि के वीडियो एवं फोटो को शेयर ना करें : डीसी

**शुभम संदेश ।रामगढ़**



मुहर्रम के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर गुरुवार को उपायुक्त, फैज अक अहमद मुमताज एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई.

बैठक के दौरान उपायुक्त, एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी को आगामी मुहर्रम पर्व की शुभकामनाएं देते हुए शांतिपूर्ण तरीके से पर्व के आयोजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की. मौके पर उपायुक्त ने सभी लाइसेंस धारी अखाड़ों को निर्धारित रूट से ही जुलूस आयोजित करने एवं किसी भी परिस्थिति में रूट ना बदलने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने कहा कि पर्व के दौरान अगर किसी भी प्रकार की कोई अफवाह सामने आती है तो इसकी जानकारी त्वरित रूप से नजदीकी थाना अथवा जिला प्रशासन को दी जाए ताकि ससमय उसपर कार्रवाई की जा सके वही उन्होंने पर्व के दौरान किसी भी तरह से सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने संबंधित कोई भी गतिविधि ना होने देना तथा किसी भी प्रकार की अखबार सामने आने पर तुरंत इसकी जानकारी जिला कंट्रोल रूम अथवा नजदीकी प्रशासन को देने की अपील की. मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति के सभी सदस्यों को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक के दौरान जो भी जानकारी उन्हें दी जा रही हैं उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में सभी अखाड़ों व अन्य लोगों तक पहुंचाने की अपील की. साथ ही उपायुक्त ने जुलूस के दौरान समय व सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया.बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में अलर्ट मोड पर रहने, संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्ती करने एवं हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया.

बैठक के दौरान उपायुक्त ने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर आकस्मिक स्वास्थ्य सुविधाओं आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया वही कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल एवं अग्निशमन अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने एवं आवश्यकता अनुसार त्वरित कार्य करने का निर्देश दिया.

### बिना माइनिंग चालान के ढो रहा खनिज, डीसी ने दी चेतावनी

**रामगढ़।** झारखंड की बेहद महत्वाकांक्षी पावर प्लांट पीवीयूएनएल रामगढ़ जिले के पतरातू में स्थित है. इतनी बड़ी कंपनी को जिला प्रशासन की ओर से स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है. लेकिन यह कंपनी खनन विभाग को ही चूना लगाने में जुट गई है. सबसे बड़ी बात यह है कि पीवीयूएनएल प्रबंधन माइनिंग चालान का उपयोग ना कर राज्य सरकार को मिलने वाले राजस्व की चोरी कर रहा है। खनन विभाग की ओर से यह चोरी पकड़ी भी गई और भारी जुर्माना भी लगाया गया है .रामगढ़ डीसी फ़ैज़ अक अहमद मुमताज ने पीवीयूएनएल के कार्यपालक पदाधिकारी को चेतावनी दी है. जिला खनन पदाधिकारी की ओर से डीसी को जब राजस्व की चोरी के बारे में बताया गया तो उन्होंने इसे बेहद गंभीरता से लिया.

## एक नजर



### केरेडारी में त्रिवेणी कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

**केरेडारी (हजारीबाग)।** त्रिवेणी कंपनी द्वारा पाकरी बरवाडीह नॉर्थ वेस्ट कोल परियोजना के तहत केरेडारी के इतिज-सिरमा मुख्य मार्ग पर मिट्टी डाले जाने से सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है. वर्षा के कारण सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है, जिससे स्थानीय लोगों का चलना-फिरना मुश्किल हो गया है.उक्त मार्ग से उत्क्रमित मध्य विद्यालय इतिज-सिरमा के छात्र-छात्राएं भी स्कूल जाते हैं, जिन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. बाइक से चलना नामुमकिन हो गया है. इस स्थिति से नाराज होकर गुरुवार को इतिज और सिरमा गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने त्रिवेणी कंपनी के सीएचपी कार्यालय का घेराव किया और कंपनी का कार्य बंद करा दिया.ग्रामीणों ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि जब तक सड़क की मरम्मत नहीं की जाती, तब तक कोई भी कार्य नहीं करने दिया जाएगा. विरोध के बाद कंपनी की ओर से एक पोकलेन मशीन से सड़क की सफाई का प्रयास शुरू किया गया, हालांकि यह पीसीसी सड़क है और उस पर मिट्टी डालना अनुचित था.प्रदर्शन में कुलदीप गंझू, भोला गंझू, अनीश गंझू, अजय भोक्ता, रितेश गंझू सहित दोनों गांवों के सैकड़ों लोग शामिल हुए. ग्रामीणों ने जल्द समाधान की मांग की है.

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न



**चतरा।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्द और आपसी भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त कीर्तिश्री जी ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे.बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम (चतरा), सन्नी राज (सिमरिया), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार सहित विभिन्न प्रखंडों से आए समाजसेवी, धर्मगुरु, ताजिया कमेटी के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.उपायुक्त ने कहा कि मुहर्रम संयम, त्याग और भाईचारे का प्रतीक है और इसका शांतिपूर्ण आयोजन हम सभी की जिम्मेदारी है. उन्होंने सभी समुदायों से आपसी सहयोग और समन्वय बनाए रखने की अपील की.पुलिस अधीक्षक ने बताया कि संवेदनशील क्षेत्रों में दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल की तैनाती होगी. सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी की जाएगी. सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर साइबर सेल कड़ी नजर रखेगी. जिला कंट्रोल रूम (9334103793) 24×7 सक्रिय रहेगा.बैठक में ताजिया जुलूस के मार्ग, लाइटिंग, सफाई, चिकित्सीय सुविधा, विद्युत आपूर्ति और यातायात नियंत्रण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई.

### देशव्यापी हड़ताल को लेकर सीटू का अभियान तेज

**मरकच्चो (कोडरमा)।** देशव्यापी हड़ताल की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सीटू द्वारा प्रखंड स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में गुरुवार को झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) के बैनर तले मरकच्चो प्रखंड परिसर स्थित पंचायत भवन के बाहर सेविका-सहायिकाओं की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड सचिव बेबी ने की.बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रखंड अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 9 जुलाई को पूर्ण तालाबंदी कर हड़ताल को सफल बनाया जाएगा. राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि सरकार द्वारा लाए गए चार श्रम संहिता मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है. वहीं, एफआरएस के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं का शोषण किया जा रहा है.कर्मचारी नेता दिनेश रविदास ने मोदी सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट संघर्ष की अपील की. बैठक में नीलम यादव, विमला कुमारी, सरस्वती देवी, सुनीता वर्णवाल, ममता, रीना पांडेय, यशोदा देवी सहित दर्जनों सेविकाएं उपस्थित रहीं. सभी ने एक स्वर में हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया.

### मोहर्रम को लेकर चंदवारा थाना में हुई शांति समिति बैठक

**चंदवारा (कोडरमा)।** मोहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर चंदवारा थाना परिसर में गुरुवार को अंचलाधिकारी अशोक कुमार भारती की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई. बैठक का संचालन थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार ने किया. वहीं विभिन्न अखाड़े से आये लोगों ने अपनी अपनी विचारों को रखा. उपस्थित लोगों ने मुहर्रम त्योहार को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का भरोसा दिया.इस दौरान अंचलाधिकारी अशोक कुमार भारती ने कहा कि अफवाह फ़ैलाने वालों पर प्रशासन अपनी पैनी नजर रखी हुई है. इसलिए अफवाह पर ध्यान नहीं दें. सरकारी आदेशानुसार डीजे पर पूर्ण पाबंदी है. सभी अखाडा के कमिटि व समाज के बुद्धिजीवी से प्रशासन को सहयोग कि अपील की ताकि मोहर्रम का पर्व शांती पूर्वक सम्पन्न हो सके.मौके पर विधायक प्रतिनिधी लक्ष्मण प्रसाद यादव, महेन्द्र यादव,राजकुमार यादव, रामप्रसाद यादव, मुन्शी यादव,कृष्णा यादव, संजय दास, विरेन्द्र साव, राजदेव रजक, सुरेश यादव, अजय वर्णवाल, मो सफदर समेत कई लोग मौजूद थे.

### मुहर्रम की सातवीं पर लोग बने जंग-बदीया

**जयनगर (कोडरमा)।** मुहर्रम पर्व की सातवीं को प्रखंड मुख्यालय स्थित विभिन्न मुस्लिम बहुल क्षेत्रों के इमामबाड़ों में लोग जंग बदीया बने इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में गुरुवार को लोग जंग-बदीया बने और कर्बला की याद में अपना अकीदा पेश किया. सुबह से ही मुहर्रम कमेटियों की ओर से तैयारियां शुरू हो गई थीं. दोपहर जैसे हीहुआ पूरा इलाका ₹या हसन, या हुसैन₹ के नारों से गूंज उठा. पैक बनने वाले युवाओं ने सिर पर टोपी हाथों में मूर्छल और बदन पर जंग-बदीया पोशाक पहनकर इमाम हुसैन की बहादुरी और सब्र का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया. इस दौरान लोगों ने अमन, शांति और इंसाफ की दुआ मांगी. जगह-जगह सबील और लंगर का आयोजन भी किया गया जहाँ राहगीरों को शरबत और पानी वितरित किया गया.

### स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में लगी डीवीसी



**जयनगर (कोडरमा)।** कोडरमा ताप विद्युत परियोजना के तहत आने वाले क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में डीवीसी (दामोदर वैली कॉरपोरेशन) सक्रिय हो गई है. इसी कड़ी में गुरुवार को डीवीसी के डीजीएम सुखमोय नायक ने सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार से मुलाकात की और आगामी स्वास्थ्य सेवा गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की.यह कार्यक्रम डीवीसी की सीएसआर (कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) योजना और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रस्तावित 800×2 मेगावाट की अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत परियोजना के मद्देनजर आयोजित किया जाएगा.सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने डीवीसी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम स्थानीय समुदाय के सामाजिक उत्थान और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा. उन्होंने स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रमों के सफल संचालन में प्रशासनिक सहयोग का भरोसा दिलाया.इस अवसर पर डॉ. मनोज कुमार भी उपस्थित थे. बैठक के दौरान विभिन्न संभावित स्वास्थ्य शिविरों और सेवाओं की रूपरेखा पर भी विचार किया गया.

### ब्रीफ न्यूज

## खेलने के दौरान बच्चा तालाब में गिरा, मौत

**भंडरा/लोहरदगा।** जिले के भंडरा थाना अंतर्गत अंबेरा गांव में बुधवार को तालाब के गहरे पानी में डूबने से एक 5 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई मृतक बच्चे की पहचान अंबेरा गांव निवासी दिलीप उरांव का 5 वर्षीय बेटा निखिल उरांव के रूप में की गई है निखिल अन्य बच्चों के साथ पोखर के पास खेल रहा था इस क्रम में उसका पैर फिसल गया और गहरे पानी में चला गया मुखिया परमेश्वर महली ने बताया की बच्चों ने शोर मचाया तो जुटे ग्रामीणों ने बच्चे को तालाब से निकाला तब-तक उसकी मौत हो चुकी थी मौत की सूचना पर दिलीप उरांव के घर कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची भंडरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया.

## झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा का धरना जारी

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय के पास झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा और खलारी के असंगठित मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना लगातार चौथे दिन भी जारी रहा. बचरा रेलवे साइडिंग में काम करने वाले मजदूर अपनी समस्याओं और हाई पावर कमेटी के लाभ के लिए संघर्ष कर रहे हैं. यह धरना 30 जून सोमवार से शुरू हुआ था, लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी कंपनी और प्रबंधन की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई है. इससे मजदूरों में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है. मजदूरों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे पिपरवार क्षेत्र में कोयला खनन और परिवहन समेत सभी कार्यों को बंद करा देंगे. मजदूरों की मुख्य मांग हाई पावर कमेटी का लाभ देने की है. धरने पर बैठे मजदूर और पार्टी कार्यकर्ता अपने परिवारों के साथ कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं, पर कंपनी का कोई ध्यान नहीं मिल रहा.

### पांच जुलाई को होगा एकदिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

# उपायुक्त ने नए बैडमिंटन कोर्ट का किया उद्घाटन

**शुभम संदेश। गुमला**



वर्ल्ड बैडमिंटन डे के अवसर पर गुमला में आगामी 5 जुलाई को एक दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा.गुरुवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने इंडोर स्टेडियम परिसर में बैडमिंटन कोर्ट में लगाए गए नए मैट का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर उन्होंने बच्चों एवं युवाओं को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया. उपायुक्त ने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें नशा से दूर रहने तथा खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया. उन्होंने स्वयं भी बैडमिंटन खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. उपायुक्त ने बताया कि जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है. जिसमें युवाओं को खेल के माध्यम से रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है. उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर युवाओं को एक सकारात्मक मंच प्रदान किया जाएगा. बैडमिंटन कोर्ट को बेहतर बनाने का कार्य इसीलिए किया जा रहा है ताकि युवा नियमित रूप से यहां आकर अभ्यास कर सकें. इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी बैडमिंटन कोच खिलाड़ियों एवं संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे.

## डीसी ने मनरेगा और पीएम आवास योजना का किया निरीक्षण



**गुमला।** उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो ने गुरुवार को भरनो प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) एवं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया.निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने योजनाओं की भौतिक प्रगति, कार्य गुणवत्ता एवं श्रमिक उपस्थिति की जांच की . उप विकास आयुक्त ने कार्य स्थलों पर उपस्थित लाभुकों एवं श्रमिकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली एवं त्वरित निदान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया. उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कार्यस्थलों पर सोशल ऑडिट बोर्ड लगाने, मस्टररोल एवं सूचना पट्ट की अद्यतन स्थिति सुनिश्चित करने, योजनाओं में पारदर्शिता और समय पर पूरा करने का निर्देश दिया.

# सरकार को बदनाम करने की भाजपा की साजिश नाकाम हुई: बैद्यनाथ राम

**शुभम संदेश। लातेहार**



झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि भाजपा के नेताओं ने एक साजिश के तहत झारखंड की सरकार को बदनाम करने का प्रयास किया है. लेकिन भाजपा की यह मंशा नाकाम रही. लोग भाजपा के इस षड़यंत्र को जान चुके हैं. उन्होने कहा कि चपई सोरेने के सहायक और अन्य भाजपा नेताओ ने मिल कर भोगनाडीह में हिंसा फैलाने काम किया. इसके लिए सप्ताह पहले से गांव गांव में घुम कर षड़यंत्र रच रहे थे. श्री राम गुरूवार को जिला मुख्यालय में झारखंड सरकार को बदनाम करने की साजिश रचने के विरोध में झामुमो के द्वारा भाजपा का पुतला दहन कार्यक्रम मे प्रेस से मुखातिब हो रहे थे. उन्होने आगे कहा कि 30 जून को भाजपा के कार्यकर्ता और नेताओं ने हिंसा व अव्यवस्था फैला कर झारखंड सरकार को बदनाम करने की कोशिश की, इसके विरोध में भाजपा का पुतला दहन किया गया. उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ ढिंढोरा पीटती है कि वह आदिवासियों की हितैषी है. वास्तव में भाजपा आदिवासियों की घोर विरोधी है. यही कारण है कि उन्होने अभी तक सरना कोड को मान्यता नहीं दी. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा प्रदेश में गंदी राजनीति कर रही है.

## दो दिवसीय मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शिविर का हुआ समापन

### 1634 लाभुकों का आधार किया गया एक्टिव



**शुभम संदेश। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ ताराचंद के निदेश पर मुख्यमंत्री मंईंयां सम्मान योजना की वैसी लाभुक जिनका आधार नम्बर इनएक्टिव था, उनका आधार एक्टिव करने के लिए 1 व 2 जुलाई 2025 को सभी प्रखंडों के पंचायतों में और नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में शिविर का आयोजन किया. इसमें कुल 1634 लाभुकों का आधार नम्बर एक्टिव किया गया.उपायुक्त, लोहरदगा ने अपील की है कि मुख्यमंत्री मंईंयां सम्मान योजना की वैसी लाभुक जिनका आधार नम्बर अब एक्टिव हो चुका है और एनपीसीआई से मैप्ड नहीं है वे अपने संबंधित बैंक में जाकर अपना आधार को एनपीसीआई से मैप करा लें ताकि मुख्यमंत्री मंईंयां सम्मान योजना की राशि निर्बाध रूप से बैंक खाता में क्रेडिट होती रहे.

## एक नजर

### समस्याओं को लेकर सांसद प्रतिनिधि से मिले ग्रामीण



**कुडू /लोहरदगा।** प्रखंड के चटकपुर गांव में सड़क व पानी की गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कुडू सांसद प्रतिनिधि लाल बिकास नाथ साहदेव से मुलाकात की. गांव के आखाड़ा से लेकर फुटबॉल मैदान तक की सड़क जर्जर अवस्था में है, जहां गहरे गड्ढों के कारण बारिश का पानी जमा हो जाता है. इससे ग्रामीणों और विशेष रूप से स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है.ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि को सड़क निर्माण के लिए आवेदन सौंपा और जल्द मरम्मत की मांग की. साथ ही जल नल योजना के अधूरे काम को लेकर भी शिकायत की, जिससे गांव में पीने के पानी की किल्लत बनी हुई है. ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पीने का पानी लाने के लिए एक किलोमीटर दूर जाना पड़ता है.सांसद प्रतिनिधि ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वे इन समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर जल्द समाधान की दिशा में पहल करेंगे. मौके पर राजीव टाना भगत, प्रमोद लोहरा, सचिन उरांव, विनय उरांव, नागेन्द्र उरांव, अर्जुन मुंडा, लालु उरांव, अमित उरांव, तारामणी देवी, गुजू मुंडा व प्रमिला उरांव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे.

### एसपी ने रायडीह व सुरसंग थाना का किया औचक निरीक्षण



**गुमला।** गुमला के पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा ने गुरुवार को रायडीह और सुरसांग थाना का औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, थाना भवन, बैरक आदि का निरीक्षण किया. थाना में संधारित होने वाले पंजी व संचिकाओं का अवलोकन किया. संबंधित थाना प्रभारी को थाना परिसर व बैरक की साफ-सफाई का निर्देश दिया. सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की. थाना में संधारित सभी अभिलेखों-संचिकाओं का सही से रख-रखाव एवं अद्यतन रखने, लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए. अपने थाना क्षेत्र में पशु तस्करी एवं ब्लैक स्पॉट स्थानो को चिन्हित करते हुए एंटी वाहन जांच करने तथा वाहन दुर्घटना में कमी लाने एवं पशु तस्करी की रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश दिए। एसपी के साथ थाना प्रभारी शामिल थे.

### विशालकाय आम का पेड़ घर पर गिरा, छात्रा घायल

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के खोरा पतरा टोली गांव में बुधवार की रात लगातार बारिश होने के कारण एक विशालकाय आम का पेड़ मनोहर साहू के घर पर गिर गया. घटना में मनोहर साहू की 14 वर्षीय पुत्री सुनीता कुमारी के सिर में चोट लगी. रात को ही उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज किया गया. घटना की जानकारी देते हुए मनोहर ने बताया कि घर के सामने एक पुराना विशालकाय आम का पेड़ था. इधर लगातार बारिश से पेड़ घर पर ही गिर गया. घटना के वक्त सुनीता पढ़ाई कर रही थी वही घर के अन्य सदस्य खाने-पीने की तैयारी में जुटे थे. घर में पढ़ाई कर रही सुनीता के सिर में एसवेस्टर गिरा और उसे गंभीर चोट लगी. वही घर में बंधे चार मवेशी को भी चोट लगी है. घटना के बाद लोग घर के अंदर ही फंस गए. ग्रामीणों के सहयोग से सभी को बाहर निकाला गया. गुरुवार की सुबह 8 बजे मनोहर साहू ने बताया घटना में घर ध्वस्त हो गया है वहीं घर का काफी सामान छतिग्रस्त हो गया. मनोहर ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है.

### मनातू स्वास्थ्य केंद्र का सिविल सर्जन ने किया निरीक्षण



**मनातू (पलामू)।** ग्रामीणों की शिकायत पर गुरुवार को पलामू के सिविल सर्जन ने मनातू प्रखंड स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया. निरीक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्य केंद्र में स्थाई डॉक्टर की अनुपस्थिति की समस्या का समाधान खोजना था.ग्रामीणों ने वित्त मंत्री को स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल स्थिति और डॉक्टर की नियमित अनुपस्थिति की जानकारी दी थी, जिसके बाद मंत्री ने सिविल सर्जन को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया. सिविल सर्जन ने निरीक्षण के दौरान केंद्र की दवाइयों की आपूर्ति, उपकरणों की स्थिति और स्वच्छता व्यवस्था का भी जायजा लिया.उन्होंने निर्देश दिया कि जब तक स्थाई डॉक्टर की नियुक्ति नहीं होती, तब तक सप्ताह में कम से कम चार से पांच दिन अस्थाई रूप से डॉक्टर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए. साथ ही, सभी स्वास्थ्यकर्मियों को कर्तव्य के प्रति सजग रहने और मरीजों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने का निर्देश दिया गया.

### विश्व आदिवासी दिवस को लेकर झखरा में बैठक



**लोहरदगा।** झारखंड के लोहरदगा जिले के झखरा कुम्बा सभागार में गुरुवार को राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक संपन्न हुई. इस बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव सुकेनदर उरांव ने की. बैठक में आगामी 9 अगस्त को मनाए जाने वाले विश्व आदिवासी दिवस समारोह की तैयारी पर चर्चा की गई. सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह दिवस रूढ़िवादी एवं पारंपरिक जनजातीय समुदायों की सहभागिता के साथ भव्य रूप से मनाया जाएगा. इस बैठक में जिला समिति और कोर कमिटी के कई पदाधिकारी शामिल हुए जिनमें प्रमुख रूप से बिरसा उरांव, सोमे उरांव, फूलदेव भगत, सुधू भगत, मंगलदास उरांव, बंदे उरांव, मतलु उरांव, सुरेन्द्र भगत और मीडिया प्रभारी नूतन कच्छप उपस्थित रहे.

### भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर मांगी सुख-शांति



**लोहरदगा।** शहर के महाराजा अग्रसेन पथ स्थित भोलेनाथ कुटिया महादेव मंदिर में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ स्वामी के मौसीबाड़ी आगमन के उपलक्ष्य में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया. भगवान के छठे दिन के भोग प्रसाद को सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया. इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू विशेष रूप से उपस्थित हुए और भगवान के दर्शन कर लोहरदगा की सुख-शांति व अमन-चैन की प्रार्थना की. मौके पर मंदिर समिति द्वारा अतिथियों का पारंपरिक चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया गया. भंडारे का शुभारंभ धीरज प्रसाद साहू द्वारा किया गया. दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित इस आयोजन में भंडारे के साथ-साथ विधिवत आरती और पूजन भी किया गया. समिति के सदस्यों ने बताया कि भगवान के मौसीबाड़ी आगमन के बाद प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भंडारे और आरती-पूजन की व्यवस्था की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त भाग ले रहे हैं. इस मौके पर डॉ. अजय शाहदेव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, उदय गुप्ता, निश्चय वर्मा, रितेश वर्मा, सुरेश अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, संजय शर्मा, शाश्वत जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे.

## ठाकुरगांव थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**बुढ़मू।** प्रखंड के ठाकुरगांव थाना परिसर में गुरुवार को मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी विनीत कुमार ने की. इस अवसर पर सभी समुदायों से आए प्रतिनिधियों ने आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मोहर्रम पर्व मनाने का संकल्प लिया. थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है. उन्होंने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा. बैठक को विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी, मुखिया दशरथ उरांव, कुशेन्द्र पाहन, जयंती देवी, सचिन पाहन, अख्तर अंसारी, कलाम अंसारी, जहांगीर अंसारी और कमल मोदी समेत अन्य लोगों ने भी संबोधित किया. सभी ने साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया. बैठक में शांति समिति के दर्जनों सदस्य और ग्रामीण उपस्थित थे. सभी ने प्रशासन को सहयोग देने और त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने का आश्वासन दिया.

## पुअनि बिलास चन्द्र को दी गई भावभीनी विदाई



**सिमडेगा।** पुलिस केन्द्र में आज एक भावपूर्ण विदाई सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अवर निरीक्षक (पुअनि) बिलास चन्द्र नायक को उनके सेवा निवृत्ति के अवसर पर सम्मानित किया गया. बिलास चन्द्र नायक ने वर्ष 1986 में पुलिस सेवा में प्रवेश किया था और लगभग चार दशकों तक बिहार एवं झारखंड के विभिन्न जिलों में अपनी निष्ठा और कर्तव्यपरायणता से सेवा दी. उनके समर्पण और अनुशासन के लिए वे हमेशा सहकर्मियों के बीच आदर्श रहे हैं. समारोह में पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा ने श्री नायक को सम्मानित करते हुए उनके उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की और उनके स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय सेवानिवृत्त जीवन की कामना की. इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), सार्जेन्ट मेजर सहित कई पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे. सभी ने मिलकर उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाओं और भावभीनी विदाई के साथ सम्मानित किया.

## विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन



**राहे।** डोमनडीह प्रखंड के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के परिसर में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया. समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप में किया गया. इस अवसर पर मैट्रिक 2025 के टॉप टालेंट छात्रों को सम्मानित किया गया और उनकी विदाई भी भावपूर्ण तरीके से की गई. समारोह में वक्ताओं ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य निर्धारित करें और पूरे मनोयोग से उस पर फोकस करें. उन्होंने कहा कि सपनों को साकार करने के लिए तन-मन से मेहनत करना जरूरी है, क्योंकि सफलता मेहनत से ही मिलती है. इस अवसर पर जिप सदस्य बादल महतो, उप प्रमुख उमेश महतो, समाज सेवी देवगुण महतो सहित विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका स्मिता मीणा, शिक्षकगण और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित थे. समारोह में छात्राओं की भी उपस्थिति रही, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया. सभी ने मिलकर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें लगातार मेहनत करने की सलाह दी. यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना.

## ईंट भट्ठा संघ की बैठक, ओवरलोडिंग रोकने का निर्णय



**बुढ़मू।** गुरुवार को पश्चिम क्षेत्र रांची जिला ईट भट्ठा संघ की महत्वपूर्ण बैठक संघ के अध्यक्ष मोहन साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. इस बैठक में बुढ़मू, रातु और ठाकुरगांव के सभी ईट भट्ठेदार उपस्थित थे. बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. विशेष रूप से, दुर्घटना, प्रशासनिक दबाव और धरपकड़ की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए टर्बो ट्रकों में ओवरलोडिंग रोकने पर आपसी सहमति बनी. इसे अगले सोमवार से लागू करने का निर्णय भी लिया गया है ताकि सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके. बैठक में मोहन साहू के साथ प्रदीप कुमार प्रसाद, ईदु खान, जुल्फान खान, दिनेश यादव, दारा सिंह, पंचम सिंह, संजय साहू, मनीष कुमार, सिद्धनाथ महतो, जाहिर अंसारी, सोमेश्वर गोप, राजेन्द्र साहू, करण सिंह, सुनील कुमार, विक्रांत सिंह, परिबा साहू, जनार्दन साहू, राजू पाठक और अनुराग सिंह शामिल थे.

## हुल दिवस पर अपमान के विरोध में झामुमो का प्रदर्शन



**चाईबासा।** हुल दिवस के अवसर पर संथाल परगना में अस्थिरता फैलाने के आरोप में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भाजपा के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया. झामुमो जिला अध्यक्ष मोज्जमिल अहमद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को सुभाष चंद्र बोस चौक पर भाजपा का पुतला फूंका. इससे पहले सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने झामुमो कार्यालय से चौक तक पैदल मार्च निकाला. प्रदर्शनकारियों ने 'हुल दिवस के अपमान का बदला लेगा झारखंड' के नारे लगाए. मोज्जमिल अहमद ने कहा कि पार्टी अपने इतिहास और शहीदों के सम्मान से कभी समझौता नहीं करेगी. उन्होंने भोगना डीह की घटना को पूर्व नियोजित साजिश बताया और कहा कि इसके पीछे भाजपा का हाथ है, जिसे जल्द जनता के सामने उजागर किया जाएगा. पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला सचिव अनिल उरांव, महिला नेत्री नीरू शांति भगत, जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, केंद्रीय सदस्य तिवारी उरांव, मंसूर अंसारी, शंकर उरांव, आकाश साहू, अफरोज अंसारी, सुष्मा उरांव, सलीम अंसारी, जुबेर अंसारी, संतोष नगेशिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## जेसीएमयू का 9 जुलाई की हड़ताल को समर्थन



**पिपरवार।** रैयत विस्थापित मोर्चा (आरवीएम) और झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन (जेसीएमयू) ने 9 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी श्रमिक हड़ताल को पूरी ताकत से समर्थन देने का ऐलान किया है. दोनों संगठनों ने संयुक्त बयान में श्रमिकों के हितों की अनदेखी और सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण के खिलाफ इस हड़ताल को आवश्यक बताया है. आरवीएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष और जेसीएमयू के केंद्रीय सदस्य इकबाल हुसैन ने केंद्र सरकार की नीतियों को मजदूर विरोधी करार देते हुए कहा कि चार लेबर कोड लागू होने से मजदूरों के अधिकार खतरे में पड़ जाएंगे. उन्होंने बताया कि लेबर कोड से न केवल श्रमिक अधिकारों का हनन होगा, बल्कि ट्रेड यूनियनों की भूमिका भी कमजोर होगी. यह कदम देश की सार्वजनिक संपत्तियों को कॉरपोरेट के हाथों सौंपने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है. इकबाल हुसैन ने सरकार के कोल इंडिया के निजीकरण के प्रयासों की आलोचना करते हुए कहा कि इससे स्थाई रोजगार कम हो रहा है और आउटसोर्सिंग के माध्यम से अस्थायी कर्मचारियों की संख्या बढ़ रही है. पिपरवार सहित कोयलांचल क्षेत्र में रैयत और विस्थापित परिवारों को रोजगार और मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, जबकि उन्होंने विकास के लिए अपनी उपजाऊ जमीनें दी थीं.

### जांच

### पीटीजी लाभुकों से बात कर ली खाद्यान वितरण संबंधित जानकारी

# केंद्रीय टीम ने पीडीएस दुकानों का किया निरीक्षण


**शुभम संदेश। मेदिनीनगर**



केन्द्र से संचालित योजनाओं का लाभ संबंधित लाभुकों को ससमय मिल रहा है या नहीं इसकी जांच को निकली खाद्य आपूर्ति विभाग की केन्द्रीय टीम कल शाम पलामू पहुंची. टीम के सदस्यों ने गुरूवार को चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में जनवितरण प्रणाली से संबंधित मामलों की स्थलीय जांच की. इस दौरान टीम में शामिल दो सदस्य गोकुल नागरकोटि व रामानंद मीणा के अलावा जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने चैनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित एसएफसी गोदाम पहुंचकर वहां की व्यवस्था को देखा. इस दौरान टीम के सदस्यों ने यह जानकारी ली कि गोदाम में अनाज का भंडारण किस तरह से किया जाता है. इसके बाद सदस्यों ने चैनपुर स्थित पैक्स का भी निरीक्षण किया. यहां निरीक्षण के बाद टीम के सदस्यों ने चैनपुर मुख्यालय स्थित जनवितरण प्रणाली डीलर अन्निद्ध प्रसाद व अरूण कुमार के दुकानों की जांच की. इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद डीलर से पूछताछ की. साथ ही अनाज वितरण में परेशानी को लेकर लाभुकों से भी बात की. यहां के बाद टीम के सदस्य चैनपुर प्रखंड अंतर्गत सेमरा गांव पहुंचे, जहां आदिम जनजाति लाभुकों से बात की. साथ ही उनसे केंद्र द्वारा मिलनेवाले अनाज के बारे में जानकारी ली.

जानकारी के अनुसार, 11 केन्द्रीय टीम झारखंड के सभी 19 आकांक्षी जिला में भ्रमण कर केंद्र संचालित खाद्यान वितरण की जानकारी ले रही है. इस दौरान चैनपुर के प्रभारी एमओ अभिषेक कुमार, शहर एमओ रंधीर कुमार, एजीएम संजीव कुमार एफसीआई के पदाधिकारी समेत पलामू जिला खाद्य आपूर्ति विभाग के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे.

## राजेन्द्र प्रसाद बने टेलीफोन सलाहकार समिति के सदस्य



**नामकुम।** भारत सरकार के संचार मंत्रालय, दूरसंचार विभाग ने टाटीसिलवे, रांची निवासी राजेन्द्र प्रसाद साहु (पिताः माणिक साहु) को रांची टेलीफोन एडवाइजरी कमिटी (टीएसी) का सदस्य नामित किया है. यह नियुक्ति 13 जुलाई 2026 तक प्रभावी रहेगी या अगले आदेश तक लागू मानी जाएगी. दूरसंचार विभाग की ओर से जारी पत्र में यह स्पष्ट किया गया है कि नामित सदस्य पर बीएसएनएल या एमटीएनएल का कोई बकाया नहीं होना चाहिए और उनका कोई निजी हित विभागीय हितों से टकराव में नहीं होना चाहिए. श्री साहु को अपनी स्वीकृति शीघ्र रांची बीएसएनएल के महाप्रबंधक को भेजनी होगी. इस नियुक्ति को दूरसंचार सेवाओं में जनता की भागीदारी और निगरानी को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.

## मंथन

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा ही सर्वोपरि

श्रावणी मेला न केवल धार्मिक आस्था का महापर्व है, बल्कि प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी बड़ी चुनौती होती है. इस बार 11 जुलाई से 9 अगस्त तक चलने वाले राजकीय श्रावणी मेले में 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के बाबा धाम, देवघर और बासुकीनाथ धाम आने की संभावना है. ऐसे में राज्य सरकार की ओर से की जा रही व्यवस्थाएं महत्वपूर्ण हैं. मुख्य सचिव अलका तिवारी द्वारा की गई समीक्षा और दिए गए निर्देश स्पष्ट करते हैं कि सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर गंभीर है. इसलिए यह स्वागतयोग्य है कि सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन और एआई निगरानी व्यवस्था की जा रही है. इसके अलावा कर्मियों को प्रशिक्षित, संवेदनशील और जवाबदेह बनाए जाने की बात भी व्यवस्था की गंभीरता को दर्शाती है. श्रद्धालुओं के मार्ग को समतल और सुरक्षित बनाना, फिसलन रोकने के उपाय, बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था, मेटल डिटेक्टर पर भीड़ प्रबंधन जैसे निर्देश बेहद जरूरी और समयानुकूल हैं. मेले में व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपायुक्तों और एसपी की सक्रिय भूमिका अनिवार्य है, विशेषकर रविवार और सोमवार जैसे अत्यधिक भीड़ वाले दिनों में. साथ ही, आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य-आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों की स्थल पर उपस्थिति अनिवार्य है. श्रावणी मेला आस्था का पर्व है, लेकिन इसका आयोजन अनुशासन, संवेदनशीलता और वैज्ञानिक सोच से होना चाहिए. श्रद्धालु जब बाबा नगरी से लौटें तो उनके मन में केवल भक्ति नहीं, बल्कि एक अनुशासित और संवेदनशील प्रशासन की छवि भी अंकित होनी चाहिए. यही किसी आयोजन की सफलता की असली कसौटी है.

## नजरिया

# झारखंड में अनदेखा न हो शिक्षकेत्तर कर्मियों का संघर्ष

नई शिक्षा नीति के लागू होने के बाद झारखंड के कॉलेजों से इंटर की पढ़ाई हटाना बड़ा शैक्षणिक निर्णय था, लेकिन इसके सामाजिक व मानवीय असर की अनदेखी करना दुर्भाग्यपूर्ण है. रांची यूनिवर्सिटी क्षेत्र के 500 से अधिक शिक्षकेत्तर अनुबंध कर्मी पिछले 90 दिनों से राजभवन के सामने बेमियादी धरने पर बैठे हैं. यह धरना अब विरोध से ज़्यादा अस्तित्व की लड़ाई बन चुका है. सरकार द्वारा इन कर्मियों को समायोजित करने या पुनर्बहाली के कदम न उठाना न केवल प्रशासनिक असंवेदनशीलता को दर्शाता है, बल्कि एक बड़ी मानव संसाधन विफलता भी है. वर्षों तक ईमानदारी से कार्य कर चुके ये कर्मी आज बेरोजगारी, आर्थिक संकट और सामाजिक उपेक्षा के शिकार हैं. पकौड़ा तल कर विरोध जताना प्रतीक नहीं, बल्कि बेबसी की अभिव्यक्ति है. इनमें से कई ऐसे हैं, जिनकी उम्र अब नई नौकरी के लिए अनुकूल नहीं रही. ऐसे में उनके समायोजन या पुनर्नियोजन की व्यवस्था करना सरकार की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है. यह आंदोलन जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं से जुड़ा है. राज्यपाल कार्यालय, उच्च शिक्षा विभाग और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी चिंताजनक है. राज्य सरकार को चाहिए कि वह इस मामले को केवल तकनीकी प्रक्रिया न माने, बल्कि इसमें निहित मानवीय पक्ष को प्राथमिकता दे. जो लोग वर्षों तक राज्य की शिक्षा व्यवस्था में सहयोगी रहे, उन्हें यूं ही हाशिए पर छोड़ देना किसी भी दृष्टिकोण से न्यायोचित नहीं हो सकता.

# भारत के वक्ष पर धड़कते स्वामी जी के विचार

**अरविंद जयतिलक**

**आज 4 जुलाई को स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर विशेष आलेख**



आज स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि है. उन्होंने अपने विचारों से अतीत के अधिष्ठान पर वर्तमान का और वर्तमान के अधिष्ठान पर भविष्य का बीजारोपण किया. स्वामी जी का उदय ऐसे समय में हुआ जब भारत के सामाजिक पुनरुत्थान के लिए राजाराम मोहन राय और शिक्षा के विकास के लिए ईश्वरचंद विद्यासागर जैसे अनगिनत मनीषी भारतीय समाज में नवचेतना का संचार कर रहे थे. स्वामी जी अपने विचारों के जरिए स्वधर्म और स्वदेश के लिए अप्रतिम प्रेम और स्वाभिमान का उर्जा प्रवाहित कर जाग्रत-शक्ति का संचार किया जिससे भारतीय जन के मन में अपनी ज्ञान, परंपरा, संस्कृति और विरासत का गर्वपूर्ण बोध हुआ. स्वामी जी की दृष्टि में समाज की बुनियादी इकाई मनुष्य था और उसके उत्थान के बिना वे देश व समाज के उत्थान को अधूरा मानते थे. उनका दृष्टिकोण था कि राष्ट्र का पुनरुद्धार मनुष्य-निर्माण से प्रारंभ होना चाहिए. मनुष्य में शक्ति का संचार होना चाहिए जिससे कि वह मानवीय दुर्बलताओं पर विजय प्राप्त करने में और प्रेम, आत्मसंयम, त्याग, सेवा एवं चरित्र के अपने सद्गुणों के जरिए उठ खड़ा होने का सामर्थ्य जुटा सके. वे जनता की उपेक्षा को बड़ा राष्ट्रीय पाप मानते थे. 1893 में शिकागो में सम्मेलन (पार्लियामेंट आर्फ रिलीजन) के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि मेरी यह धारणा वेदान्त के इस सत्य पर आधारित है कि विश्व की आत्मा एक और सर्वव्यापी है.

स्वामी जी गरीबी को सारे अनर्थों की जड़ मानते थे. इसलिए उन्होंने दुनिया को सामाजिक-आर्थिक न्याय और समता-समरसता पर आधारित समाज गढ़ने का संदेश दिया. वे ईश्वर-भक्ति और धर्म-साधना से भी बड़ा काम गरीबों की गरीबी दूर करने को मानते थे. एक पत्र में उन्होंने ने लिखा है कि 'ईश्वर को कहां ढुंढ़ने चले हो. ये सब गरीब, दुखी और दुर्बल मनुष्य क्या ईश्वर नहीं है? इन्हीं की पूजा पहले क्यों नहीं करते? उन्होंने स्पष्ट घोषणा की थी कि गरीब मेरे मित्र हैं. मैं गरीबों से प्रीति करता हूं. मैं दरिद्रता को आदरपूर्वक अपनाता हूं. गरीबों का उपकार करना ही दया है. स्वामी जी ने भारत के लोगों को संबोधित करते हुए शिकागो से एक पत्र में लिखा कि याद रखो की देश झोपड़ियों में बसा हुआ है, परंतु शोक! उन लोगों के लिए कभी किसी ने कुछ नहीं किया. स्वामी जी गरीबों को लेकर बेहद संवेदनशील थे. उन्होंने गुरु रामकृष्ण परमहंस के स्वर्गारोहण के बाद उनकी स्मृति में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की. मिशन का उद्देश्य गरीबों, अनाथों, बेबसों और रोगियों की सेवा करना था. जब उन्होंने मठ के सन्यासियों के समक्ष यह प्रस्ताव रखा तो उनका भारी विरोध हुआ. उन्होंने कहा कि आप अपना शरीर, मन, वचन सब कुछ परोपकार में लगा दो. तुमको पता है मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, अर्थात माता में ईश्वर का दर्शन करो. पिता में ईश्वर का दर्शन करो लेकिन मैं कहता हूं दरिद्र देवो भव, मूर्ख देवो भव. अनपढ़, नादान और पीड़ित को अपना भगवान मानो और जानो कि इन सबकी सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है. उनका मानना था कि मानवता के सत्य को पहचानना ही वास्तव में वेदांत है. वेदांत का संदेश है कि यदि आप अपने बांधवों अर्थात साक्षात ईश्वर की पूजा नहीं कर सकते तो उस ईश्वर की पूजा कैसे करोगे जो निराकार है. एक व्याख्यान में स्वामी जी ने कहा कि जब तक लाखों लोग भूखे और अज्ञानी हैं तब तक मैं उस प्रत्येक व्यक्ति को कृतध्न समझता हूं, जो उनके बल पर शिक्षित बना और उनकी ओर ध्यान नहीं देता है.

स्वामी जी देश की तरक्की के लिए कषि और उद्योग का विकास चाहते थे. वे अकसर परामर्श देते थे कि रामकृष्ण मिशन जैसी संस्थाओं को निःस्वार्थ भाव से गरीबी से जुझ रहे किसानों की दशा में सुधार लाने वाले कार्यक्रम एवं परियोजनाएं हाथ में लेनी चाहिए. स्वामी जी इस मत के प्रबल हिमायती थे कि भारत का औद्योगिक विकास जापान की तरह विशेषताओं को सुरक्षित रखते हुए होना चाहिए. वे चाहते थे कि देश में स्वदेशी उद्योगों की स्थापना हो. एक बार उन्होंने उद्योगपति जमशेद जी टाटा से पूछा था कि आप थोड़े से फायदे के लिए विदेश से माचिस मंगाकर यहां क्यों बेचते हैं? स्वामी जी ने सुझाव दिया कि आप देश में ही फैक्टरी और शोध संस्थान स्थापित करें. स्वामी जी के सुझाव का परिणाम रहा कि आगे चलकर जमशेद जी टाटा ने टाटा इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च इन फंडामेंटल साइंसेज की स्थापना की.

**स्वामी जी ने तीन भविष्यवाणियां की थीं, जिनमें से दो भारत की स्वतंत्रता और रूस में श्रमिक क्रांति सत्य सिद्ध हो चुकी हैं. उनकी तीसरी भविष्यवाणी थी कि भारत एक बार फिर समृद्ध व शक्ति की महान ऊंचाइयों तक उठेगा.**

स्वामी जी की दृष्टि में वेदांत आधारित जीवन और आर्थिक विकास के बीच गहरा संबंध है. उनका मानना था कि भौतिक विज्ञान केवल लौकिक समृद्धि दे सकता है परंतु अध्यात्म विज्ञान शास्वत जीवन के लिए आवश्यक है. आध्यात्मिक विचारों का आदर्श मनुष्य को वास्तविक सुख देता है. भौतिकवाद की स्पर्धा, असंतुलित महत्वकांक्षा व्यक्ति तथा देश को अंतिम मृत्यु की ओर ले जाती है. स्वामी जी भारत को विकास के मार्ग पर ले जाने के लिए शिक्षा, आत्मसुधार, कल्याण केंद्रीत संगठन और क्रियाशीलता की प्रवृत्ति को आवश्यक मानते थे.

शिकागो से वापसी की समुद्री यात्रा के दौरान जब वह 15 जनवरी, 1897 को श्रीलंका का समुद्री किनारे पर पहुंचे और उन्हें बताया गया कि उस तरफ जो नारियल और ताड़-खजूर के पेड़ दिखायी दे रहे हैं वो भारत के हैं, स्वामी जी इतने भावुक हो गए कि जहाज के बोर्ड पर ही मातृभूमि की ओर साष्टांग प्रणाम करने लगे. स्वामी जी ने तीन भविष्यवाणियां की थी, जिनमें से दो-भारत की स्वतंत्रता और रुस में श्रमिक क्रांति सत्य सिद्ध हो चुकी हैं. स्वामी जी ने तीसरी भविष्यवाणी की है कि भारत एक बार फिर समृद्धि व शक्ति की महान ऊंचाइयों तक उठेगा. स्वामी जी का मातृभूमि से तादातम्य संपूर्ण था. स्वामी जी की शिष्या भगिनी निवेदिता ने मातृभूमि से उनके सम्मिलन को अभिव्यक्त करते हुए कहा कि भारत स्वामी जी का गहनतम अनुराग रहा है, भारत उनके वक्ष पर धड़कता है, भारत उनकी नसों में स्पंदन करता है. वे भारत का रक्त-मज्जा से निर्मित साक्षात शरीर रूप हैं, वे स्वयं ही भारत हैं.

## आज का इतिहास

- **1760:** मीर जाफर का पुत्र मिरान पटना में गंडक नदी के किनारे मारा गया.
- **1789:** ईस्ट इंडिया कंपनी ने टीपू सुलतान के खिलाफ निजाम व पेशवा के साथ संधि की.
- **1810:** फ्रांसिसी सेनाओं का एम्सटर्डम पर कब्जा.
- **1827:** न्यूयार्क से दासत्व खत्म करने की घोषणा.
- **1881:** सिलिगुड़ी और दार्जिलिंग के बीच छोटी पटरी पर टॉय ट्रेन चलाई गई.
- **1902:** भारतीय मनीषी विवेकानंद का निधन.
- **1946:** फिलीपीन को अमेरिका से स्वतंत्रता मिली.
- **1963:** तिरंगे का डिजाइन बनाने वाले स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया का निधन.
- **1986:** सुनील गावस्कर ने 115वां क्रिकेट टेस्ट मैच खेलकर नया रिकार्ड बनाया.
- **1999:** भारत के लिएंडर पेस और महेश भूपति ने विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप की युगल स्पर्धा में खिताब जीता.
- **2012:** सर्न के वैज्ञानिकों ने बताया कि उन्होंने नए कण हिग्स बोसॉन की खोज कर ली है.

## चिंतन


# विद्या अहंकार के लिए नहीं, सदुपयोग के लिए होती है

गंगा पार होने के लिए कई लोग एक नौका में बैठे. धीरे-धीरे नौका सवारियों के साथ किनारे की ओर बढ़ रही थी. एक पंडित जी भी उसमें सवार थे. पंडित जी ने नाविक से पूछा- क्या तुमने भूगोल पढ़ी है? भोला- भाला नाविक बोला-भूगोल क्या है इसका मुझे कुछ पता नहीं. पंडितजी ने पंडिताई का प्रदर्शन करते कहा, तुम्हारी पाव भर जिंदगी पानी में गई.
फिर पंडित जी ने दूसरा प्रश्न किया, क्या इतिहास जानते हो? महारानी लक्ष्मीबाई कब और कहां पैदा हुईं. उन्होंने कैसे लड़ाई की? नाविक ने अनभिज्ञता जाहिर की तो पंडित जी ने विजयी मुद्रा में कहा- ये भी नहीं जानते तुम्हारी तो आधी जिंदगी पानी में गई. फिर विद्या मद में पंडित जी ने तीसरा प्रश्न पूछा- महाभारत का भीष्म-नाविक संवाद या रामायण का केवट और भगवान श्रीराम का संवाद जानते हो?
अनपढ़ नाविक क्या कहे, उसने इशारे में ना कहा, तब पंडित जी मुस्कुराते हुए बोले-तुम्हारी तो पौनी जिंदगी पानी में गई. तभी अचानक गंगा में प्रवाह तीव्र होने लगा. नाविक ने सभी को तूफान की चेतावनी दी, और पंडितजी से पूछा-नौका तो तूफान में डूब सकती है, क्या आपको तैरना आता है? पंडित जी घबराहट में बोले-मुझे तो तैरना-वैरना नहीं आता है? नाविक ने स्थिति भांपते हुए कहा -तब तो समझो आपकी पूरी जिंदगी पानी में गयी.
कुछ ही देर में नौका पलट गई. और पंडित जी बह गए.
मित्रों, विद्या वाद-विवाद के लिए नहीं है और ना ही दूसरों को नीचा दिखाने के लिए है. लेकिन कभी-कभी ज्ञान के अभिमान में कुछ लोग इस बात को भूल जाते हैं और दूसरों का अपमान कर बैठते हैं. याद रखिए शाश्त्रों का ज्ञान समस्याओं के समाधान में प्रयोग होना चाहिए. शस्त्र बना कर हिंसा करने के लिए नहीं.
कहा भी गया है, जो पेड़ फलों से लदा होता है, उसकी डालियां झुक जाती हैं. धन प्राप्ति होने पर सज्जनों में शालीनता आ जाती है. इसी तरह, विद्या जब विनयी के पास आती है तो वह शोभित हो जाती है. इसीलिए संस्कृत में कहा गया है, विद्या विनयेन शोभते.

## X इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #HHVMTrailer
2. #HHVMTrailer
3. #SorryNotEnough
4. Soham Parekh
5. #FreeMedicalCamps
6. #Ramayana
7. Ghana
8. कारगिल युद्ध
9. Dera Sacha Sauda
10. Transform Your Life




# योगी जी की बायोपिक का नाम 'अजेय' रखा गया, टीजर रिलीज

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भारतीय राजनीति का एक प्रभावशाली और महत्वपूर्ण नाम हैं. कुछ महीनों पहले उनकी जिंदगी पर आधारित एक बायोपिक फिल्म की घोषणा की गई थी, जिसकी पहली झलक भी सामने आ चुकी थी. अब इस बायोपिक का नाम अजेय रखा गया है और इसका टीज़र भी आधिकारिक रूप से रिलीज कर दिया गया है. इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है, जिससे दर्शकों में इस फिल्म को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है.
योगी आदित्यनाथ पर आधारित बायोपिक फिल्म अजेय का टीज़र रिलीज कर दिया गया है, जो 1 मिनट 16 सेकंड लंबा है. टीज़र में योगी आदित्यनाथ के संत से मुख्यमंत्री बनने तक के सफर की झलक दिखाई गई है, जो बेहद प्रभावशाली अंदाज़ में प्रस्तुत की गई है. अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी के टीज़र की शुरुआत योगी आदित्यनाथ की दमदार आवाज से होती है, वे कहते हैं, मुझे नेताओं की तरह बात करना नहीं आता. वो कहते हैं, ये तो एक योगी है, ये हमारा क्या बिगाड़ लेगा. मगर वो भूल जाते हैं, चाणक्य भी एक योगी थे, भगवान परशुराम भी योगी थे. आज ये योगी एक प्रण लेता है, आप सबको एक भयमुक्त प्रदेश देने के लिए मैं माफियों को उनके घुटनों पर लाकर, उनसे माफी मंगवाऊंगा. इस पावरफुल डायलॉग के साथ ही टीज़र में योगी आदित्यनाथ के व्यक्तित्व की प्रभावशाली झलक देखने को मिलती है. उनके त्याग, संकल्प और नेतृत्व की झलक फिल्म के हर फ्रेम में दिखाई देती है, जिससे यह बायोपिक पहले ही चर्चा में आ गई है.इस फिल्म में योगी आदित्यनाथ की भूमिका में 12वीं फेल फेम एक्टर अनंत जोशी नजर आएंगे. टीजर में अनंत जोशी का शानदार लुक देखा जा सकता है. इसके अलावा फिल्म अजेय में परेश रावल और मशहूर भोजपुरी एक्टर निरहुआ अहम भूमिका में नजर आएंगे.

## बहुरंग

# साक्षात्कार : मैंने कभी नहीं सोचा था कि बॉलीवुड का एक्टर बनूंगा : आर माधवन



फिल्म रहना है तेरे दिल में में अपने रोमांटिक किरदार से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाने वाले अभिनेता आर. माधवन ने समय के साथ अपने अभिनय में विविधता लाकर खुद को साबित किया है. अब वह एक बार फिर फिल्म आप जैसा कोई के जरिए रोमांस की दुनिया में लौटने जा रहे हैं, जिसमें उनकी जोड़ी एक्ट्रेस फातिमा सना शेख के साथ नजर आएगी. हाल ही में माधवन ने इस फिल्म को लेकर खास बातचीत की. पेश हैं इस इंटरव्यू के कुछ खास अंश...

**सवाल. आपके लिए फिल्मों में रोमांस की परिभाषा और उसके तौर-तरीके कितने बदले हैं?**
जी बिलकुल, आप जैसा कोई मेरे लिए कई लिहाज़ से एक चुनौतीपूर्ण फिल्म रही है. मैंने अपने करियर की शुरुआत रहना है तेरे दिल में जैसे रोमांटिक किरदार से की थी और अब यहां तक का सफर तय किया है. उस दौर में रोमांस का तरीका बिल्कुल अलग था. तब न डेटिंग ऐप्स थे, न ही इतना खुलापन. अगर किसी लड़की से बात करनी होती थी, तो अक्सर उसका पीछा करके ही अपनी भावनाएं जतानी पड़ती थीं, जो आज के समय में बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है. वक्त के साथ सोच और तौर-तरीके बदले हैं, और मुझे भी खुद को लगातार बदलते रहना पड़ा है. इस फिल्म में मेरे लिए सबसे बड़ी चुनौती यही रही कि मैं किरदार में ऐसा दिखूं कि उम्र भी न झलके और मेरे व मेरी को-स्टार के बीच एक अच्छी केमिस्ट्री भी नजर आए. सच कहूं तो मैं काफी नर्वस था, क्या मैं स्क्रीन पर ठीक लगूंगा?

**सवाल. लीड कास्ट की उम्र में अधिक फासला होना कहां तक सही है?**
मैंने खुद अपने परिवार में ऐसे कई उदाहरण देखे हैं जहां पति-पत्नी के बीच 15 से 20 साल तक का उम्र का फर्क है, लेकिन उनके रिश्ते में कभी कोई कमी नहीं रही. दोनों एक-दूसरे के साथ खुश हैं और आखिर में यही सबसे ज़रूरी बात होती है. फिल्मों की बात करें, तो आज के दौर में कई कलाकार अपने से काफी छोटी उम्र की अभिनेत्रियों के साथ काम कर रहे हैं.

**सवाल. सिनेमा को लेकर अपनी समझ पर आप क्या कहना चाहेंगे?**
राजकुमार हिरानी जैसे फिल्ममेकर तो वाकई में सिनेमा के महारथी हैं और मैं खुद को उनके साथ तुलना करने की कल्पना भी नहीं कर सकता. सच कहूं तो मैं कभी सिनेमा का भक्त नहीं रहा. मेरी इस फिल्म के निर्देशक विवेक सोनी जैसे लोग असली सिनेमा प्रेमी हैं, वो तो जैसे फिल्मों के पुजारी हैं, लेकिन मेरे साथ मामला बिल्कुल अलग था. न तो मुझे फिल्मों के बारे में ज्यादा जानकारी थी और न ही इससे कोई खास लगाव. मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक्टर बनूंगा, न ही कभी इसकी ख्वाहिश थी. सब कुछ एक इत्तेफाक था. दरअसल, मैंने टीवी पर काम करना शुरू किया सिर्फ इसलिए कि सोचा था, दिन के 3 हज़ार रुपए मिल जाएंगे, ठीक है, कर लेते हैं. उस वक्त बहुत से लोग फिल्म इंडस्ट्री में आने के लिए बेताब थे, लेकिन मेरे अंदर वैसी कोई बेचैनी नहीं थी.

**सवाल. आपने अपने करियर में बहुत चुनिंदा फिल्में की हैं, इसके पीछे की वजह?**
पहले मुझे लगता था कि मेरी सबसे बड़ी फैन फॉलोइंग महिलाओं के बीच है, लेकिन जब मैंने एक दिन इंस्टाग्राम और ट्विटर एनालिटिक्स देखे तो हैरान रह गया. असल में मेरी लगभग 75% फॉलोइंग 18 से 40 साल के पुरुषों की है. बची हुई महिलाएं हैं. मैंने 30 की उम्र में फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था और जब रहना है तेरे दिल में में रोमांटिक हीरो बना, तब तक मैं 32 साल का हो चुका था. मेरी शुरुआती तीन फिल्में बड़े डायरेक्टर्स के साथ थीं, जिससे निर्देशकों को ये भ्रम हो गया कि मैं सिर्फ उन्हीं के साथ काम करता हूं या मुझे सिनेमा की कोई गहरी समझ है. धीरे-धीरे मुझे एहसास हुआ कि मैं एक ही टाइप की फिल्में कर रहा हूं. मैंने खुद से सवाल किया कि मैं कर क्या रहा हूं? मैं एक गोल्ड मेडलिस्ट हूं, एक पब्लिक स्पीकर हूं, मेरे पास बहुत कुछ है, लेकिन मेरी फिल्मों में ये सब कहीं नहीं झलक रहा था.

# बॉक्स ऑफिस पर नहीं रुकी सितारे जमीन पर की उड़ान



आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर को रिलीज़ हुए 10 दिन पूरे हो चुके हैं. 20 जून को सिनेमाघरों में आई इस फिल्म ने पहले दिन से ही दर्शकों का दिल जीत लिया है और बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है. काजोल की फिल्म मां के सिनेमाघरों में दस्तक देने के बावजूद सितारे जमीन पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक आमिर खान की फिल्म सितारे ज़मीन पर ने रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को लगभग 4 करोड़ रुपए की कमाई की है. इसके साथ ही फिल्म का भारत में कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 130.40 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है. फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है, हालांकि इसका सीधा मुकाबला काजोल की इमोशनल ड्रामा फिल्म मां और विष्णु मांचू की पौराणिक एक्शन फिल्म कन्नप्पा से हो रहा है, जो इस समय सिनेमाघरों में चल रही हैं. इसके बावजूद सितारे ज़मीन पर ने अपनी पकड़ बनाए रखी है और यह फिल्म आमिर खान के लिए एक शानदार कमबैक साबित हो रही है. सितारे जमीन पर में पहली बार आमिर खान और जेनेलिया डिसूजा की जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर नजर आई है. फिल्म में जेनेलिया ने आमिर की पत्नी सुनीता की भूमिका निभाई है, जबकि आमिर एक बदनाम बास्केटबॉल कोच गुलशन के किरदार में दिखाई दे रहे हैं. इस फिल्म की कहानी डाउन सिंड्रोम पर आधारित है और इसे आरएस प्रसन्ना ने निर्देशित किया है. आमिर खान ने इस प्रोजेक्ट को अपनी पूर्व पत्नी किरण राव के साथ मिल कर प्रोड्यूस किया है.

## कांव-कांव

# अफवाहों पर आमिर खान ने तोड़ी चुप्पी



आमिर खान की सुपरहिट फिल्म दंगल में फातिमा सना शेख ने उनकी बेटी गीता फोगाट का किरदार निभा कर खूब तारीफें बटोरी थीं. इसके बाद दोनों ने ठग्स ऑफ हिंदोस्तान में एक बार फिर साथ काम किया. हालांकि, फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन फातिमा और आमिर की जोड़ी को लेकर चर्चाएं जोरों पर रहीं. इन्हीं चर्चाओं के बीच अफवाहें उड़ने लगीं कि आमिर खान और फातिमा सना शेख के बीच कुछ खास चल रहा है. लोगों ने उम्र के फासले को लेकर भी सवाल उठाए, क्योंकि फातिमा आमिर से करीब 27 साल छोटी हैं.
आमिर खान ने इन अफवाहों पर बात की. बताया, ठग्स ऑफ हिंदोस्तान के लिए हमने पहले आलिया भट्ट, श्रद्धा कपूर और दीपिका पादुकोण को अप्रोच किया था, लेकिन उन्होंने इस रोल को मना कर दिया. ऐसे में हमें फातिमा को कास्ट करना पड़ा. आमिर ने यह भी खुलासा किया कि डायरेक्टर शुरू में फातिमा को लेने के पक्ष में नहीं थे क्योंकि उन्होंने दंगल में मेरी बेटी का रोल निभाया था. इसलिए अंत में हमने स्क्रिप्ट से हमारे बीच के रोमांटिक सीन हटा दिए. उन्होंने आगे कहा, लेकिन मैं इन सब बातों पर यकीन नहीं करता कि अगर किसी ने पहले पिता-बेटी का रोल निभाया है तो वो फिर से साथ में किसी और किरदार में नहीं दिख सकते. हम एक फिल्म बना रहे हैं, ये रियल लाइफ नहीं है. उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, अमिताभ बच्चन और वहीदा रहमान ने भी एक फिल्म में मां-बेटे का किरदार निभाया था और फिर किसी दूसरी फिल्म में एक-दूसरे के प्रेमी-प्रेमिका बने थे. दर्शक मूर्ख नहीं हैं कि वो ये न समझ पाएं. अगर हम ऐसा सोचते हैं कि लोग रील और रियल में फर्क नहीं कर सकते, तो हम अपने दर्शकों को कमतर समझ रहे हैं. अभिनेता आमिर खान इन दिनों अपनी नई फिल्म सितारे जमीन पर को लेकर सुर्खियों में हैं.




**मेष :** व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग. शुभांक-4-6-8

**वृष :** सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा. स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. व्यापार में वृद्घि होगी. नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा. यात्रा का योग हैं. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. मेहमानों का आगमन होगा. शुभांक-5-7-9

**मिथुन :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे. मनोरथ सिद्घि का योग है. सम्मान मिलेगा. प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. शुभांक-7-8-8

**कर्क :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. शुभांक-4-6-7

**सिंह :** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. पर प्रपंच में ना पड़े अपने काम पर ध्यान दीजिए. शुभांक-4-5-6

**कन्या :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. खान-पान में सावधानी रखें. स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. शुभांक-7-8-9

**तुला :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी. शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. शुभांक-3-6-7

**धनु :** सुख आरोग्य प्रभावित होगा. जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं. अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें. वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा. किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शुभांक-3-6-7

**मकर :** स्वविवेक से कार्य करें. किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा. माता पक्ष से विशेष लाभ होगा. पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे. शुभांक-2-5-7

**कुंभ :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा. धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. शुभांक-4-7-8

**मीन :** श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा. लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. खुद से किसी की बुराई न करें, कोई करे भी, तो सुन लें, जवाब न दें. शुभांक-5-7-8

# शानदार करियर के लिए 12वीं साइंस के बाद करें ये कोर्स

साइंस स्ट्रीम से 12वीं करने के बाद अकसर स्टूडेंट्स डॉक्टर या इंजीनियर बनना चाहते हैं. वहीं, कुछ ऐसे भी स्टूडेंट्स है जो डॉक्टर, इंजीनियर तो बनना नहीं चाहते लेकिन उन्हें इसके अलावा दूसरा कोई ऑप्शन भी समझ में नहीं आता है और करियर को लेकर कंफ्यूज रहते हैं. असल में साइंस एक बहुत बड़ी स्ट्रीम है जिसमें एक या दो नहीं बल्कि ढेरों विकल्प मौजूद हैं. हम यहां पर आपको कुछ ऐसे ही ऑप्शंस के बारे में बता रहे हैं जो आपको अपने करियर में एक अलग मुकाम हासिल करने में मदद करेंगे:

**नैनो-टैक्नोलॉजी:** ग्लोबल इनफॉर्मेशन इंक की रिसर्च के मुताबिक, 2018 तक नैनो टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री के 3.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है. नैस्कॉम के मुताबिक 2015 तक इसका कारोबार 180 अरब डॉलर से बढ़कर 890 अरब डॉलर हो जाएगा. ऐसे में इस फील्ड में 10 लाख प्रोफेशनल्स की जरूरत होगी. 12वीं के बाद नैनो टेक्नोलॉजी में बीएससी या बीटेक और उसके बाद इसी सब्जेक्ट में एमएससी या एमटेक करके इस क्षेत्र में शानदार करियर बनाया जा सकता है

**स्पेस साइंस:** यह बहुत ब्रॉड फील्ड है. इसके तहत कॉस्मोलॉजी, स्टेलर साइंस, प्लैनेटरी साइंस, एस्ट्रोनॉमी जैसे कई फील्ड्स आते हैं. इसमें तीन साल की बीएससी और चार साल के बीटेक से लेकर पीएचडी तक के कोर्सेज खास तौर पर इसरो और बेंगलुरु स्थित IISC में कराए जाते हैं.

**एस्ट्रो-फिजिक्स:** अगर आप सितारों और गैलेक्सी में दिलचस्पी रखते हैं तो 12वीं के बाद एस्ट्रो-फिजिक्स में रोमांचक करियर बना सकते हैं. इसके लिए आप चाहें तो पांच साल के रिसर्च ओरिएंटेड प्रोग्राम (एमएस इन फिजिकल साइंस) और चार या तीन साल के बैचलर्स प्रोग्राम (बीएससी इन फिजिक्स) में एडमिशन ले सकते हैं. एस्ट्रोफिजिक्स में डॉक्टरेट करने के बाद स्टूडेंट्स इसरो जैसे रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन में साइंटिस्ट बन सकते हैं






**एनवायर्नमेंटल साइंस:** इस स्ट्रीम में पर्यावरण पर इंसानी गतिविधियों से होने वाले असर का अध्ययन किया जाता है. इसके तहत इकोलॉजी, डिजास्टर मैनेजमेंट, वाइल्ड लाइफ मैनेजमेंट, पॉल्यूशन कंट्रोल जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं. इन सभी सब्जेक्ट्स में एनजीओ और यूएनओ के प्रोजेक्ट्स बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं. ऐसे में जॉब की अच्छी संभावनाएं हैं.

**वॉटर साइंस:** यह जल की सतह से जुड़ा विज्ञान है. इसमें हाइड्रोमिटिरोलॉजी, हाइड्रोजियोलॉजी, ड्रेनेज बेसिन मैनेजमेंट, वॉटर क्वॉलिटी मैनेजमेंट, हाइड्रोइंफॉर्मेटिक्स जैसे विषयों की पढ़ाई करनी होती है. हिमस्खलन और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं को देखते हुए इस फील्ड में रिसर्चर्स की डिमांड बढ़ रही है.

**माइक्रो-बायोलॉजी:** माइक्रो-बायोलॉजी की फील्ड में एंट्री के लिए बीएससी इन लाइफ साइंस या बीएससी इन माइक्रो-बायोलॉजी कोर्स कर सकते हैं. इसके बाद मास्टर डिग्री और पीएचडी भी का ऑप्शन भी है. इसके अलावा पैरामेडिकल, मरीन बायोलॉजी, बिहेवियरल साइंस, फिशरीज साइंस जैसे कई फील्ड्स हैं, जिनमें साइंस में रुचि रखने वाले स्टूडेंट्स अच्छा करियर बना सकते हैं.

**डेयरी साइंस:** डेयरी प्रोडक्शन के क्षेत्र में भारत अहम देश है. भारत डेयरी प्रोडक्शन में अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है. डेयरी टेक्नोलॉजी या डेयरी साइंस के तहत मिल्क प्रोडक्शन, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, स्टोरेज और डिस्ट्रिब्यूशन की जानकारी दी जाती है. भारत में दूध की खपत को देखते हुए इस क्षेत्र में ट्रेंड प्रोफेशनल्स की डिमांड बढ़ने लगी है. साइंस सब्जेक्ट से 12वीं करने के बाद स्टूडेंट ऑल इंडिया बेसिस पर एंट्रेंस एग्जाम पास करने के बाद चार वर्षीय स्नातक डेयरी टेक्नोलॉजी के कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं. कुछ इंस्टीट्यूट डेयरी टेक्नोलॉजी में दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स भी ऑफर करते हैं.

**रोबोटिक साइंस:** रोबोटिक साइंस का क्षेत्र काफी तेजी से पॉपुलर हो रहा है. इसका इस्तेमाल इन दिनों तकरीबन सभी क्षेत्रों में होने लगा है. जैसे- हार्ट सर्जरी, कार असेम्बलिंग, लैब्स आदि. अगर आप इस फील्ड में आना चाहते है तो इस क्षेत्र से जुड़े कुछ स्पेशलाइजेशन कोर्स भी कर सकते हैं. जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, एडवांस्ड रोबोटिक्स सिस्टम. कम्प्यूटर साइंस से स्नातक कर चुके स्टूडेंट्स इस कोर्स के लिए योग्य माने जाते हैं. रोबोटिक में एमई की डिग्री हासिल कर चुके स्टूडेंट्स को इसरो जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में रिसर्च वर्क की नौकरी मिल सकती है.



## अगर टेलीविजन में बनाना चाहते हैं करियर...



हमारे समाज और घर-परिवार में शायद ही कोई ऐसा शख्स हो जिसे टेलीविजन की वर्किंग स्टाइल और किरदार पसंद न आते हों लेकिन क्या आपको पता है कि आप अपने पसंदीदा टेलीविजन को करियर के तौर पर भी चुन सकते हैं. मीडिया और टेलीविजन के बढ़ते प्रभाव के बीच आपके पास ऐसे कई मौके हैं कि आप इसमें करियर बना कर मोटी कमाई कर सकते हैं.

इसके मद्देनजर आज मास कम्युनिकेशन इन टीवी जर्नलिज्म में डिग्री और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा जैसे कोर्सेस शुरू हुए हैं. ऐसे कोर्सेस आप कई बहुप्रतिष्ठित संस्थानों व विश्वविद्यालयों से कर सकते हैं. साथ ही दिल्ली के भारतीय विद्या भवन जैसे संस्थान भी कई डिप्लोमा कोर्स चलाते हैं.

इन कोर्सेस को करने से आप टेक्निकली दूसरे सामान्य उम्मीदवारों से आगे चले जाते हैं. यहां हम आपके लिए उन तमाम कोर्सेस के नाम सुझा रहे हैं.

- इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में डिप्लोमा
- वीडियो कैमरा व लाइटिंग में डिप्लोमा
- वीडियो एडिटिंग व साउंड रिकॉर्डिंग में डिप्लोमा
- प्रोफेशनल फोटोग्राफी में डिप्लोमा
- एनिमेशन फिल्म मेकिंग में डिप्लोमा wD, xD, & VFX
- IT और वेब डिजाइनिंग में डिप्लोमा
- ड्राइंग और ग्राफिक्स में डिप्लोमा

गौरतलब है कि यहां से डिप्लोमा हासिल करना बाजार और तमाम संस्थानों की तुलना में सस्ता भी है और सहूलियत भी है.

## कॉरपोरेट वर्ल्ड के लीगल कंसल्टेंट

एक समय ऐसा था, जब लॉयर्स को केवल कोर्ट रूम में जिरह करते हुए प्रोफेशनल्स के तौर पर देखा और जाना जाता था, लेकिन हाल के वर्षों में इस फील्ड में काफी चेंज आया है और नए-नए एरिया भी जुड़ते जा रहे हैं। इस फील्ड में आने वाले अवसरों को देखते हुए स्टूडेंट्स का रुझान 'कॉरपोरेट लॉ' की तरफ खूब देखा जा रहा है। ग्लोबलाइजेशन और प्राइवेटाइजेशन ने इस फील्ड की चमक को और बढ़ाया है। आप इस फील्ड में आते हैं, तो यहां नेम-फेम के अलावा, प्रोफेशनल्स की सैलरी भी काफी अच्छी होती है।

### क्वालिफिकेशन

एपीजी शिमला यूनिवर्सिटी की एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर प्रियंका गोयल के मुताबिक, इस फील्ड में एंट्री के लिए दो ऑप्शंस हैं। पहला, 12वींके बाद स्टूडेंट्स देश की टॉप लॉ यूनिवर्सिटीज से पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड लॉ कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। कोर्स कंप्लीट होने के बाद आप बार काउंसिल में रजिस्ट्रेशन कराके लॉयर बन सकते हैं। दूसरा,
किसी भी सब्जेक्ट से ग्रेजुएशन करने के बाद तीन वर्षीय लॉ कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं।

### लॉ से संबंधित एग्जाम

लॉ इंस्टीट्यूट्स में एडमिशन के लिए एंट्रेंस टेस्ट क्लीयर करना पड़ता है। कुछ एंट्रेंस एग्जाम इस तरह हैं..

**कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट** : इस एंट्रेंस टेस्ट को क्लैट के नाम से भी जाना जाता है। यह नेशनल लेवल का लॉ एग्जाम है। इसके जरिए देश की टॉप-14 लॉ यूनिवर्सिटीज में एडमिशन लिया जा सकता है। कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट में आमतौर पर इंग्लिश, लॉजिकल रीजनिंग, लीगल रीजनिंग, मैथमेटिक्स और जनरल नॉलेज से जुड़े सवाल पूछे जाते हैं।

**लॉ स्कूल एडमिशन टेस्ट** : इसे एलसैट के नाम से भी जाना जाता है। जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल, यूपीईएस देहरादून, आईटीएम गुड़गांव आदि जैसे देश के करीब 60 लॉ कॉलेजों में इस एग्जाम के जरिए एंट्री मिलती है। इस एग्जाम में कॉम्प्रिहेंशन, एनालिटिकल रीजनिंग और लॉजिकल रीजनिंग से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं।


**डीयू एलएलबी/एलएलएम** : दिल्ली यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ लॉ में एडमिशन के लिए अलग से एंट्रेंस एग्जाम का आयोजन किया जाता है। इसके जरिए एलएलबी और एलएलएम जैसे कोर्स में एडमिशन लिया जा सकता है।

**एसईटी सिंबायोसिस** : इस एंट्रेंस टेस्ट के जरिए सिंबायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आने वाले लॉ इंस्टीट्यूट के अंडरग्रेजुएट कोर्स में एडमिशन लिया जा सकता है।

**यूएलएसएटी** : यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम ऐंड एनर्जी स्टडी यूएलएसएटी आयोजित करती है। इस टेस्ट में पास होने के बाद बैचलर ऑफ लॉ, कॉरपोरेट लॉ, साइबर लॉ और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स में एलएलबी किया जा सकता है।

### कॉरपोरेट लॉयर

यह लीगल सर्विसेज का उभरता हुआ फील्ड है। कॉरपोरेट लॉयर्स की जरूरत कंपनीज के लीगल डिपार्टमेंट में होती है। यहां जूनियर कॉरपोरेट लॉयर के रूप में आपको कॉन्ट्रैक्ट्स की ड्राफ्टिंग, फाइल की तैयारी, मेमोरेंडम तैयार करना, सिक्योरिटी डिस्क्लोजर स्टेटमेंट्स तैयार करना होता है। इसके अलावा, लेबर इश्यू, एम्प्लॉयीज राइट्स, आर्बिट्रेशन, रिफ्लेट से रिलेटेड वर्क भी इन्हीं के जिम्मे होता है। बड़े बिजनेस हाउसेस और गवर्नमेंट डिपार्टमेंट को भी कई जटिल कानूनी मामलों का सामना करना पड़ता है। इन्हें हल करने के लिए कॉरपोरेट लॉयर्स की मांग बढ़ रही है। इनका कार्य कंपनी के संचालन में कानूनी नियमों का पालन सुनिश्चित करना, कंपनी से जुड़े मुकदमों की पैरवी आदि करना होता है। अगर संक्षेप में कहें, तो इनके कार्य को तीन हिस्सों में बांटा जा सकता है। पहला, बिजनेस से संबंधित लीगल इश्यू के बारे में सलाह देना। दूसरा, सभी कॉन्ट्रैक्ट्स और उससे संबंधित डॉक्यूमेंट्स की ड्राफ्टिंग। तीसरा, लॉ और रेगुलेशन का अनुपालन करना। हालांकि कॉरपोरेट लॉयर्स एक से अधिक एरिया में स्पेशलाइज्ड हो सकते हैं, जैसे- टैक्स लॉ, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट आदि।





### वर्क ऑप्शंस

आज कॉरपोरेट लॉयर्स की डिमांड बिजनेस हाउसेज के अलावा लॉ फर्म्स में भी खूब हैं। इसके अलावा, इनके लिए टीचिंग का ऑप्शन भी खुला रहता है। इस फील्ड से जुड़े प्रोफेशनल्स इंवेस्टमेंट बैंकिंग में भी करियर बना सकते हैं। कॉरपोरेट हाउसेज के अलावा, बड़ी अकाउंटिंग फर्म्स, जैसे- प्राइसवाटरहाउसकूपर्स और केपीएमजी में भी करियर की तलाश कर सकते हैं। साथ ही, कई बड़ी ग्लोबल लॉ फर्म भी भारत आने को तैयार है। यहां भी कॉरपोरेट लॉयर्स के लिए कार्य करने का अच्छा मौका हो सकता है। इन दिनों कॉरपोरेट लॉयर्स की डिमांड केवल भारत में ही नहीं, विदेश में भी जबरदस्त है। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में कॉरपोरेट लॉयर्स की डिमांड इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि वहां की तुलना में भारतीय लीगल प्रोफेशनल्स की फीस कम होती है।

### सैलरी पैकेज

इस फील्ड में फ्रेशर्स 3-12 लाख रुपये सालाना सैलरी की उम्मीद कर सकते हैं। आप इससे ज्यादा सैलरी भी प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन यह आपके एजुकेशनल बैकग्राउंड और कंपनी पर भी डिपेंड करता है।

भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज : बैक-टू-बैक शतक

# साल 2025 में शुभमन गिल के नाम 'अनूठा रिकॉर्ड

एजेंसी। नई दिल्ली



भारत-इंग्लैंड के बीच बुधवार से बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट की शुरुआत हो चुकी है.

मुकाबले के पहले दिन कप्तान शुभमन गिल की शतकीय पारी के दम पर भारत ने पांच विकेट खोकर 310 रन बना लिए हैं. यह बतौर कप्तान इंग्लैंड दौरे पर शुभमन गिल का लगातार दूसरे टेस्ट में शतक है. इससे पहले गिल लीड्स में 147 रन जड़ चुके थे.

इंग्लैंड के खिलाफ इस टेस्ट में शतक के साथ शुभमन गिल साल 2025 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट (तीनों फॉर्मेट) में चार शतक जड़ने वाले इकलौते बल्लेबाज बन गए हैं.शुभमन गिल ने इस साल फरवरी में दो शतक जड़े थे. यह शतक वनडे फॉर्मेट में आए थे. उन्होंने 12 फरवरी को अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ 112 रन की पारी खेली थी. इसके बाद 20 फरवरी को बांग्लादेश के विरुद्ध दुबई में नाबाद 101 रन जड़े. गिल जुलाई 2024 के बाद से अब तक भारत के लिए कोई टी20 मैच नहीं खेले हैं.शुभमन गिल के बाद इस लिस्ट में वेस्टइंडीज के कीसी कार्टी और इंग्लैंड के बेन डकेट संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने इस साल तीनों फॉर्मेट में कुल तीन-तीन शतक लगाए हैं.इंग्लैंड में जारी दूसरे टेस्ट की बात करें, तो मुकाबले के पहले दिन इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया.

टीम इंडिया ने महज 15 रन पर अपना पहला विकेट गंवा दिया. केएल राहुल दो रन बनाकर पवेलियन लौट गए.यहां से यशस्वी जायसवाल ने करुण नायर (31) के साथ मिलकर टीम को संभालने की कोशिश की. दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी हुई.करुण नायर के पवेलियन लौटने के बाद जायसवाल ने कप्तान शुभमन गिल के साथ तीसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े. जायसवाल 107 गेंदों में 87 रन की पारी खेलकर आउट हुए.यहां से गिल ने कप्तानी पारी खेलते हुए ऋषभ पंत के साथ चौथे विकेट के लिए 47 रन जोड़े. पिछले मुकाबले की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पंत इस पारी में महज 25 रन ही जोड़ सके. उनके आउट होने के कुछ देर बाद ही नितीश रेड्डी (1) भी चलते बने.यहां से गिल ने रविंद्र जडेजा के साथ पहले दिन की समाप्ति तक छठे विकेट के लिए अटूट 99 रन की साझेदारी की. गिल 114 रन पर, जबकि जडेजा 41 रन पर नाबाद लौटे.विपक्षी टीम की ओर से क्रिस वोक्स ने सर्वाधिक दो विकेट झटके, जबकि ब्रायडन कार्स, बेन स्टोक्स और शोएब बशीर ने एक-एक विकेट अपने नाम किया.

श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में मिली हार पर तस्कीन ने कहा

# हमने दबाव में आकर गलत फैसले लिए

एजेंसी। कोलंबो



बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में मिली हार पर कहा कि शानदार शुरुआत के बाद टीम ने दबाव में आकर गलत फैसले लिए और मुकाबला गंवा दिया.तस्कीन ने बुधवार को मैच के बाद कहा, ₹मैं उम्मीद कर रहा था कि हम यह मैच पांच से सात ओवर शेष रहते जीत जाएंगे. 16 ओवर में 96 रन पर 1 विकेट था, तो यही लग रहा था कि हम आसानी से जीतेंगे.हालांकि मैदान पर हालात उलट गए. बांग्लादेश ने सिर्फ 5 रन के भीतर अपने 7 विकेट गंवा दिए. तस्कीन ने स्वीकार किया कि इस पतन की शुरुआत मिलन रथनायके की शानदार फील्डिंग से हुए रनआउट से हुई, जिसमें नजमुल हुसैन शान्तो आउट हुए. इसी ओवर में हसरंगा ने भी एक एल्बीडब्ल्यू विकेट लिया.तस्कीन ने कहा, ही ओवर मैच का टर्निंग पॉइंट था. हमने बीच के ओवरों में बहुत खराब बल्लेबाज़ी की. 100 रन की तेज़ शुरुआत के बाद 100 पर 2 और फिर 107 पर 8 विकेट हो जाना बहुत भारी पड़ा.बांग्लादेश की ओर से सबसे अच्छी बल्लेबाज़ी जाकिर अली ने की, जिन्होंने 64 गेंदों में 51 रन बनाए. तस्कीन ने कहा,जब जाकिर सेट हो गए थे, तब बेहतरीन बल्लेबाज़ी कर रहे थे. अगर उनके साथ दो-तीन और बल्लेबाज़ टिके रहते, तो हम यह मैच जीत सकते थे. विकेट उतना खराब नहीं था, जितना हमने खराब खेल दिखाया. आखिर में तस्कीन ने हार का कारण स्पष्ट रूप से बताया:हमने शुरुआत में बढ़िया खेल दिखाया, लेकिन जैसे ही रनआउट हुआ और तमीम आउट हुए, टीम घबरा गई. हमने अपने नैचुरल गेम से हटकर खेला और दबाव में आकर बिखर गए. यही वजह रही इस हार की.

**विंबलडन 2025** : तीसरे दौर में सबालेंका से भिड़ेंगी एम्मा

# राडुकानु ने पूर्व चैंपियन मार्केटा वोंद्रोशोवा को हराया

एजेंसी। लंदन



ब्रिटेन की युवा टेनिस स्टार एम्मा राडुकानु ने बुधवार देर रात विंबलडन 2025 के दूसरे दौर में बड़ा उलटफेर करते हुए 2023 की चैंपियन मार्केटा वोंद्रोशोवा को 6-3, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में अपनी जगह पक्की कर ली है. अब उनका सामना विश्व नंबर एक और शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका से होगा.दो ग्रैंड स्लैम विजेताओं के बीच खेले गए इस मुकाबले में राडुकानु ने सेंटर कोर्ट पर दमदार प्रदर्शन किया. पूर्व चैंपियन होने के बावजूद वोंद्रोशोवा दबाव में दिखीं, जबकि राडुकानु ने आत्मविश्वास के साथ आक्रामक शॉट लगाए.

राडुकानु ने मैच के बाद कहा,

आज मैंने बहुत अच्छा खेला. कुछ अंक ऐसे थे जिन्हें मैं खुद नहीं समझ पाई कि कैसे बचा लिए. मार्केटा के खिलाफ खेलना कठिन था, वह इस टूर्नामेंट की विजेता रह चुकी हैं. लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने पूरे मैच में अपना खेल बनाए रखा.पहले सेट में राडुकानु ने 4-2 की बढ़त बनाई, हालांकि अगले गेम में उन्होंने अपनी सर्विस गंवा दी. लेकिन वोंद्रोशोवा की फोरहैंड गलती ने राडुकानु को दोबारा ब्रेक दिला दिया और उन्होंने पहला सेट 6-3 से जीत लिया.दूसरे सेट में भी वोंद्रोशोवा की गलतियां जारी रहीं. उन्होंने कई बार फोरहैंड और बैकहैंड में चूक की, जिससे राडुकानु को बढ़त मिलती गई. अंत में वोंद्रोशोवा की एक बैकहैंड गलती ने राडुकानु को जीत दिला दी.राडुकानु अब तीसरे दौर में सबालेंका से भिड़ेंगी, जिन्होंने हाल ही में शानदार फॉर्म में रहते हुए कई बड़ी जीत दर्ज की हैं. यह मुकाबला दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है.

**विंबलडन 2025** : तीसरे दौर में बनाई अपनी जगह

# स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने ब्रिटेन के ऑली को हराया

एजेंसी। लंदन



विंबलडन 2025 में बुधवार रात खेले गए पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में स्पेन के कार्लोस अल्कराज़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिटेन के क्वालिफायर खिलाड़ी ऑली टार्वेट को 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया.विश्व रैंकिंग में नंबर 733 पर काबिज टार्वेट के लिए यह मुकाबला किसी सपने से कम नहीं था. घरेलू दर्शकों से मिल रहे जबरदस्त समर्थन के बीच उन्होंने अल्कराज़ को कड़ी टक्कर देने की भरपूर कोशिश की, लेकिन दो बार के मौजूदा चैंपियन की दमदार फोरहैंड्स और अनुभव के सामने अंततः वह टिक नहीं सके. 21 वर्षीय टार्वेट, जो अमेरिका के सैन डिएगो में कॉलेज छात्र हैं, ने तीन राउंड के क्वालिफाइंग मुकाबले जीतकर मेन ड्रॉ में जगह बनाई थी. उन्होंने मैच से पहले आत्मविश्वास के साथ कहा था कि वह किसी को भी हरा सकते हैं — जिसमें अल्कराज़ भी शामिल हैं.पहले सेट में टार्वेट ने आठ ब्रेक पॉइंट्स बनाए लेकिन अल्कराज़ ने जबरदस्त रक्षात्मक खेल दिखाते हुए केवल एक गेम गंवाया और दो बार टार्वेट की सर्विस तोड़कर सेट अपने नाम किया.दूसरे सेट की शुरुआत में टार्वेट ने अल्कराज़ की सर्विस ब्रेक कर 2-0 की बढ़त बनाई, लेकिन अल्कराज़ ने तुरंत वापसी करते हुए अगले चार पॉइंट्स जीतकर मैच पर फिर से नियंत्रण जमा लिया. नौवें गेम में एक और ब्रेक के साथ उन्होंने दूसरा सेट भी जीत लिया.तीसरे सेट में अल्कराज़ ने 3-2 की बढ़त ली, लेकिन टार्वेट ने फिर ब्रेक कर बराबरी की. हालांकि, अल्कराज़ ने जवाब में अगले चार पॉइंट जीतकर निर्णायक बढ़त बनाई और मैच को अपने पक्ष में समाप्त किया.

# विश्व मुक्केबाजी कप में मीनाक्षी व पूजा ने पदक सुनिश्चित किए

एजेंसी। अस्ताना



भारतीय मुक्केबाजी दल ने कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में चल रही विश्व मुक्केबाजी कप में दो पदक सुनिश्चित कर दिया हैं. मीनाक्षी (48 किग्रा) और पूजा रानी (80 किग्रा) ने देश के लिए पदक सुनिश्चित किया है.मीनाक्षी ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की गुओ यी-जुआन के खिलाफ शानदार और प्रभावशाली जीत दर्ज की. भारतीय मुक्केबाज ने अपने तीखे फुटवर्क, सटीक मुक्के और रिंग में अपनी शानदार जागरूकता दिखाते हुए 5:0 के साथ सर्वसम्मत जीत हासिल की.

मुकाबले की गति को नियंत्रित करने तथा दूरी से स्पष्ट रूप से अंक प्राप्त करने की उनकी क्षमता ने निर्णायकों को किसी भी प्रकार के संदेह से मुक्त रखा. उन्होंने सेमीफाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया और इसके साथ ही अपने लिए कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित कर लिया.

भारत की सबसे अनुभवी मुक्केबाजों में से एक पूजा रानी ने 80 किग्रा वर्ग में स्थानीय गुलसाया येरजान के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया. क्वार्टर फाइनल जैसे कड़े और अहम मुकाबले में पूजा ने आक्रामकता और नियंत्रण का मिश्रण करते हुए 4:1 के विभाजित निर्णय के जरिए जीत हासिल की.इस मुकाबले में पूजा ने शुरुआती दौर में दबाव झेला, लेकिन बाद के चरणों में निर्णायक पंच जड़े. आखिरी समय में उनके जोरदार पंच ही उनकी जीत का कारण बने. इस जीत के साथ, उन्होंने पोडियम फिनिश हासिल किया और अब वह सेमीफाइनल में पहुंचकर इसे स्वर्ण में बदलने की कोशिश करेंगी.इससे पहले, अनामिका (51 किग्रा) ने क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं. उन्होंने तुर्की की आयसेन तस्किन को हराया, जिससे इस भार वर्ग में भारतीय की उम्मीदें जीवित हैं.

पुरुषों की ओर से जदुमणि सिंह ने फिलीपींस के जे. ब्रायन बारिकुआत्रो के खिलाफ एक करीबी मुकाबले में बहादुरी से मुकाबला किया. जोशीले प्रयास के बावजूद जदुमणि बहुत कम अंतर से हार गए और कड़े मुकाबले के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए.

# पुरानी दिल्ली 6 में एक बार फिर दिखेगा ऋषभ का जलवा

एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2025 के आगामी सीजन से पहले सेमीफाइनलिस्ट टीम पुरानी दिल्ली 6 ने अपने स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज़ ऋषभ पंत को एक बार फिर टीम में शामिल करने की आधिकारिक घोषणा की है. पंत की वापसी से टीम को एक बार फिर नेतृत्व, अनुभव और आक्रामकता का जबरदस्त संबल मिलेगा.डीपीएल 2024 में पुरानी दिल्ली 6 का प्रदर्शन बेहद सराहनीय रहा था. टीम सेमीफाइनल तक पहुंची, लेकिन बारिश के कारण मुकाबला रद्द होने से खिताबी दौड़ वहीं थम गई. अब टीम पूरी तैयारी और नई ऊर्जा के साथ खिताब जीतने की दिशा में कदम बढ़ा रही है. टीम के मालिक आकाश नांगिया ने गुरुवार को ऋषभ पंत को लेकर एक बयान में कहा, ऋषभ सिर्फ एक विश्वस्तरीय क्रिकेटर नहीं, बल्कि पुरानी दिल्ली 6 की आत्मा हैं. उनकी मौजूदगी टीम में जुनून और आत्मविश्वास भरती है. पिछली बार हम खिताब के बेहद करीब थे. इस बार हमारा फोकस सिर्फ ट्रॉफी पर है.उन्होंने कहा,डीपीएल युवाओं के लिए खुद को साबित करने का बेहतरीन मंच है. दिग्वेश राठी, प्रियांश आर्या जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने यहीं से सफर शुरू किया. मैं आयोजन समिति, विशेष रूप से रोहन जेटली और डीडीसीए का आभार व्यक्त करता हूं. पुरानी दिल्ली 6 मेरे लिए एक परिवार की तरह है, और इस बार हम ट्रॉफी के लिए पूरी ताकत झोंक देंगे.दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) ने 2025 सीज़न से डीपीएल में दो नई पुरुष फ्रेंचाइज़ियों आउटर दिल्ली और न्यू दिल्ली को शामिल करने की घोषणा की है. अब कुल टीमों की संख्या 6 से बढ़कर 8 हो जाएगी, जिससे प्रतिस्पर्धा और रोमांच दोनों दोगुना होने की उम्मीद है.

# टल सकता है टीम इंडिया का बांग्लादेश दौरा, अनुमति का इंतजार

एजेंसी। नयी दिल्ली



टीम इंडिया का अगस्त में होने वाला बांग्लादेश दौरा रीशेड्यूल होने की कगार पर पहुंच चुका है. इसके पीछे का कारण है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई को अभी भारत सरकार से बांग्लादेश दौरे पर जाने की अनुमति नहीं मिली है. इस बीच बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीबी ने भी इस दौरे के रीशेड्यूल होने का हिंट दे दिया है.बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने बुधवार 2 जुलाई को न्यूज एजेंसी एएफपी को इस शेड्यूल को लेकर जानकारी दी थी. इस सीरीज के तहत 3 वनडे और इतने ही टी20 मैच खेले जाने थे, जिसकी शुरुआथ 17 अगस्त से ढाका में होने थी. हालांकि, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की मीडिया समिति के अध्यक्ष इफ्तिखार रहमान ने एएफपी को बताया कि बीसीसीआई ने उन्हें सूचित किया है कि दौरे में देरी हो सकती है.बीसीसीआई ने इस दौरे को लेकर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है. रहमान ने बिना कोई विस्तृत जानकारी दिए कहा, यह दौरा एफटीपी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम) का हिस्सा है, इसलिए इसे कैंसल करना कोई विकल्प नहीं है, लेकिन इसे आपसी सहमति से किसी समय पर रीशेड्यूल किया जा सकता है.अगस्त 2024 में बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर विद्रोह के बाद तत्कालीन प्रधान मंत्री शेख हसीना को सत्ता से बेदखल करने के बाद ढाका और नई दिल्ली के बीच हाल ही में राजनयिक तनाव के बाद यह अनिश्चितता है. हालांकि, बांग्लादेश की टीम ने पिछले साल सितंबर-अक्टूबर में भारत का दौरा किया था. दो टेस्ट और 3 टी20 मैचों की सीरीज बांग्लादेश ने खेली थी.

फिर देर से नजर आएंगे विराट-रोहित?

अगर भारतीय टीम का बांग्लादेश दौरा टला तो फिर विराट कोहली और रोहित शर्मा की इंटरनेशनल क्रिकेट में मौजूदगी देर से नजर आएगी. विराट और रोहित टी20 के बाद टेस्ट से भी रिटायरमेंट ले चुके हैं. ऐसे में अगर वनडे सीरीज रीशेड्यूल होगी तो इन दोनों की वापसी भी देर से होगी.

**बर्मिंघम टेस्ट** जायसवाल और जडेजा की धमक से भारत को मिली भारी बढ़त

# गिल का ऐतिहासिक शतक, इंग्लैंड पर भारी भारत

एजेंसी। बर्मिंघम

**पहले दिन स्टंप्स तक भारत 310/5**



भारत और इंग्लैंड के बीच चल रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन भारतीय बल्लेबाजों का जलवा देखने को मिला. कप्तान शुभमन गिल ने शानदार शतक (114*) जड़कर एक बार फिर अपने नेतृत्व को मजबूती दी, जबकि यशस्वी जायसवाल की 87 रनों की आक्रामक पारी ने टीम इंडिया को मजबूत शुरुआत दिलाई. दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने 5 विकेट के नुकसान पर 310 रन बना लिए हैं.

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया. भारत की ओर से यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ओपनिंग के लिए मैदान पर उतरे, लेकिन लीड्स टेस्ट के हीरो राहुल इस बार सिर्फ 2 रन बनाकर पवेलियन लौट गए.करुण नायर को नंबर-3 पर मौका मिला, जिन्होंने 31 रनों की अहम पारी खेली, जबकि जायसवाल के साथ 80 रनों की साझेदारी की. यशस्वी ने भी ताबड़तोड़ अंदाज में खेलते हुए 87 रन बनाए और इंग्लिश गेंदबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया .ऋषभ पंत ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए तेजी से रन बटोरे, लेकिन वह 25 रन बनाकर आउट हो गए. युवा नितीश कुमार रेड्डी को भी मौका मिला, लेकिन वह सिर्फ 01 रन बनाकर चलते बने.फिर पांचवां विकेट गिरने के बाद शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा ने भारतीय पारी को स्थिरता दिलाई.

दोनों के बीच अब तक 99 रनों की नाबाद साझेदारी हो चुकी है. कप्तान गिल जहां शानदार फॉर्म में हैं, वहीं जडेजा ने भी धैर्य और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाया है. गिल 114 रन और रवींद्र जडेजा 41 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं.इंग्लैंड के लिए क्रिस वोक्स ने सबसे ज्यादा दो विकेट झटके हैं, जबकि ब्रायडन कार्स, बेन स्टोक्स और शोएब बशीर को एक-एक सफलता मिली. हालांकि, इंग्लिश गेंदबाजों को आखिरी सत्र में गिल और जडेजा की साझेदारी ने थका दिया.

भारत बनाम इंग्लैंड अंडर-19 तीसरा युवा वनडे

# वैभव सूर्यवंशी की तूफानी पारी से भारत की शानदार जीत

एजेंसी। नई दिल्ली



नॉर्थम्प्टन में बुधवार को खेले गए तीसरे युवा वनडे मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार बल्लेबाज़ी ने भारत अंडर-19 टीम को इंग्लैंड अंडर-19 पर चार विकेट से जीत दिलाई. यह मुकाबला बारिश के कारण 40 ओवर प्रति पारी का कर दिया गया था.14 वर्षीय सूर्यवंशी ने 31 गेंदों में 86 रनों की विस्फोटक पारी खेली और भारत की 269 रन के लक्ष्य की ओर तेज़ी से नींव रखी. उन्होंने सिर्फ 20 गेंदों में अर्धशतक जड़ते हुए भारत के लिए अंडर-19 वनडे में दूसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाया. इससे पहले तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड ऋषभ पंत के नाम है, जिन्होंने 2016 में नेपाल के खिलाफ 18 गेंदों में फिफ्टी बनाई थी.सूर्यवंशी के बाद, निचले क्रम के बल्लेबाज़ कनीष्क चौहान और आरएस अम्बरीश ने सातवें विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी की, जिसने भारत को लक्ष्य तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई और भारत ने मैच में जीत दर्ज की.इससे पहले, इंग्लैंड की पारी को बीजे डॉकिन्स और कप्तान थॉमस रेव की अर्धशतकीय पारियों ने मज़बूती दी.

## ब्रीफ न्यूज

### प्रेमी से मिलने गई महिला की संदिग्ध हालत में मौत

**बेगूसराय।** साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के न्यू जाफर नगर गांव में एक शादीशुदा महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. हिना कुमारी, जो कि मुकेश राय की बेटी हैं, अपने प्रेमी नीरज से मिलने शनिवार की रात बेगूसराय पहुंची थी. हिना की शादी एक साल पहले हुई थी, लेकिन वह मात्र एक महीने बाद ही ससुराल से भागकर अपने प्रेमी के पास चली गई थीं. इसके बाद पंचायत हुई, जिसमें पति ने हिना को साथ रखने से इंकार कर दिया था. तब से महिला अपने माता-पिता के साथ पटना में रह रही थी. रविवार को प्रेमी ने हिना को अपने साथ रखा था.

### छात्र की मौत, परिजन ने लगाया हत्या का आरोप

**पटना।** पीरबहोर थाना क्षेत्र में एक गंभीर सड़क हादसे में 8वीं कक्षा के छात्र उज्ज्वल कुमार की मौत हो गई. उज्ज्वल के साथ घायल हुआ उसका साथी प्रियांशु अभी पटना मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में इलाजाधीन है. उज्ज्वल के परिवार ने पड़ोसी गोलू और सुमित पर हत्या का आरोप लगाया है. उज्ज्वल की मां गौरी देवी ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे को पिछले चार दिन से घर में रखा था, क्योंकि गोलू उसे गलत संगत में ले जा रहा था. उन्होंने गोलू से बेटे को बाइक नहीं देने की भी गुहार लगाई थी, लेकिन गोलू ने नहीं माना. शाम को गोलू ने उज्ज्वल को मसौढ़ी भेजा, जहां उनका बाइक दुर्घटना हुई.

### चोरी हुए बच्चे सीतामढ़ी से बरामद किये गये

**पटना।** जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर दस से चोरी हुए बच्चे को रेल पुलिस ने सीतामढ़ी के खैरवा गांव से बरामद कर लिया है. इस मामले में दो आरोपियों, दीनानाथ शाह और टिंकू कुमार को गिरफ्तार किया गया है. रेल एसपी अमृतेंदु शेखर ठाकुर ने बताया कि दीनानाथ शाह ने बच्चे को चोरी कर 2 लाख 70 हजार रुपये में टिंकू कुमार को बेच दिया था. घटना 30 जून की है, जब सीतामढ़ी के मालीपुर गांव की राधा देवी अपने पति से झगड़े के बाद पटना जंक्शन पर ट्रेन का इंतजार कर रही थीं. इस दौरान दीनानाथ शाह ने बच्चे के साथ दोस्ती की और खाना-पानी देकर उसे बहला-फुसला कर ले गया.

## बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार की राज्यपाल से अहम बैठक

# विवि में कुलपतियों की नियुक्ति पर चर्चा

**शुभम संदेश।पटना**

बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की. यह बैठक राजभवन में सुबह लगभग 10:30 बजे हुई और करीब 15 मिनट तक चली. दोनों के बीच यह मुलाकात ऐसे समय हुई है जब बिहार की राजनीतिक पार्टियां चुनाव की रणनीतियों में लगी हैं और जल्द ही चुनाव की घोषणा भी हो सकती है. सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक का मकसद राजनीतिक नहीं था बल्कि राज्य के विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति से जुड़ा था. बिहार के कई विश्वविद्यालयों में कुलपतियों के चयन और बदलाव की प्रक्रिया शेष है, जिसे चुनाव से पहले पूरा करना जरूरी माना जा रहा है. मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने उच्च शिक्षा के इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की ताकि उपयुक्त निर्णय लिया जा सके.



बिहार में अक्टूबर-नवंबर 2025 में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, लिहाजा सरकार विधानसभा चुनाव से पहले सभी विभागों के साथ-साथ शिक्षा जगत से जुड़े मुद्दों को अंतिम रूप देने में जुटी है. इसमें विश्वविद्यालयों को समय पर आवश्यक फंड उपलब्ध कराना, नियुक्ति प्रक्रिया को त्वरित बनाना और शैक्षिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाना प्रमुख हैं. कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर विशेष रूप से सक्रियता दिखाई जा रही है ताकि ये फैसले चुनाव के पूर्व हो सकें. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान इस वर्ष से बिहार के राज्यपाल हैं, इससे पहले वे 2022 से 2025 तक केरल के राज्यपाल रह चुके हैं. वे केंद्रीय राजनीति में भाजपा के महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य कर चुके हैं. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्यपाल के बीच यह संवाद बिहार के उच्च शिक्षा क्षेत्र के सुधार और सुचारू संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. इस बैठक से यह भी संकेत मिलता है कि चुनाव से पहले प्रशासनिक मामलों को व्यवस्थित करने की कोशिशें तेज हो गई हैं.

## सीएम ने गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का किया निरीक्षण

**संवाददाता ।पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पटना के आसपास गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का सड़क मार्ग से निरीक्षण किया. उन्होंने अटल पथ होते हुए जेपी गंगा पथ का दौरा किया और गाय घाट तक पहुंचकर गंगा नदी के जलस्तर में हो रही वृद्धि का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने जेपी गंगा पथ के किनारे चल रहे पौधरोपण और सौंदर्यीकरण कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को इसे बेहतर तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री ने दीघा घाट पर भी रुकर वहां से सोनपुर तक जेपी सेतु के समानांतर बन रहे नए छह लेन पुल के निर्माण कार्य का अवलोकन किया. इस नए पुल के निर्माण को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली. मुख्यमंत्री ने बताया कि इस पुल के बन जाने से पटना से सारण प्रमंडल की ओर जाने वाले लोगों को काफी सुविधा होगी और उत्तर बिहार व दक्षिण बिहार के बीच आवागमन सुगम होगा. साथ ही महात्मा गांधी सेतु और जेपी सेतु पर वाहनों के दबाव में कमी आएगी. नीतीश कुमार ने जेपी गंगा पथ के दीघा घाट, कृष्णा घाट और गांधी घाट पर रुककर गंगा नदी के आसपास के इलाकों की भी समीक्षा की. गंगा नदी के जलस्तर में हो रही वृद्धि को लेकर उन्होंने अधिकारियों को सतर्क रहने और आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि किसी भी आपदा की स्थिति से पहले बचाव किया जा सके. इस निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सचिव कुमार रवि, पटना प्रमंडल के आयुक्त डॉ. चंद्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. मौजूद थे.

## सपना कुमारी ने विश्व पुलिस गेम्स 2025 में जीते तीन मेडल

**एजेंसियां ।आरा**

सपना कुमारी ने सीमा सुरक्षा बल का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी बहुमूल्य उपलब्धि दर्ज की है. उन्होंने 21वें विश्व पुलिस गेम्स 2025 में तीरंदाजी की तीन अलग-अलग श्रेणियों में दो स्वर्ण और एक रजत मेडल जीतकर बिहार और भारत का गौरव बढ़ाया है. यह प्रतियोगिता 27 जून से 6 जुलाई तक अमेरिका के बर्मिंघम, अलबामा में आयोजित की गई थी, जहां सपना ने अपने कौशल और धैर्य का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया.

सपना कुमारी की इस जीत को न केवल सीमा सुरक्षा बल बल्कि पूरे देश ने गर्व से स्वीकार किया है. बिहार खेल विभाग और राज्य प्रशासन ने इस उपलब्धि को अत्यंत प्रेरणादायक बताया है. अधिकारियों ने कहा कि सपना की सफलता



सीमा सुरक्षा बल में कार्यरत खिलाड़ियों के लिए एक मिसाल और प्रोत्साहन का स्रोत है. राज्य सरकार और खेल संस्थान भी सपना को सम्मानित करने की तैयारी में जुट गए हैं. उनकी इस कामयाबी से बिहार को एक नया खेल सितारा मिला है, जिसकी चर्चा पूरे राज्य में हो रही है. सपना की जीत से युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ा है और यह बिहार के खेल क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बनी है.

## विस चुनाव से पहले भाजपा को नालंदा जिले से बड़ा झटका

# छोटे मुखिया ने थामा कांग्रेस का दामन

**शुभम संदेश।पटना**

बिहार में विधानसभा चुनाव की दस्तक के साथ ही सियासी दलों के बीच जोड़-तोड़ की प्रक्रिया तेज हो गई है. इसी कड़ी में भाजपा को नालंदा जिले से बड़ा झटका लगा है. चर्चित और पुराने नेता कौशलेंद्र कुमार उर्फ छोटे मुखिया ने भाजपा छोड़कर गुरुवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया. यह कदम राजनीतिक गलियारों में बदलाव की शुरुआत माना जा रहा है. नालंदा जिले के बिहारशरीफ में राजेन्द्र आश्रम में आयोजित एक मिलन समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में छोटे मुखिया ने कांग्रेस में विधिवत प्रवेश किया.

इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं बिहार सह प्रभारी देवेंद्र यादव, मध्यप्रदेश के एक विधायक के रूप में मौजूद रहे. देवेंद्र यादव ने इस बदलाव को ₹व्यक्ति नहीं, बल्कि जनमानस की सोच में बदलाव₹



बताया. उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि भले ही नालंदा नीतीश कुमार का गृह जिला हो, लेकिन अब यहां की हवा बदल रही है और लोग उनके विकास मॉडल से ऊब चुके हैं. देवेंद्र यादव ने आगामी विधानसभा चुनाव में गठबंधन की ओर से नालंदा की सभी सातों सीटों पर मजबूत उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया और भाजपा-जदयू गठबंधन को हराने के इरादे जाहिर किए. वहीं, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य दिलीप कुमार ने कहा कि छोटे मुखिया जैसे जमीनी नेता कांग्रेस को मजबूती देंगे और संगठन को नया रक्त प्रदान करेंगे. कौशलेंद्र कुमार, जो कि भाजपा के पुराने और प्रभावशाली कार्यकर्ता रहे हैं, खासतौर पर पिछड़े और ग्रामीण वर्ग में उनकी अच्छी-खासी पकड़ है. उनके कांग्रेस में शामिल होने से भाजपा की पकड़ नालंदा की शहरी और अर्ध-ग्रामीण सीटों पर कमजोर पड़ सकती है. कांग्रेस के अंदर इसे बदलाव की शुरुआत माना जा रहा है और पार्टी नेताओं को उम्मीद है कि छोटे मुखिया के समर्थक भी कांग्रेस की ओर झुकाव बढ़ाएंगे.

## न्यूज अपडेट

### पटना में बनेगा भारत का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियमः मोइनुल हक स्टेडियम का पुनर्विकास

**पटना।** पटना का मोइनुल हक स्टेडियम का पुनर्विकास एक बड़े और आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम के रूप में होने जा रहा है. यह स्टेडियम गुजरात के नरेंद्र मोदी स्टेडियम के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम बनेगा, जिसकी अनुमानित लागत 500 करोड़ रुपये है. बिहार क्रिकेट एसोसिएशन और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सहयोग से इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण अगस्त 2025 में शुरू होने की उम्मीद है. टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है और तीन साल के भीतर परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. नया मोइनुल हक स्टेडियम 40,000 दर्शकों की क्षमता वाला विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स होगा, जो आईसीसी और बीसीसीआई के सभी मानकों पर खरा उतरेगा. स्टेडियम में दो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान, जिम, ड्रेसिंग रूम, स्पा, प्रैक्टिस नेट, वीडियो विश्लेषण सुविधा, हॉस्टल, इनडोर प्रैक्टिस एरिया और सेमिनार हॉल जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी. इसके अलावा, परिसर में बैडमिंटन वॉलीबॉल कोर्ट, फाइव-स्टार होटल और क्लब हाउस भी बनाए जाएंगे, जो इसे एक बहुआयामी खेल केंद्र बनाएंगे.

### बिश्नोई के नाम पर रंगदारी मांगने वाले गिरफ्तार

**कटिहार।** पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया, जिन्होंने कुख्यात अपराधी लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर रंगदारी मांगी थी. यह मामला सहायक थाना क्षेत्र ललियाही शिवाजी नगर का है, जहां पीड़ित परिवार को व्हाट्सएप कॉल के जरिए 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई और न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई. इस गंभीर मामले को देखते हुए कटिहार के एसपी के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई. एएसपी अभिजीत कुमार सिंह ने बताया कि तकनीकी अनुसंधान और एसटीएफ की मदद से पुलिस ने किशनगंज से अभिमन्यु कुमार उर्फ मन्नू को गिरफ्तार किया. पूछताछ में उसके साथी अमर कुमार उर्फ अमन कुमार का नाम सामने आया, जिसे ललियाही से गिरफ्तार किया गया. जांच में पता चला कि रंगदारी मांगने के पीछे जमीन विवाद था. अमर और अभिमन्यु ने पीड़ित परिवार को डराने के लिए लॉरेंस बिश्नोई का नाम लिया ताकि धमकी ज्यादा प्रभावशाली लगे. इस मामले में पुलिस की कड़ी कार्रवाई से रंगदारी मांगने की साजिश नाकाम हो गई है और दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है.

### सोन नहर में डूबे किसान की डेड बॉडी बरामद

**पटना।** सोन नहर में डूबे किसान रामानुज यादव की डेड बॉडी गुरुवार सुबह एसडीआरएफ टीम ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी. रामानुज यादव भेहड़िया इंग्लिश गांव के निवासी थे. घटना बुधवार को तब हुई, जब वे नहर पर बने असुरक्षित बांस के चचरी पुल से गुजर रहे थे और उनका पैर फिसलकर तेज बहाव वाली नहर में गिर गया. स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस और गोताखोरों ने खोजबीन की, लेकिन तेज बहाव के कारण बुधवार रात तक बॉडी नहीं मिल सकी. गुरुवार सुबह जलपुरा गांव के पास एसडीआरएफ की टीम ने नहर से उनकी डेड बॉडी बरामद की. घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई. भेहड़िया इंग्लिश गांव के लोग बताते हैं कि गांव तक जाने के लिए कोई पक्का पुल नहीं है, इसलिए उन्हें असुरक्षित बांस के चचरी पुल पर ही गुजरना पड़ता है. यह पुल हादसों का मुख्य कारण है. ग्रामीणों ने अधिकारियों से कई बार पक्का पुल बनाने की मांग की है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है.

### कैदियों को जेल निर्माण कार्यों में मिलेगी प्राथमिकता

**पटना।** बिहार सरकार ने जेलों में सश्रम कारावास काट रहे कैदियों के पुनर्वास और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है. बिहार विधानसभा की कारा सुधार समिति ने फैसला लिया है कि राज्य की जेल परिसरों में हो रहे निर्माण कार्यों में कैदियों को प्राथमिकता दी जाएगी. इस योजना का उद्देश्य कैदियों को रोजगार उपलब्ध कराना और उनकी आत्मनिर्भरता बढ़ाना है. इस पहल की शुरुआत भागलपुर जेल से होगी, जहां कैदियों की कुशलता के आधार पर एक सूची तैयार की गई है. इस सूची में राजमिस्त्री, प्लंबर, बढ़ई, इलेक्ट्रीशियन जैसे कार्यों में दक्ष कैदियों को शामिल किया गया है. निर्माणाधीन भवन परियोजनाओं में इन कैदियों को काम दिया जाएगा, जिससे जेलों की आधारभूत संरचना भी बेहतर होगी.

## कारोबार

### इंडियन बैंक और पीएनबी ने मिनिमम बैलेंस चार्ज खत्म किए

**नयी दिल्ली।** इंडियन बैंक ने 7 जुलाई से अपने सभी सेविंग्स बैंक अकाउंट्स में मिनिमम बैलेंस चार्ज पूरी तरह से हटा दिए हैं. अब चाहे ग्राहक के खाते में तयशुदा बैलेंस न हो, फिर भी कोई जुर्माना नहीं लगेगा. पंजाब नेशनल बैंक ने भी 1 जुलाई से सभी सेविंग्स अकाउंट्स में मिनिमम एवरेज बैलेंस नहीं रखने पर लगने वाला पेनल्टी चार्ज खत्म कर दिया है. इंडियन बैंक का कहना है कि यह कदम ज्यादा से ज्यादा लोगों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ने के लिए उठाया गया है.

### जून में 10 माह के उच्चतम स्तर पर पहुंचा पीएमआई

**नयी दिल्ली।** जून 2025 में भारतीय सेवा क्षेत्र ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 10 महीने का उच्चतम स्तर छू लिया है. एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज द्वारा जारी परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) के मुताबिक, जून में सेवा क्षेत्र का पीएमआई 58.8 से बढ़कर 60.4 पर पहुंच गया. पीएमआई इंडेक्स के 50 से ऊपर रहने का मतलब है कि आर्थिक गतिविधियों में विस्तार हो रहा है. एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने बताया कि घरेलू ऑर्डरों में तेज बढ़त और निर्यात ऑर्डरों में सुधार के कारण यह उछाल देखने को मिला है.

### एक साथ कई स्टार्टअप्स में नौकरी करने से बवाल

**नयी दिल्ली।** भारत के सॉफ्टवेयर इंजीनियर सोहम पारेख इन दिनों एक बड़े विवाद का केंद्र बन गए हैं. उन पर आरोप है कि उन्होंने एक साथ कई स्टार्टअप्स में नौकरी की और हर कंपनी को अपनी सच्चाई बताए बिना गुमराह किया. इस तरह बिना जानकारी दिए एक से ज्यादा कंपनियों में काम करना ₹मूनलाइटिंग₹ कहलाता है, जो कॉर्पोरेट नैतिकता के खिलाफ माना जाता है. इस विवाद की शुरुआत अमेरिका के प्रसिद्ध टेक एंटरप्रेन्योर सुहैल दोशी की एक्स पोस्ट से हुई, जिसमें उन्होंने दावा किया कि सोहम उनके स्टार्टअप सहित 3-4 कंपनियों में एक साथ काम कर रहे थे.

## भारत के लिए मुश्किल वक्त : रूस से ले रहा सस्ता तेल

# रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद बदला वैश्विक तेल व्यापार

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

फरवरी 2022 में जब रूस ने यूक्रेन पर हमला किया, तब वैश्विक तेल बाजार में भारी उथल-पुथल हुई. पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाने शुरू कर दिए, जिसके कारण रूस को अपने कच्चे तेल का नया बाजार ढूंढ़ना पड़ा. भारत और चीन ने इसका फायदा उठाया और रूस से सस्ता तेल खरीदना शुरू किया. जल्द ही भारत रूस का सबसे बड़ा खरीदार बन गया. भारत, जो पहले रूस से 1% से भी कम तेल मंगाता था, अब अपनी जरूरत का लगभग 40-44% तेल रूस से ले रहा है. 2024-25 में भारत और रूस के बीच व्यापार 68.7 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो महामारी से पहले केवल 10 बिलियन डॉलर था. दोनों देशों का लक्ष्य 2030 तक इसे 100 बिलियन डॉलर से अधिक तक ले जाना है. मई 2025 में



भारत ने रूस से रोजाना 19.6 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा और जून में यह संख्या 22 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंचने की योजना थी. हालांकि रूस ने शुरुआत में भारत को भारी छूट पर तेल बेचा था, लेकिन समय के साथ यह छूट कम होती गई. अब यह स्थिति भारत के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है. अमेरिका, जो रूस की अर्थव्यवस्था पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है, रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर कड़ा रुख अपना सकता है. अमेरिकी सीनेटर ग्राहम लिंडसे ने एक नया बिल पेश किया है, जिसके अनुसार जो देश रूस से तेल और गैस खरीदते रहेंगे और यूक्रेन की आर्थिक या सैन्य मदद नहीं करेंगे, उन पर अमेरिका 500% तक टैक्स लगा सकता है. अगर यह बिल पारित होता है, तो भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में भारी टैक्स लगाया जा सकता है, जिससे भारत को बड़ा आर्थिक नुकसान हो सकता है.

अमेरिका भारत का प्रमुख व्यापारिक भागीदार है. भारत अमेरिका को अरबों डॉलर का सामान निर्यात करता है. फिलहाल ट्रंप प्रशासन द्वारा भारत पर लगाया गया 26% टैरिफ स्थगित है, लेकिन अगर भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द नहीं हुआ तो 9 जुलाई से यह टैरिफ लागू हो सकता है. इससे भारतीय वस्तुएं अमेरिकी बाजार में महंगी हो जाएंगी और प्रतिस्पर्धा में पीछे रह सकती हैं. एक रिपोर्ट के अनुसार ट्रंप की टीम ने बिल को थोड़ा नरम बनाने की कोशिश की है. वे चाहते हैं कि बिल में सैल शब्द को मे में बदला जाए, जिससे टैक्स लगाना अनिवार्य न रहकर एक विकल्प बन जाए. हालांकि, इस बिल को अब तक 84 सीनेटरों का समर्थन मिल चुका है, और यह जुलाई ब्रेक के बाद सीनेट में पेश किया जा सकता है.

### नथिंग ने भारत में लॉन्च किया अपना पहला ट्रू फ्लैगशिप फोन

**एजेंसियां ।नयी दिल्ली**

लंदन स्थित तकनीकी कंपनी नथिंग ने भारत में दो नए उत्पादों की घोषणा की है - अपना पहला ट्रू फ्लैगशिप स्मार्टफोन, नथिंग फोन (3), और अपना पहला ओवर-ईयर ऑडियो डिवाइस, नथिंग हेडफ़ोन (1). ये दोनों प्रोडक्ट नथिंग के डिज़ाइन और इनोवेशन की भावना को दर्शाते हैं, जो उपभोक्ता तकनीक को नए तरीके से परिभाषित करते हैं. नथिंग फोन (3) परफ़ॉर्मेंस और स्टाइल का नया मिश्रण है, जिसे तकनीकी अनुभव को जीवंत बनाने के लिए तैयार किया गया है. इसमें प्रो-ग्रेड ट्रिपल कैमरा सेटअप शामिल है, जो लो-लाइट फोटोग्राफी में बेहतर परिणाम देता है, लॉसलेस ऑप्टिकल ज़ूम के साथ आता है और सभी लेंस 4के 60एफपीएस सिनेमैटिक वीडियो रिकॉर्डिंग के लिए क्लास-लीडिंग 1/1.3" मुख्य सेंसर से लैस हैं. साथ ही, फोन में फुल ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइज़ेशन भी मौजूद है. फोन का 6.67 इंच का वाइब्रेंट एमोलेड डिस्प्ले अल्ट्रा-नैरो बेज़ेल्स के साथ आता है, जो देखने के अनुभव को और अधिक इमर्सिव बनाता है. इसके अंदर शक्तिशाली स्नैपड्रैगन 8s जन 4 चिपसेट है, जो स्मूद परफ़ॉर्मेंस सुनिश्चित करता है. नथिंग का ग्लिफ़ मैट्रिक्स यूज़र को महत्वपूर्ण सूचनाएँ एक नजर में दिखाता है, साथ ही फ्लिप टू रिकॉर्ड और ग्लिफ ट्वाय जैसे इंटरैक्टिव फीचर्स भी शामिल हैं. डिज़ाइन के मामले में, फोन (3) का नया ट्राई-कॉलम लेआउट और आर-एंगल शेप एर्गोनॉमिक्स को बेहतर बनाता है. इसके सामने की तरफ़ सिर्फ 1.87 मिमी पतले बेज़ेल्स हैं, जो फोन (2) की तुलना में 18% पतले हैं, जिससे यह एक शार्प और प्रीमियम लुक देता है. नथिंग का यह कदम भारतीय बाजार में स्मार्टफोन और ऑडियो प्रोडक्ट्स की दुनिया में एक नया मील का पत्थर साबित होगा.

### भारत चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनकर मजबूती से आगे बढ़ रहा है

**नयी दिल्ली।** चीन मंदी की मार झेल रहा है, वहीं अमेरिका अपने बढ़ते कर्ज के बोझ से परेशान है. ऐसे में जब डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता संभाली, तो अमेरिकी कमाई बढ़ाने के लिए टैरिफ हथियार के रूप में इस्तेमाल किए. दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं जहां लड़खड़ा रही हैं, वहीं भारत चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनकर मजबूती से आगे बढ़ रहा है. यही भारत की तरक्की चीन और अमेरिका जैसे देशों को हजम नहीं हो रही है. पहले ट्रंप ने ऐप्पल की मैन्युफैक्चरिंग भारत से बाहर ले जाने की कोशिश की और अब चीन उसी राह पर चल रहा है. चीन पहले भी भारत को परेशान करने के लिए कई कदम उठा चुका है—जैसे रेयर अर्थ मैग्नेट्स और स्पेशियलिटी फर्टिलाइजर्स की सप्लाई रोकना. अब चीन ने भारत में 'मेड इन इंडिया' आईफोन निर्माण पर वार किया है. वह जरूरी मशीनों की डिलीवरी में देरी कर रहा है और ताजा कदम के तहत, फॉक्सकॉन की भारतीय यूनिट से 300 चीनी इंजीनियरों को वापस बुला लिया है.

### सोने में भारी निवेश बढ़ा, तकनीकी रूप से जोखिम भी बढ़ा

**नयी दिल्ली।** पिछले 6 से 12 महीनों में दुनिया भर में सोने में भारी निवेश देखा गया है. इसकी प्रमुख वजहें अमेरिका में चुनाव, भूराजनीतिक तनाव, अचानक टैक्स बदलाव और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में बाधाएं हैं, जैसे रेयर अर्थ मेटल और जरूरी कच्चे माल पर चल रही बहस. ऐसे अनिश्चित समय में निवेशक सुरक्षित विकल्पों, खासकर सोना और अमेरिकी डॉलर की ओर रुख करते हैं, जो मुश्किल दौर में स्थिरता प्रदान करते हैं. यह बात एएस के मैनेज्ड अकाउंट हेड रंजनु राजन ने कही. गुरुवार को भारत के वायदा बाजार में सोने की कीमत में हल्की बढ़त आई. अमेरिकी जॉब डेटा से पहले निवेशकों की सतर्कता के कारण तेजी सीमित रही. सुबह 9:05 बजे एमसीएक्स पर अगस्त डिलीवरी वाला सोना 0.06% बढ़कर 97,452 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा था.

### वैलेंसिया इंडिया के शेयर ने दिया अपने निवेशकों को जोर का झटका

**नयी दिल्ली।** वैलेंसिया इंडिया का शेयर आज बीएसई पर अपनी शुरुआत के दौरान निवेशकों की उम्मीदों पर पानी फेर गया. कंपनी का एसएमई आईपीओ 110 रुपये प्रति शेयर के प्राइस बैंड पर लॉन्च हुआ था, लेकिन शेयर लिस्टिंग के दिन मात्र 88 रुपये पर खुला. इसके बाद 5% का लोअर सर्किट लगते ही शेयर 83.60 रुपये तक गिर गया. इस आईपीओ के जरिए कंपनी ने कुल 48.95 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा था, जिसमें 40 लाख शेयर फ्रेश इश्यू और 4.95 करोड़ रुपये का ऑफर फॉर सेल शामिल था. निवेशकों को कम से कम 1,200 शेयर का एक लॉट खरीदना था, जिसकी शुरुआत 1.32 लाख रुपये से होती थी, लेकिन लिस्टिंग पर शेयर के गिरने से एक लॉट की कीमत 1.056 लाख रुपये रह गई, जिससे निवेशकों को प्रति लॉट 26,400 रुपये का नुकसान हुआ. वैलेंसिया इंडिया का कारोबार रियल एस्टेट, निर्माण, खाद्य और गैर-खाद्य आयात-निर्यात तथा हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में फैला हुआ है.

### मॉयल ने जून में रिकॉर्ड मैंगनीज उत्पादन किया

**नयी दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाली मैंगनीज अयस्क उत्पादन कंपनी मॉयल (एमओआईएल) ने जून 2025 में अब तक का सर्वाधिक 1.68 लाख टन मैंगनीज अयस्क उत्पादन कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है. कंपनी की मजबूत वृद्धि दर को देखते हुए यह उपलब्धि काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है. कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में कुल 5.02 लाख टन अयस्क का उत्पादन किया, जो अब तक की सबसे उच्च तिमाही उत्पादन दर है. यह आंकड़ा पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है. मॉयल न केवल उत्पादन में बल्कि खोज कार्यों (एक्सप्लोरेशन) में भी अग्रणी रही है.

## नई कंपनी | मुकेश अंबानी की कंपनी आरआईएल के कारोबार में होगा बदलाव

# एफएमसीजी को न्यू आरसीपीएल में किया जाएगा शामिल

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

भारत और एशिया के सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड अपने एफएमसीजी कारोबार में बड़ा बदलाव करने जा रही है. इस बदलाव के तहत, रिलायंस अपने सभी एफएमसीजी ब्रांड्स को एक नई कंपनी में समाहित करेगी जिसका नाम होगा न्यू रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल). यह कंपनी सीधे तौर पर आरआईएल की सहायक इकाई होगी, ठीक वैसे ही जैसे जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड है. 25 जून को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने इस पुनर्गठन को मंजूरी दी. आदेश में कहा गया है कि एफएमसीजी ब्रांड्स का संचालन एक अलग विशेषज्ञता और रणनीति की मांग




करता है, जो पारंपरिक रिटेल से भिन्न है. इसलिए इसे अलग कंपनी में लाना उचित होगा. इस कदम से उन निवेशकों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी जो विशेष रूप से एफएमसीजी क्षेत्र में रुचि रखते हैं.

आरसीपीएल के डायरेक्टर और एफएमसीजी प्रमुख टी कृष्णकुमार ने बताया कि कंपनी की रणनीति 60 करोड़ उपभोक्ताओं को टारगेट करने और पड़ोस की दुकानों के साथ मिलकर काम करने की है. उन्होंने कहा कि 2027 तक एफएमसीजी कारोबार को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार देने का लक्ष्य है. आरसीपीएल अपने उत्पादों को कोका-कोला, मोंडेलेज और हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी कंपनियों के मुकाबले 20-40% सस्ती कीमत पर बेचती है और ट्रेड मार्जिन अधिक देती है, जिससे दुकानदारों को ज्यादा लाभ होता है.

मुकेश अंबानी पहले ही रिटेल और टेलीकॉम कारोबार के लिए आईपीओ लाने की बात कह चुके हैं. एफएमसीजी कारोबार को अलग करने से आरआरवीएल की वैल्यूएशन और भी बढ़ सकती है, जो फिलहाल $100 बिलियन से अधिक आंकी गई है. अगर आईपीओ आता है, तो यह हाल के वर्षों का सबसे बड़ा पब्लिक इश्यू बन सकता है. रिलायंस का एफएमसीजी कारोबार 2023-24 में 11,500 करोड़ का रहा. इसमें कैम्पा (सॉफ्ट ड्रिंक), इंडिपेंडेंस (पैकेज्ड ग्रोसरी), रावलगांव (कन्फेक्शनरी) समेत 15 से अधिक ब्रांड्स शामिल हैं. कंपनी ने सिल (जैम और सॉस), सोस्यो (रीजनल बेवरेज), वेलवेट्ट (शैम्पू) जैसे ब्रांड्स का भी अधिग्रहण किया है.

## न्यूज अपडेट

### बाली के पास नौका डूबी, तीन की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के रिसॉर्ट द्वीप बाली के पास एक नौका के डूब जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और 58 अन्य लापता हो गए. खोज और बचाव दल लापता यात्रियों की तलाश कर रहा है. दल ने चार लोगों को बचा लिया है. चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार, यह नौका दुर्घटना बुधवार को आधी रात से कुछ पहले हुई. एक वरिष्ठ बचाव अधिकारी ने आज सुबह इसकी पुष्टि की. बाली में खोज और बचाव कार्यालय के प्रमुख आई न्योमन सिदकार्या के अनुसार, यह नौका बाली और पूर्वी जावा प्रांत के बीच समुद्री सीमा पर ऊंची लहरों से टकराकर डूब गई. उन्होंने कहा कि तीन लोगों की मौत हो गई. चार अन्य को जीवित बचा लिया गया.

### जामा मस्जिद मामले की सुनवाई 21 को

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के संभल में हरिहर मंदिर और शाही जामा मस्जिद के बीच चल रहे विवाद में एक नया विकास सामने आया है. चंदौसी कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख 21 जुलाई तय की है. इससे पहले, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका को खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट के सर्वे आदेश को सही ठहराया था. यह विवाद पिछले साल 24 नवंबर 2024 को तब सुर्खियों में आया था जब सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 29 पुलिसकर्मी घायल हुए थे. सर्वे और हिंसा के बाद पुलिस ने सख्त कार्रवाई की. अब तक 96 आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है, जबकि 2750 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. विशेष जांच दल ने 1100 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें 22 लोगों को आरोपी बनाया गया है.

### पटाखा गोदाम में विस्फोट, लगी आग

**कैलिफोर्निया।** संयुक्त राज्य अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के योलो काउंटी में एक पटाखा गोदाम में हुए विस्फोट के बाद आग लग गई. इस गोदाम में आतिशबाजी की सामग्री और उपकरण रखे हुए थे. देखते ही देखते यह आग लगभग 80 एकड़ में फैल गई. विस्फोट के समय गोदाम में मौजूद रहे लोगों में सात अभी तक लापता हैं. यह गोदाम सेक्रामेंटो के उत्तर-पश्चिम में एस्पार्टो क्षेत्र में है. सूचना मिलते ही अग्निशमन दल के जवान शाम करीब 5:50 बजे पहुंचे. तब रुक-रुक कर विस्फोट हो रहे थे और आग की लपटों से कई इमारतें घिरी हुई थीं. एस्पार्टो फायर प्रोटेक्शन डिस्ट्रिक्ट के प्रमुख कर्टिस लॉरेंस ने बताया कि हेलीकॉप्टर से बनाए गए वीडियो में गोदाम में आग लगने से पहले छत से सफेद धुआं निकलता दिखाई दिया.

### न्यू जर्सी में विमान दुर्घटनाग्रस्त, 15 घायल

**न्यू जर्सी।** संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्वी तट पर स्थित प्रांत न्यू जर्सी के विलियम्सटाउन में एक हवाई अड्डे के पास हुई स्काईडाइविंग विमान दुर्घटना में 15 लोग घायल हो गए. यह विमान हादसा टुकाहो रोड पर घने जंगल में हुआ. द मिरर यूएस अखबार की खबर के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि यह स्काईडाइविंग विमान बुधवार शाम क्रॉस कीज हवाई अड्डे के पास जंगल में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इसमें 15 लोग सवार थे. घायलों को कैमडेन के एक अस्पताल में पहुंचाया गया. ग्लूसेस्टर काउंटी कार्यालय ने इस दुर्घटना की पुष्टि की. इससे पहले रविवार को ओहियो हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से छह लोगों की मौत हो गई.

### पीएम को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की चार साल पहले की गईं 52 संवैधानिक नियुक्तियों को सुप्रीम कोर्ट ने वैध करार देते हुए उन्हें बड़ी राहत दी है. सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच ने 3-2 के बहुमत से फैसला सुनाया. प्रधानमंत्री ओली के पिछले कार्यकाल में संसद के विघटन के बाद भी देश के सभी महत्वपूर्ण संवैधानिक पदों पर नियुक्ति की गई थीं. इसके लिए अध्यादेश लाते हुए संवैधानिक परिषद के बैठकों की नियमावली बदली गई थी. ओली के इस फैसले के खिलाफ में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायक करते हुए नियुक्तियों को रद्द करने की मांग की गई थी. चार साल तक संवैधानिक बेंच में इसकी सुनवाई हुई. लगातार बैठक के बाद संवैधानिक बेंच ने फैसले में सभी 52 नियुक्तियों को वैध करार दिया.

### 33 नई तकनीकों से लैस होगी सेना : शर्मा

**शिमला।** भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप भारतीय सेना अब खुद को आधुनिक बना रही है. युद्ध के बदलते स्वरूप को देखते हुए सेना प्रशिक्षण कमान (आरट्रैक) वर्ष 2027 तक ड्रोन समेत 33 नई तकनीकों में जवानों को प्रशिक्षित करेगी. यह जानकारी सेना प्रशिक्षण कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी), लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा, पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएम ने गुरूवार को शिमला में आयोजित आरट्रैक अलंकरण समारोह 2025 के दौरान दी. लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि आज युद्ध केवल पारंपरिक हथियारों से नहीं लड़े जाते, बल्कि तकनीक इसकी दिशा और परिणाम तय कर रही आरट्रैक द्वारा 15 प्रमुख प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों को नई तकनीकों में विशेषज्ञता के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है.



## बर्फीली चोटियों और सुंदर वादियों के लिए जाना जाता है हिमाचल प्रदेश

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश, जो अपनी बर्फीली चोटियों और सुंदर वादियों के लिए जाना जाता है, अब लगातार प्राकृतिक आपदाओं की चपेट में आ रहा है. भूस्खलन, बाढ़ और बादल फटने की घटनाएं अब आम हो गई हैं, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हो रहा है और पर्यटन भी प्रभावित हो रहा है. पिछले 100 वर्षों में हिमाचल का तापमान 1.6सी बढ़ा है. इससे वर्षा का स्वरूप बदल गया है. अब कम समय में अत्यधिक वर्षा होती है. 2023 में कुल्लू में सामान्य से 180% अधिक बारिश हुई, जिससे बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ीं. 2024 में हिमाचल में 18 बादल फटने की घटनाएं दर्ज की गईं. गर्म हवा और नमी की अधिकता ने इन घटनाओं की आवृत्ति बढ़ा दी है. हिमालय एक युवा और अस्थिर पर्वत श्रृंखला है. किन्नौर जैसे जिलों में 90% जंगल गैर-वन गतिविधियों के लिए नष्ट किए गए, जिससे मिट्टी का कटाव बढ़ा. पर्यटन के लिए होटलों और सड़कों का निर्माण भी पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है. इकोटूरिज्म को बढ़ावा देना, जंगलों का संरक्षण, वैज्ञानिक निर्माण तकनीकों का उपयोग, सख्त पर्यावरणीय प्रभाव आकलन और अर्ली वार्निंग सिस्टम जैसे कदम जरूरी हैं. साथ ही, स्थानीय लोगों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देना और विकास को पर्यावरण के अनुकूल बनाना अनिवार्य है.

### कभी अच्छे दोस्त थे, अब दुश्मनी की राह पर चले दोनों देश

## रूस-अजरबैजान के रिश्तों में तनाव

**एजेंसी। मास्को**

रूस और अजरबैजान की दोस्ती किसी से छिपी नहीं थी, लेकिन अब ये दोनों देश कट्टर दुश्मन बन चुके हैं. 2020 के दूसरे नागोर्नो-कराबाख युद्ध में अजरबैजान ने आर्मेनिया को परास्त किया था. उस युद्ध के बाद, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मध्यस्थ बनकर उभरे और रूस की ही मध्यस्थता में आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच युद्धविराम समझौता हुआ. इस समझौते के तहत आर्मेनिया को अजरबैजान के भीतर कई क्षेत्रों को छोड़ना पड़ा. यह तब हुआ जब आर्मेनिया रूस के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन, सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन का सदस्य था, जो सदस्यों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है. लेकिन यूक्रेन युद्ध के चलते रूस ने आर्मेनिया को सैन्य मदद देने से इनकार कर दिया.

पुतिन ने उस समय अर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान के प्रति तिरस्कार व्यक्त किया था, क्योंकि उनके पश्चिम के साथ बढ़ते रिश्ते मास्को को पसंद नहीं थे. 2020 के युद्ध में रूस ने खुलकर अजरबैजान का समर्थन किया. रूसी अधिकारी बार-बार ऐसे बयान देते रहे, जो अजरबैजान की स्थिति को मजबूत करते थे. 2024 में पुतिन ने पहली बार अजरबैजान की यात्रा की, जो किसी रूसी राष्ट्रपति की पहली अजरबैजान यात्रा थी. इस ऐतिहासिक मुलाकात में अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने कहा था कि दोनों देश "सहयोगी, मित्र, करीबी साझेदार और पड़ोसी" बने रहेंगे. लेकिन, एक साल से भी कम समय में दोनों देशों के रिश्ते पूरी तरह बदल गए. दिसंबर 2024 में रूस में अजरबैजानी एयरलाइंस के विमान को गलती से मार गिराने के बाद तनाव शुरू हुआ.



ग्रोज्नी के पास यह हादसा हुआ, जिसमें 38 लोग मारे गए. रूसी अधिकारियों ने कहा था कि वे चेचन्या पर यूक्रेनी ड्रोन हमलों से बचाव के लिए एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय कर रहे थे और गलती से विमान निशाना बन गया. हाल ही में येकातेरिनबर्ग में एक हत्या की जांच के दौरान रूसी पुलिस ने एक घर पर छापा मारा, जहां अजरबैजान के दो भाइयों जियाद्दीन और गुसेन सफारोव की मौत हो गई. अजरबैजान में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया कि दोनों को पुलिस हिरासत में प्रताड़ित किया गया था. इस घटना ने अजरबैजान में भारी आक्रोश फैला दिया. अजरबैजान ने रूस के उप प्रधानमंत्री एलेक्सी ओवरचुक की यात्रा रद्द कर दी और रूसी सांस्कृतिक कार्यक्रमों को निलंबित कर दिया.

इसके बाद अजरबैजानी पुलिस ने रूसी राज्य समाचार एजेंसी स्पुतनिक के कार्यालय पर छापा मारा और इसके प्रमुख संपादक व निदेशक को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया. साथ ही कई रूसी नागरिकों को नशीली दवाओं की तस्करी और अन्य आरोपों में गिरफ्तार कर, मीडिया के सामने प्रताड़ित किया गया. अजरबैजानी मीडिया ने यह भी संकेत दिया कि वे देश में रूसी स्कूलों को बंद कर सकते हैं. इसके अलावा, अजरबैजानी राजनेताओं ने रूस की खुलकर आलोचना की और इसे अंधराष्ट्रवाद, भेदभाव और इस्लामोफोबिया का दोषी बताया. मिडिल ईस्ट आई की रिपोर्ट के अनुसार, कुछ पश्चिमी राजनयिक मानते हैं कि अजरबैजान जानबूझकर रूस के साथ तनाव बढ़ा रहा है ताकि अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर मॉस्को से रियायतें हासिल की जा सकें. एक पश्चिमी राजनयिक ने बताया कि इजरायल और ईरान के बीच 12 दिन के युद्ध के बाद, ईरान कमजोर हुआ है, जिससे बाकू के पास आर्मेनिया के साथ शांति समझौते पर रूसी दखलंदाजी को चुनौती देने की अधिक स्वतंत्रता है.

रिपोर्ट्स के अनुसार, तुर्की अजरबैजान को भड़का रहा है. तुर्की जानता है कि रूस प्रतिबंधों और आंतरिक दबावों से जूझ रहा है, इसलिए उसे अजरबैजान की ज्यादा जरूरत है. कई अजरबैजानी मीडिया ने बताया कि तुर्की, आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच एक समझौते की पहल कर रहा है, जिससे तथाकथित ज़ंगेज़ुर कॉरिडोर में रूस की भूमिका खत्म हो सकती है. यह गलियारा अजरबैजान की मुख्यभूमि को नखचिवान के एक्सक्लेव से जोड़ता है. 2020 के मूल समझौते के तहत इस गलियारे पर रूसी एफएसबी अधिकारियों का नियंत्रण था. इसके अलावा, तुर्की चुपचाप आर्मेनिया और अजरबैजान को शांति समझौते के लिए प्रेरित कर रहा है. तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने हाल ही में इस्तांबुल में अर्मेनियाई प्रधानमंत्री पाशिनयान की मेजबानी की, जो शीत युद्ध के बाद से किसी अर्मेनियाई नेता की पहली आधिकारिक यात्रा थी. यह संकेत है कि तुर्की क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहा है. रूस-अजरबैजान संबंधों का यह उतार-चढ़ाव क्षेत्रीय और वैश्विक शक्ति संतुलन की जटिलताओं को दर्शाता है. पुराने मित्र अब एक-दूसरे के विरोधी बन गए हैं, जिसमें पश्चिमी और तुर्की के प्रभाव का भी बड़ा हाथ है. आने वाले समय में इन घटनाओं का असर काकेशस क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता पर पड़ने की संभावना है.

## एक नजर

### जेके में 5 लाख लोगों को मिलेगा स्थायी आश्रय

**श्रीनगर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर में करीब पांच लाख ऐसे लोगों की पहचान की है, जिनके पास पक्के घर नहीं हैं. इसलिए उन्हें सरकारी योजना के तहत आवास मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है .लाभार्थियों की पहचान के लिए एक सर्वेक्षण किया गया है और सत्यापन पूरा होने के बाद आवास आवंटन शुरू हो जाएगा. सत्यापन महत्वपूर्ण है, ताकि कोई अपात्र नाम शामिल न हो. श्रीनगर में एक संवाददाता सम्मेलन में मंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अभी भी घर से वंचित लोगों को स्थायी आश्रय देने का फैसला लिया है. चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत ग्रामीण गरीबी को खत्म करने के प्रयास चल रहे हैं, खासकर महिलाओं के बीच. उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सरकार लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं की वार्षिक आय को 1 लाख रुपये से अधिक करने का लक्ष्य बना रही है. चौहान ने कहा कि यह योजना जम्मू-कश्मीर में आगे बढ़ रही है और कई महिलाएं पहले ही लखपति का दर्जा हासिल कर चुकी हैं. उन्होंने एक नई श्रेणी मिलेनियल दीदी का भी उल्लेख किया, जो वार्षिक आय 10 लाख रुपये तक की महिलाओं के लिए है

### पंजाब मंत्रिमंडल से मंत्री धालीवाल का इस्तीफा

**चंडीगढ़।** पंजाब मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री के रूप में संजीव अरोड़ा की एंट्री के कुछ समय बाद ही पुराने मंत्री कुलदीप धालीवाल ने इस्तीफा दे दिया. आज ही शपथ लेने वाले संजीव अरोड़ा को उद्योग एवं वाणिज्य, इनवेस्टमेंट प्रमोशन तथा एनआरआई मामले विभाग की जिम्मेदारी दी गई है. पंजाब विधानसभा में कुल 117 विधायक हैं, जिसके चलते यहां मुख्यमंत्री समेत 18 मंत्री बन सकते हैं. आज हुए फेरबदल के बाद भी राज्य मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या 16 है. लुधियाना पश्चिमी विधानसभा हलके से उपचुनाव जीते संजीव अरोड़ा को गुरुवार को राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ दिलाई. शपथ ग्रहण के बाद राजभवन में अभी दोपहर भोज चल रहा था कि पंजाब के एनआरआई मामलों के मंत्री कुलदीप धालीवाल के इस्तीफे की खबर आ गई. धालीवाल के विभागों में पंजाब सरकार लगातार कटौती करती रही है.

### गुवाहाटी पुलिस का राजा रघुवंशी की बहन को दिया नया समन

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी पुलिस ने कामाख्या मंदिर को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में मृतक राजा रघुवंशी की बहन श्रृष्टि रघुवंशी और एक टीवी एंकर को नया समन जारी किया है. पहले जारी नोटिस के बावजूद दोनों आरोपित पूछताछ के लिए पुलिस के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे. यह मामला क्राइम ब्रांच में केस संख्या 04/2025 के तहत दर्ज किया गया है, जिसमें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है. आरोप है कि एक टीवी इंटरव्यू के दौरान श्रृष्टि रघुवंशी की ओर से कामाख्या देवी मंदिर के संबंध में भ्रामक बयान दिए गए थे.

## माली में आतंकी हमला, तीन भारतीयों का अपहरण

**बमाको।** अफ्रीकी देश माली में तीन भारतीय नागरिकों को अगवा कर लिया गया है. केंद्र सरकार ने इस पर गहरी चिंता जताई है. केंद्र ने माली सरकार से संपर्क कर तीनों भारतीय नागरिकों की जल्द से जल्द रिहाई सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है. भारत के विदेश मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा कि यह घटना 01 जुलाई की है. अपहरण का यह वाकया उस समय हुआ जब आतंकवादी समूह अल कायदा से संबद्ध एक जिहादी समूह के आतंकवादियों ने माली के सात प्रमुख शहरों पर एक साथ हमला किया. इसलिए शक की सूई अल कायदा पर ठहर रही है. विदेश मंत्रालय के अनुसार, माली गणराज्य के कायेस में डायमंड सीमेंट फैक्टरी में कार्यरत तीन भारतीय नागरिकों को अपहृत कर लिया गया है.हथियारबंद हमलावरों के एक समूह ने फैक्टरी परिसर में हमलाकर तीन भारतीय



नागरिकों को जबरन बंधक बना लिया. केंद्र सरकार के संज्ञान में आया है कि पश्चिमी और मध्य माली के कई स्थानों पर कई सैन्य और सरकारी प्रतिष्ठानों पर पर भी आतंकवादियों ने हमला किया है. बमाको में भारतीय दूतावास माली सरकार के संबंधित अधिकारियों, स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों और डायमंड सीमेंट फैक्टरी के प्रबंधन के साथ संपर्क में है. भारतीय मिशन अपहृत भारतीय नागरिकों के परिवार के सदस्यों के साथ भी संपर्क में है. केंद्र सरकार ने माली गणराज्य की सरकार से अपहृत भारतीय नागरिकों की सुरक्षित और शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने का आह्वान किया है. इस्लाम और मुसलमानों के समर्थनकारी आतंकी समूह ने पहली जुलाई की सुबह कायेस सहित सात शहरों पर हमला किया.

### शमिक भट्टाचार्य बने पश्चिम बंगाल भाजपा के नए अध्यक्ष

**कोलकाता।** राज्यसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शमिक भट्टाचार्य को गुरुवार को पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया. वे पार्टी का नेतृत्व 2026 के विधानसभा चुनाव में करेंगे, जो अब एक साल से भी कम समय में होने वाले हैं. 61 वर्षीय भट्टाचार्य को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया. बुधवार को नामांकन की अंतिम तिथि तक किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया. पार्टी की ओर से उनकी औपचारिक घोषणा कोलकाता के साइंस सिटी में एक सम्मान समारोह के दौरान की गई. इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और चुनाव के राष्ट्रीय निर्वाचन अधिकारी रविशंकर प्रसाद मौजूद रहे.

### आयोग से मिला वाईएसआर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** देश में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले चुनाव आयोग चुनावी प्रक्रिया को मजबूत करने और राजनीतिक दलों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है. इसी क्रम में बुधवार को नई दिल्ली स्थित निर्वाचन सदन में वाई.वी. सुब्बा रेड्डी के नेतृत्व में युवजन श्रमिक रायथू (वाईएसआर) कांग्रेस पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात की और चुनाव सुधारों तथा प्रक्रिया को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए. प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी से विस्तार से चर्चा की.


NOTARY S.K. Pradhan

**शपथ पत्र**



मैं निपा सिंह (Nipa Singh) पति का नाम नीरज कुमार, उम्र लगभग 39 वर्ष धर्म हिन्दू पेशा गृहस्थी राष्ट्रीयता भारतीय साकिन ग्राम रॉंची पटना रोड नीयर फोरेस्ट ऑफिस कोडरमा पोस्ट वो थाना एवं जिला कोडरमा (झारखण्ड) शपथ पूर्वक हल्फन ब्यान करती हूँ कि:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ मेरा **आधार कार्ड संख्या 9429 2810 0286** है।
2. यह कि **आदित्य राज सिंह** पिता नीरज कुमार मेरा पुत्र है जिसका **आधार संख्या 90967168 6398** है जो ग्रिजली विद्यालय के **कक्षा 09** का छात्र है जिसका **रॉल नं० 18** है तथा **नामांकन संख्या 6668** है।
3. यह कि मेरे **पुत्र आदित्य राज सिंह** पिता नीरज कुमार के **नामांकन संख्या 6668.** मेरे पुत्र का माता का नाम **नीपा सिंह (Neepa Singh)** दर्ज है।
4. यह कि मेरा **आधार संख्या 9429 2810 0286** में मेरा नाम **नीपा सिंह (Nipa Singh)** पति का नाम नीरज कुमार दर्ज है।
5. यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र **पंजीयन संख्या 1433** निर्गत करने की तिथि **18.01.2025** में मेरा (माता के नाम) **नीपा सिंह ( Nipa Singh)** दर्ज है।
6. यह कि मै **निपा सिंह (Nipa Singh) उर्फ नीपा सिंह ( Neepa Singh )** दोनो नामो से जानी पहचानी जाती हूँ तथा दोनो नाम की एक ही व्यक्ति हूँ जो मैं ही हूँ।
7. यह कि उपरोक्त कंडिका 1 से 6 तक लिखी सारी बाते सही वो सत्य है.असत्य पाये जाने पर सारी जिम्मेवारी मेरी होगी तथा कानूनन दोषी होउँगीं।

शपथ पत्र सं. 44 दिनांक 01.07.2025


**आरएसएस**

### आरएसएस की प्रचारक बैठक की तैयारी के दौरान बोले अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर

## 28,571 लोगों ने जुड़ने के लिए दिया है आवेदन

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रचारक की महत्वपूर्ण बैठक चार जुलाई से छह जुलाई तक आयोजित होगी. इस बैठक में संघ प्रमुख मोहन भावगत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के साथ-साथ देश के 46 प्रांतों के प्रांत प्रचारक एवं सह-प्रांत प्रचारक शामिल होंगे. बैठक में देशभर से कुल 233 कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे. बैठक के आयोजन से पहले गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बैठक को लेकर कई अहम जानकारियां साझा कीं. सुनील आंबेकर ने बताया कि मार्च से अब



तक कुल 28,571 लोग आरएसएस में जुड़ने के लिए आवेदन कर चुके हैं. उन्होंने यह भी कहा कि संघ की प्राथमिकता देश के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की होती है. उन्होंने संघ पर पिछड़ों की भागीदारी कम होने के विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि संघ कोई राजनीतिक दल नहीं है, बल्कि एक देशव्यापी सामाजिक संगठन है, जो अपने कार्यकर्ताओं से लगातार संपर्क बनाए रखता है. इसीलिए संघ हर वर्ग और समुदाय के लोगों को अपने साथ जोड़ता है.

आंबेकर ने सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के हालिया बयान का समर्थन भी किया, जिसमें उन्होंने संविधान में समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता के शामिल होने पर सवाल उठाए थे. उन्होंने कहा कि सरकार्यवाह ने जो टिप्पणी की है, उस पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए. उन्होंने यह भी याद दिलाया कि आपातकाल के दौरान हुए अत्याचारों को भुलाया नहीं जा सकता, और उन पर चर्चा जरूरी है. जब जातिगत जनगणना को लेकर सवाल पूछा गया, तो आंबेकर ने स्पष्ट किया कि संघ की प्राथमिकता सामाजिक सद्भाव बनाना है. उन्होंने कहा कि जो भी जानकारी लोगों के कल्याण के लिए आवश्यक है, वह सरकार ले सकती है. उनका कहना था कि सामाजिक सद्भाव सबसे महत्वपूर्ण है और इसे बनाए रखना संघ की प्रमुख जिम्मेदारी है. कांवड़ यात्रा विवाद को लेकर जब आंबेकर से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि देश में विभिन्न धार्मिक आयोजन होते रहते हैं, जो सुचारू रूप से संपन्न होते हैं. उन्होंने यह भी कहा कि मंदिरों में भी बड़े-बड़े धार्मिक कार्यक्रम होते आए हैं. न्याय व्यवस्था पूरी तरह से कार्यरत है और सामाजिक सद्भाव बनाए रखना संघ की प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि संघ समाज के सभी वर्गों को जोड़ने वाला संगठन है और उसे लेकर कई टीका-टिप्पणियां होती रहती हैं, लेकिन लोगों का समर्थन संघ के साथ लगातार बढ़ रहा है.

बिहार में वोटर लिस्ट को लेकर उठे विवाद पर आंबेकर ने बताया कि चुनाव आयोग हर चुनाव के दौरान वोटर लिस्ट में संशोधन करता है और यह एक सामान्य प्रक्रिया है. उन्होंने कहा कि चुनावों के समय लिस्ट में संशोधन का काम चलता रहता है, और इसमें कोई नई बात नहीं है. इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरएसएस ने साफ कर दिया कि वह सामाजिक सद्भाव और देश के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखता है. साथ ही, संघ ने अपने प्रमुख दत्तात्रेय होसबोले के बयान का समर्थन करते हुए उन मुद्दों पर खुलकर चर्चा की आवश्यकता पर जोर दिया. आगामी अखिल भारतीय प्रचारक बैठक में इन विषयों पर और विस्तार से विचार-विमर्श होगा.







स्वायत्ताधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक सुरजीत सिंह द्वारा फ्लैट नंबर 48, श्रीवाटिका अपार्टमेंट, चेशायर होम रोड, रेजीमेंटल गेट नंबर 1 के सामने, पोस्ट कोकर, पीएस सदर, रांची - 834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : सुरजीत सिंह. स्थानीय संपादक : संजय सिंह*** फोन नंबर 0651-2961734. (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.**)